दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर
3 राजधानी — साकार होगा शहरी तालाबों एवं नदियों...
4 अभिव्यक्ति — समतामूलक समाज के प्रणेता गुरू...
9 मनोरंजन/व्यापार — कॉमेडी करना अजय के लिये बेहद मुश्किल...
11 खेल — टीम इंडिया को सीरीज बचाने की...

www.navpradesh.com
रायपुर, बुधवार 18 दिसम्बर, 2019, पौष कृष्ण पक्ष-सप्तमी, विक्रम संवत-2075 वर्ष-08 अंक-303 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

पड़ौसी देश आतंकिस्तान में चाहे लाख बुराईयां हो लेकिन एक खूबी जरूर है कि वहां कोई देशद्रोही नहीं बनता। जिस पर देशद्रोह का आरोप लगता है वो जिंदा नहीं बचता। आतंकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुर्शरफ पर 2007 में आपातकाल लगाने के लिए देशद्रोह का केस दायर किया गया था। उन पर भ्रष्टाचार के भी आरोप लगे थे। इसके लिए वहां की कोर्ट ने परवेज मुर्शरफ को फांसी की सजा सुनाई है। इधर हमारा देश है जहां अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर देश के टुकड़े-टुकड़े करने वाली गैंग हमारी छाती पर मूंग दलती है और भ्रष्टाचारी जमानत पर आसानी से छूट कर अपना स्वागत कराते है और कानून का मखौल उड़ाते है।

राजद्रोह के दोषी पाक के पूर्व राष्ट्रपति मुशर्रफ को फांसी की सजा

इस्लामाबाद (वार्ता)। पाकिस्तान की एक विशेष अदालत ने देश के कानून के आर्टिकल 6 के तहत पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफको मौत की सजा सुनाई है। पाकिस्तान से बाहर दुबई में निर्वासन का जीवन जी रहे मुशर्रफके भविष्य को लेकर अब बड़ा प्रश्न चिह्न लग गया है। पाकिस्तान में कानून के जानकारों का कहना है कि 1973 में बने नए कानून के तहत पहली बार किसी को दोषी करार दिया गया है जिसमें अधिकतम सजा फांसी की है। ऐसे हालात में मुशर्रफको ऊपरी अदालत में अपील का मौका मिलेगा या नहीं इसको लेकर भी असमंजस है।

पाकिस्तानी कानून के जानकार ने कहा, 'जिस कानून के तहत यह सजा दी गई है उसको लेकर कोई भी टिप्पणी फैसले को विस्तार से पढ़ने के बाद ही की जा सकती है। हालांकि, एक संभावना है कि मुशर्रफसुप्रीम कोर्ट में अपील कर सकते हैं, लेकिन जब तक फैसला पढ़ा नहीं जाएगा हम कुछ नहीं कह सकते हैं कि वाकई अपील का मौका मिलेगा या नहीं। पहली बार इस कानून के तहत यह सजा दी गई है इसलिए पहले का कोई उदाहरण हमारे पास नहीं है।

मुशर्रफ का भविष्य पीएम इमरान खान के हाथ में?

पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, देशद्रोह के दोषी करार दिए मुशर्रफका भविष्य क्या होगा, इसे लेकर कुछ नहीं कहा जा सकता। चैनल ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि कोर्ट ने फैसला देकर अपना काम किया है। अब दुबई में रह रहे पूर्व सैन्य तानाशाह को देश लाकर सजा मिलती है या नहीं, यह सब कुछ मौजूदा सरकार पर ही निर्भर करता है।

पाक की विशेष अदालत ने सुनाई फांसी की सजा

पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफको राजद्रोह के मामले में मौत की सजा सुनाई गई है। पाकिस्तान की विशेष अदालत ने पूर्व सैन्य शासक को दोषी करार देते हुए मौत की सजा सुनाई। पूर्व राष्ट्रपति के खिलाफमामले की सुनवाई पेशावर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश वकार अहमद सेठ के नेतृत्व वाली विशेष अदालत की तीन सदस्यीय पीठ ने की है।

सरकार का एक साल पूरा, सीएम बघेल ने गिनाई उपलब्धियां, केंद्र पर भी बरसे, कहा

एनआरसी लागू हुआ तो लोगों को कहां भेजेंगे मोदी और शाह

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार ने मंगलवार 17 दिसंबर को एक साल पूरा कर लिया। सफ्लतापूर्वक एक साल पूरे करने पर कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ी में संबोधित किया। अपनी सरकार की सफ्लता गिनाने के साथ ही वे केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर बरसे। नोटबंदी, जीएसटी से लेकर नागरिकता संशोधन बिल (कैब) व एनआरसी के मुद्दे पर मोदी सरकार पर हमला बोला। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

- ■ सीएम बोले- मोदी सरकार की योजनाएं काटने व बांटने वाली
- ■ मैं नहीं करूंगा एनआरसी रजिस्टर पर दस्तखत
- ■ कैब के कारण जल रहा देश, छात्रों पर हो रहे हमले

सर्जिकल स्ट्राइक की बदौलत भाजपा आई सत्ता में

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने नोटबंदी व जीएसटी के बाद बताया कि सर्जिकल स्ट्राइक की, बदला लिया। लेकिन ये आज तक नहीं बताया कि पुलवामा में हमारे जवानों पर हमला कैसे हुआ, वे कैसे शहीद हुए। कैसे इतने बड़े पैमाने पर वहां आरडीएक्स आया। इसकी (सर्जिकल स्ट्राइक) बदौलत उनकी (भाजपा की) चुनावी नैया पार हो गई। सत्ता में आ गए।

ऐसे गिनाई अपनी सरकार की उपलब्धियां

छत्तीसगढ़ मॉडल की देश में चर्चा

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने एक साल का लेखा जोखा पेश किया। इस मौके पर सालभर के कामकाज पर 'छत्तीसगढ़ सेवा जतन के एक साल' नामक पुस्तक का विमोचन किया गया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के कार्यकाल की चर्चा देशभर में हो रही है, छत्तीसगढ़ के मॉडल के रूप में। राहुलजी जहां भी जाते हैं छत्तीसगढ़ मॉडल की चर्चा करते हैं। उन्होंने सालभर की सफ्लता का श्रेय कांग्रेस कार्यकर्ताओं को दिया है।

हर वर्ग को लग रहा यह उनकी है सरकार

उन्होंने कहा कि राहुल गांधीजी ने हमसे कहा था कि सभी वर्गों को लगना चाहिए कि यह सरकार उनकी सरकार है। और आज वहीं हो रहा है। प्रदेश के हर वर्ग को लग रहा है कि यह सरकार उनकी सरकार है, फिर चाहे बात किसानों की हो, युवाओं की हो, आदिवासियों की हो या व्यापारियों की। **आदिवासियों की जमीन वापसी का काम सिर्फ छत्तीसगढ़ में :** दुनिया में आदिवासियों ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सरकार का पहला साल बुरे सपने जैसा

■ धान का 2500 रु. भाव पाने चक्कर काट रहे किसान

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने भूपेश सरकार के एक साल पूरा होने पर सरकार के कामकाज पर सवाल उठाए। डॉ. सिंह ने मंगलवार को पत्रकार वार्ता कर सरकार के सालभर के कामकाज को बगैर विजन वाला बताया। उन्होंने कहा कि सरकार किसी भी दल की हो उसके पहले शुरुआती वर्ष का कार्यकाल काफी अहम होता है। लेकिन ये दुर्भाग्य ही है कि प्रदेश की मौजूदा सरकार का पहले वर्ष का कार्यकाल बुरे सपने की तरह रहा। इस सरकार को चुनकर जनता खुद को ठगा महसूस कर रही है। लोकसभा चुनाव के नतीजे इसका प्रमाण है। लेकिन हारने पर ये ईवीएम को दोष देते हैं। डॉ. सिंह ने कहा ■ शेष पृष्ठ 8 पर

शराब बंदी दूर, बिक्री और बढ़ गई

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व सहायता समूह की महिलाओं का 1100 करोड़ का कर्ज अब तक माफ नहीं हो सका। ऐसी करीब 1 लाख से ज्यादा बहनें कर्जमाफ होने का इंतजार कर रही हैं। सरकार शराब बंदी भी नहीं कर पाई। जबकि इन वादों के चलते ही महिलाओं ने ये सरकार चुनी थी। अब आलम यह है कि शराब की बिक्री और बढ़ गई।

जामिया हिंसा

जामिया हिंसा सुप्रीम कोर्ट का दखल से इंकार

■ बेंच ने कहा- सुप्रीम कोर्ट को ट्रायल कोर्ट की तरह ट्रीट नहीं किया जा सकता, हाईकोर्ट जाएं

नई दिल्ली ए.। सुप्रीम कोर्ट ने जामिया और एएमयू हिंसा मामले में दखल देने से इनकार करते हुए याचिकाकर्ताओं को संबंधित हाई कोर्टों में जाने को कहा है। मंगलवार को याचिका पर सुनवाई के दौरान सीजेआई एस. ए. बोबडे की अगुआई वाली बेंच ने याचिकाकर्ताओं से पूछा कि सीधे सुप्रीम कोर्ट क्यों आए, हाई कोर्ट क्यों नहीं गए।

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि अगर कोई कानून तोड़ रहा है, पत्थर मार रहा है, बसें जला रहा है तो पुलिस क्या करेंगी? बेंच ने यह टिप्पणी उस वक्त की जब याचिकाकर्ताओं ने यह कहा कि जामिया और अलीगढ़ यूनिवर्सिटी में छात्रों पर दर्ज केस में उनकी गिरफ्तारी नहीं होनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को संबंधित हाई ■ शेष पृष्ठ 8 पर

कानून के विरोध में हुए हिंसक प्रदर्शन में घायल युवक अपने जख्म को राहत देने की कोशिश करता हुआ।

आपराधिक पृष्ठभूमि वाले 10 गिरफ्तार, कोई छात्र नहीं

नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफविरोध-प्रदर्शन के दौरान दिल्ली के जामिया नगर इलाके में हिंसा, आगजनी और तोड़फोड़ के मामले में पुलिस ने 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए सभी आरोपी आपराधिक पृष्ठभूमि के हैं और इनमें कोई भी छात्र नहीं है। बता दें कि साउथ दिल्ली के न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में हुई हिंसा के सिलसिले में दिल्ली पुलिस ने 2 एफआईआर दर्ज कर दी थी। रविवार को संशोधित नागरिकता कानून के खिलाफविरोध प्रदर्शन के दौरान न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में अराजक तत्वों ने जमकर तांडव मचाया था। उपद्रवियों ने 3 बसों और कुछ अन्य गाड़ियों को फूंक दिया। आग बुझाने आई दमकल की 4 गाड़ियों में से एक को भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया था।

असम: 4 की मौत 190 गिरफ्तार

गुवाहाटी (वार्ता)। नागरिकता कानून के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान असम में 4 लोगों की मौत हुई है। असम के डीजीपी भाष्कर ज्योति महंता ने कहा कि पुलिस की कार्रवाई में दुर्भाग्य से चार लोगों की मौत हो गई। हालात ऐसे हो गए थे कि पुलिस को अधिक से अधिक लोगों और संपत्तियों को बचाने के लिए फायरिंग करनी पड़ी। डीजीपी भाष्कर ज्योति महंता ने कहा कि नागरिकता कानून के खिलाफप्रदर्शन के दौरान अब तक 190 प्रदर्शनकारियों को गिरप्तार किया गया है।

खास खबर

यूपी में महिलाओं की स्थिति को लेकर बिफरी प्रियंका

नई दिल्ली, (वार्ता)। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने उत्तर प्रदेश में महिलाओं की स्थिति को लेकर भारतीय जनता पार्टी पर हमला करते हुए आज कहा कि भाजपा के शासन वाला यह राज्य महिलाओं के साथ अपराध में सबसे ऊपर और लड़कियों की शिक्षा के मामले में सबसे फिसड्डी है।

अरूणाचल में नहीं लागू हो पाएगा सीएए: खांडू

ईटानगर (वार्ता)। अरूणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा कि नागरिकता संशोधन कानून 2019 के प्रावधान राज्य में नहीं लागू हो पायेंगे क्योंकि पूरा राज्य इनर लाइन परमिट के तहत अधिसूचित है। श्री खांडू ने यहां ऑल अरूणाचल प्रदेश स्टूडेंट्स यूनियन के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ मुलाकात के दौरान कहा कि अरूणाचल प्रदेश बंगाल इस्टर्न फ्रंटियर रेगुलेशन 1873 के तहत आईएलपी से अधिसूचित है।

मुसलमानों को डरा रही कांग्रेस: मोदी

नई दिल्ली ए.। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झारखंड के बरहेट में चुनावी रैली को संबोधित कर रहे हैं। रैली को संबोधित करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि ये मेरा सौभाग्य है कि इस बार झारखंड चुनाव के लिए मेरी ये अंतिम सभा वीरों की घाटी और बाबा बागेश्वर नाथ के सानिध्य में हो रही है। पीएम ने कहा कि वीर वीरांगनाओं के आशीर्वाद से भाजपा सरकार पूरे देश में आदिवासी सेनानियों से जुड़े संग्रहालय बना रही है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम में, भारत के निर्माण में हिंदुस्तान के हर कोने में इन आदिवासी वीरों के योगदान में भारत हमेशा-हमेशा याद रखे।

एनएमडीसी : छत्तीसगढ़ सरकार ने बढ़ाई माइनिंग की लीज अवधि

नवप्रदेश संवाददाता

हैदराबाद। छत्तीसगढ़ सरकार ने मार्च 2020 में समाप्त हो रही माइनिंग लीज (खनन पट्टे) वाली चार खदानों की लीज की अवधि को बढ़ा दिया है। इससे एनएमडी को बड़ा आधार मिला है। एनएमडीसी की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि छत्तीसगढ़ सरकार के खनिज संसाधन विभाग ने मंगलवार, 17-12-2019 को इस संबंध में पत्र जारी किया है। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

एन. बैजेंद्र कुमार की रही अहम भूमिका

माइनिंग लीज की अवधि बढ़ाने के लिए एनएमडीसी के चेयरमैन सह प्रबंधक निदेशक एन बैजेंद्र कुमार ने कमान संभाली। उनकी ओर से इसके लिए साल भर प्रयास चलते रहे, जिसके सफल परिणाम सामने आए। लीज की अवधि बढ़ाने के लिए एनएमडीसी ने छत्तीसगढ़ सरकार का आभार व्यक्त किया है।

टॉवर लगाने के नाम से वृद्धा से 62 लाख की ठगी, 7 गिरफ्तार

■ 8 आरोपी फरार, पुलिस कर रही तलाश

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में मोबाइल टावर लगाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। खुर्सीपार की एक बुजुर्ग महिला से इस गिरोह ने ठगी की। पिछले तीन साल में अलग अलग कहानी व किस्से गढ़ते हुए बुजुर्ग महिला से इस गिरोह ने 62 लाख 2500 रुपए की भारी रकम ऐंठ ली थी। 2015 में शुरू हुआ यह किस्सा 2019 तक चलता रहा। कभी बीमा पॉलिसी के रुपए निकालने, तो कभी चालान बनाने तो कभी रुपए जारी कराने के नाम पर बुजुर्ग महिला से ठगी होती रही। इस मामले में पीड़ित महिला ने एक मीडिया कर्मी की मदद से एसपी के समक्ष जुलाई माह में शिकायत की थी। शिकायत ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सोनिया गांधी के नेतृत्व में राष्ट्रपति से मिले विपक्षी नेता, कहा-

लोकतंत्र का हनन कर रही सरकार

नागरिकता कानून के खिलाफ 14 विपक्षी दलों के नेताओं के साथ राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपने के बाद कांग्रेस अध्यक्षा सोनिया गांधी ने मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि सरकार इस ऐक्ट को लागू करने के लिए आम लोगों और विपक्ष की आवाज को दबाने की कोशिश कर रही है, जो सफ्ल नहीं होगी। सोनिया गांधी ने कहा कि हमने राजधानी समेत देश भर में हिंसक विरोध प्रदर्शनों के चलते पैदा हुई स्थिति में राष्ट्रपति से दखल की अपील की। इन विरोध प्रदर्शनों के और बढ़ने की आशंका है। पुलिस ने जिस तरह से शांतिपूर्ण प्रदर्शनों के खिलाफ हिंसा की, उससे हमें गहरा दुख पहुंचा है। सोनिया गांधी ने कहा, 'पुलिस ने जिस तरह से छात्राओं की पिटाई की वह निंदनीय है और लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है। मोदी सरकार ऐक्ट को लागू करने के लिए लोगों की आवाज को दबाना चाहती है। यह विपक्ष और जनता को स्वीकार नहीं है।' टीएमसी के नेता डेरेक ओ ब्रायन ने कहा कि हमने राष्ट्रपति इस बिल को वापस लेने की अपील की है।

गरमा-गरम

स्वविवेक — चीफजस्टिस के भतीजे ने निर्भया की ओर से पैरवी की थी इसलिए सीजेआई ने बेंच से खुद को अलग किया

निर्भया के दोषी अक्षय की रिव्यू पिटिशन पर सुनवाई स्थगित

दिल्ली में हुए निर्भया कांड के 4 दोषियों में से एक अक्षय ठाकुर की रिव्यू पिटिशन पर सुनवाई आज के लिए स्थगित कर दी गई। अब इस मामले की सुनवाई बुधवार को होगी। सीजेआई ने कहा कि नई संविधान पीठ मामले की सुनवाई करेगी और बेंच का गठन बुधवार को ही सुबह 10.30 बजे किया जाएगा।

नई दिल्ली ए.। चीफ जस्टिस के भतीजे ने केस में निर्भया की ओर से पैरवी की थी, इसलिए उन्होंने बेंच से खुद को अलग कर लिया। फांसी की सजा पाए चारों आरोपियों में से एक अक्षय ठाकुर ने सर्वोच्च अदालत से रहम की गुहार लगाई है। कोर्ट रूम में निर्भया के पैरेंट्स भी सुनवाई के दौरान मौजूद रहे।

एक साथ चारों को फांसी देने की तैयारी में तिहाड़ प्रशासन

इस बीच तिहाड़ जेल प्रशासन देश को दहला देने वाले निर्भया कांड के दोषियों को फांसी देने की तैयारियों में जुटा है। जेल सूत्रों के मुताबिक एक साथ ही चारों को फांसी देने के लिए एक नई तकनीक का परीक्षण किया जा रहा है। फांसी के तख्त में कुछ बदलाव के जरिए यह काम किया जा रहा है। इसके अलावा यह भी देखा जा रहा है कि क्या चार लोगों का वजन एक बार में यह उठा सकता है या नहीं। सूत्रों ने कहा कि यह जरूरी है कि चारों दोषियों को एक ही साथ फांसी पर लटकाया जाए। इसकी वजह यह है कि यदि किसी शख्स को बेचैनी के चलते समस्या हो जाती है या फिर वह बीमार हो जाता है तो फांसी

निर्भया की मां ने याचिका का कोर्ट में किया था विरोध

निर्भया की मां ने दरिंदगी करने वालों में से एक दोषी के सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पिटिशन के खिलाफयाचिका दाखिल की है। निर्भया की मां ने रिव्यू पिटिशन खारिज करने की अपील करते हुए कहा कि दोषी ने रिव्यू पिटिशन फांसी की सजा में देरी के लिए डाली है। उन्होंने कहा कि दोषियों को जल्द से जल्द फांसी की सजा होनी चाहिए और उसमें देरी नहीं की जानी चाहिए।

कुछ दिन टल सकती है फांसी

चारों दोषियों की सजा कुछ दिन के लिए अभी और टल सकती है। अगर सुप्रीम कोर्ट से अक्षय की रिव्यू पिटिशन खारिज होती है तो उसके बाद भी दोषियों के पास कुछ वक्त रहेगा। फांसी से पहले डेथ वॉरंट निकालना अनिवार्य होता है। जेल प्रशासन की ओर से 14 दिनों का वक्त सजायफ्ता कैदियों को फांसी के लिए मानसिक रूप से तैयार होने को दिया जाता है। इसके अलावा उन्हें इस दौरान अपनी वसीयत एवं अन्य चीजें तैयार करने का मौका मिलता है।

नागरिकता कानून पर बवाल

बिहार में 500 पर एफआईआर, बंगाल में 300 गिरफ्तार

नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली के जामिया मिल्लिया इस्लामिया में पुलिस कार्रवाई और विवादास्पद नागरिकता (संशोधन) कानून के खिलाफ सोमवार को देश के कई हिस्सों में विरोध प्रदर्शन हुए। प्रदर्शन का समर्थन नेता और सामाजिक कार्यकर्ता भी करते नजर आए। कहीं-कहीं ये प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहे, तो कहीं इसने हिंसक रूप ले लिया। वहीं, जामिया हिंसा में दो छात्र घायल हो गए हैं, जिसे पुलिस बता रही है कि गोली लगने से ऐसा हुआ है। हालांकि, पुलिस ने साफ तौर पर गोली चलने से इनकार कर दिया है। सफ्दरजंग अस्पताल के डॉक्टर ने कहा कि मरीज के परीक्षण से पता चलता है कि वह गोली लगने से घायल हुआ है, वहीं पुलिस का कहना है कि हो सकता है आंसू गैस के गोले से वे घायल हुए हों। इस बीच पश्चिम बंगाल, दिल्ली से लेकर यूपी के अलीगढ़ और लखनऊ में भी नागरिकता संशोधन कानून के खिलफ प्रदर्शन देखने को मिले। उच्चतम न्यायालय ने विरोध प्रदर्शनों के दौरान दंगे और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाए जाने को लेकर कड़ा संज्ञान लिया और कहा कि यह तत्काल रुकना चाहिए। आज सुप्रीम कोर्ट इस मामले की सुनवाई भी करेगा।

प्रदर्शन से जुड़े अपडेट्स

जामिया के छात्रों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई और नागरिकता कानून के खिलाफगुस्से का असर उत्तर प्रदेश से लेकर केरल और महाराष्ट्र से लेकर पश्चिम बंगाल तक में देखा गया। जामिया के छात्रों पर पुलिस की कार्रवाई के खिलाफ कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष एकजुट हो गया। कांग्रेस के अलावा चार अन्य राजनीतिक दल के नेताओं ने संयुक्त संवाददाता सम्मेलन कर जामिया परिसर में रविवार शाम की घटनाओं की उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश से जांच कराने की मांग की। कांग्रेस नेता गुलाम नबी आजाद ने कहा, ''केंद्र सरकार एक ऐसा कानून लाकर देश में हिंसा के लिए पूरी तरह जिम्मेदार है जिसका देशभर में विरोध किया जा रहा है और सभी विपक्षी दल विरोध कर रहे हैं। अगर सरकार यह कानून नहीं लाती तो कोई हिंसा नहीं होती।

प्रियंका गांधी वाड्रा के नेतृत्व में कांग्रेस ने इंडिया गेट पर शाम चार बजे से शाम छह बजे तक मूक प्रदर्शन भी किया। प्रियंका ने कहा, ''छात्रों पर हमला भारत की आत्मा पर वार है। वहीं उनकी मां और पार्टी प्रमुख सोनिया गांधी ने एक बयान जारी कर भाजपा पर देश में अस्थिरता पैदा करने का आरोप लगाया। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने एक बयान में आरोप लगाया, ''भाजपा हिंसा और बंटवारे की जननी है।

वहीं, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सोमवार को राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से हिंसा रोकने, जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव कदम उठाने तथा सोशल मीडिया पर ऐसी फर्जी खबरों और अफ्वाहों के खिलाफ कार्रवाई को करने को कहा जिनसे हिंसा भड़क सकती है। संशोधित नागरिकता कानून के खिलाफ प्रदर्शनों के दौरान देश के विभिन्न हिस्सों से प्रदर्शन की खबरें आ रही हैं।

पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कोलकाता में बड़ी रैली निकाली और कहा कि संशोधित कानून और एनआरसी को ''उनकी लाश पर से गुजर कर ही राज्य में लागू किया जा सकता है। इस बीच राज्य में नागरिकता (संशोधन) कानून के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान राजमार्ग और रेलमार्गों को बाधित किये जाने तथा आगजनी और लूटपाट की घटनाओं से यह पूरा विरोध उग्र स्वरूप धारण करता जा रहा है।

जामिया के बाद नागरिकता बिल को लेकर सीलमपुर और जाफराबाद में बवाल

■ प्रदर्शनकारियों पर छोड़े आंसू गैस के गोले

नई दिल्ली(ए.)। नागरिकता संशोधन कानून को लेकर दिल्ली समेत देशभर में प्रदर्शन हो रहा है। जामिया मिलिया इस्लामिया में छात्रों के प्रदर्शन के बाद मंगलवार को दिल्ली के सीलमपुर और जाफराबाद इलाके मे हजारों की तदाद में लोगों ने सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिसवालों के बीच झड़प हुई। पुलिस ने भीड़ को खदेड़ने के लिए बल प्रयोग भी किया और प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया। बताया जा रहा है कि इस दौरान पथराव की खबरें भी आ रही है। बताया जा रहा है कि इलाके में भारी संख्या में पुलिसबल की तैनाती कर दी गई है। वहीं पुलिस हालत पर नजर बनाए रखने के लिए ड्रोन का सहारा ले रही है।

दिल्ली मेट्रो ने शिवविहार और जहौर इनक्लेव के मेट्रो स्टेशन को भी बंद किया। सीलमपुर बवाल के चलते दिल्ली मेट्रो ने सात स्टेशन को बंद कर दिया है।

प्रदर्शन में शामिल कासिम नामक एक अन्य व्यक्ति ने कहा ''देश में एनआरसी लागू नहीं होना चाहिए। हमारा विरोध इसी बात को लेकर है। पृष्ठभूमि तैयार की जा रही है ताकि एनआरसी को देश भर में लागू किया जाए। मोबाइल रिपेयरिंग का काम सीख रहे आईटीआई के नूर ने कहा कि संशोधित नागरिकता कानून और एनआरसी के जरिये हिंदू मुसलमानों के बीच दरार पैदा की जा रही है। उन्होंने कहा 'जामिया में अगर विरोध प्रदर्शन हुआ भी था तो भी पुलिस को लाईब्रेरी और परिसर में घुसने का हक नहीं था।

नागरिकता कानून पर प्रदर्शन के बीच दिल्ली के 7 मेट्रो स्टेशन बंद

नई दिल्ली(ए.)। संशोधित नागरिकता कानून के विरोध में सीलमपुर इलाके में विरोध-प्रदर्शन के मद्देनजर उत्तर-पूर्व दिल्ली के सात मेट्रो स्टेशनों के प्रवेश और निकास द्वार मंगलवार को बंद कर दिए गए।

दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने ट्वीट किया, सीलमपुर और गोकुलपुरी में प्रवेश और निकास द्वार बंद हैं। इन स्टेशनों पर मेट्रो ट्रेन नहीं रूकेंगी। वहीं, जोहरी इन्क्लेव और शिव विहार मेट्रो स्टेशन को भी बंद कर दिया गया है।

इससे पहले डीएमआरसी ने वेलकम, जाफराबाद और मौजपुर-बाबरपुर मेट्रो स्टेशनों को बंद दिया। उत्तर-पूर्व दिल्ली के सीलमपुर इलाके में उग्र प्रदर्शनकारियों ने संशोधित नागरिकता कानून को रद्द करने की मांग करते हुए पुलिस के साथ संघर्ष किया, उन पर पथराव किया और कई बसों में तोड़फोड़ की।

सीलमपुर से जाफराबाद की तरफ मार्च कर रहे प्रदर्शनकारियों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले छोड़े।

कोर्ट परिसर में हिस्ट्रीशीटर की गोली मारकर हत्या

बिजनौर(ए.)। उत्तर प्रदेश के बिजनौर की सीजेएम कोर्ट परिसर में मंगलवार को गोली मारकर एक हिस्ट्रीशीटर की हत्या कर दी गई। इस हमले में दो पुलिसकर्मियों को भी गोली लगी है। बताया जा रहा है कि वह हेड मोहर्रिर सहित अहसान मर्डर केस का मुख्य आरोपी है। बताया गया कि हमलावरों को कोर्ट परिसर में ही घेर लिया गया है।

इसी साल 28 मई को नजीबाबाद में शॉपिंग कांप्लेक्स के कार्यालय में प्रॉपर्टी डीलर हाजी अहसान व उनके भांजे शादाब की नजीबाबाद में गोलियां बरसाकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने दानिश को मुंबई और जब्बार व शाहनवाज को दिल्ली से दबोचा था। मंगलवार को जब्बार व शाहनवाज को सीजीएम कोर्ट में पेशी पर लाया गया था।

जो भारत का है उसे रजिस्टर में एंट्री करने में क्या दिक्कत?

लखनऊ(वार्ता)। एक तरफ जहां पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव, सीएए और एनआरसी का विरोध कर रहे हैं तो वहीं उन्हीं की परिवार की सदस्य इसका समर्थन कर रही हैं। समाजवादी पार्टी के सरंरक्षक मुलायम की छोटी बहू अपर्णा यादव ने इसे लेकर ट्वीट किया है।

अपर्णा ने ऑफ्शियल ट्विटर हैंडल पर लिखा कि जो भारत का है, उसे रजिस्टर में अंकित होने में क्या समस्या है? अपने ट्वीट में उन्होंने जामिया मिल्लिया, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी और 16 दिसंबर के हैशटैग का इस्तेमाल किया।

अपर्णा ने एनआरसी को लेकर हो रहे विरोध पर भी सवाल उठाए हैं। फेसबुक और ट्विटर पर अपने एकाउंट से पोस्ट कर उन्होंने सवाल उठाया कि जो भारत का है, उसे अपना नाम रजिस्टर में दर्ज कराने में क्या परेशानी है।

पहला मौका नहीं, जब अपणा ने मोदी सरकार के फैसले का खुला समर्थन किया हो। इससे पहले भी वह स्वच्छता अभियान पर केंद्र सरकार का समर्थन कर चुकी हैं। अपर्णा सपा की सदस्य हैं और साल 2017 में उन्होंने पार्टी के टिकट पर विधानसभा चुनाव भी लड़ा था। एनआरसी के मुद्दे पर अपर्णा और सपा प्रमुख अखिलेश यादव की राय अलग-अलग है।

सीएए, एनआरसी को अनुमति नहीं दूंगी : ममता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने सोमवार को नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) व एनआरसी के खिलाफमध्य कोलकाता इलाके से चले एक लंबे जुलूस का नेतृत्व किया। जुलूस में हजारों लोगों ने भाग लिया। ममता ने राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर की गतिविधि व नए नागरिकता कानून (सीएए) के राज्य में क्रियान्वयन को अनुमति नहीं देने को लेकर लोगों को संकल्प दिलाया। खेल और सांस्कृति से जुड़ी शख्सियतें, शिक्षाविद् और नागरिक समाज के अन्य सदस्य जुलूस का हिस्सा बने।

'एमपी गजब है': जन्म से पहले ही थाने में दर्ज हो गई एफआईआर

भोपाल(ए.)। 'एमपी अजब है, सबसे गजब है' -यह स्लोगन तो लगभग एक दशक पहले बना था, मगर वास्तव में मध्यप्रदेश तो कई दशकों से अजब-गजब रहा है और आज भी है। इसका नमूना है नीमच जिले का एक घटनाक्रम। यहां आरोपी का जन्म बाद में होता है और उसके खिलाफ मामला पहले ही दर्ज हो जाता है। बात जावद तहसील क्षेत्र के उम्मेदपुरा गांव की है। यहां के कय्यूम खान ने मार्च 1991 में एक भूखंड (प्लॉट) खरीदा था, इस भूखंड को खरीदते समय दस्तावेज के टंकण (टाइपिंग) में गड़बड़ी हुई और जमीन को लेकर विवाद हो गया। इस पर हारुन मोहम्मद ने कय्यूम और उसके साथ दो अन्य लोगों के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी। हारुन की रिपोर्ट में पिता कय्यूम के साथ इम्तियाज और इमरान को भी आरोपी बनाया गया।

'किस' करने के लिए बलात्कारी मामा ने काट थी जीभ, कोर्ट ने दी दर्दनाक सजा

आगरा(ए.)। ताजनगरी आगरा में विशेष न्यायाधीश पोक्सो ऐक्ट वीके जायसवाल ने सोमवार को एक मामा को सजा सुनाई। इस बार उन्होंने अपनी कलम से दुराचारी मामा सिंधी को मरते दम तक जेल में रखने की सजा दी। साथ ही ढाई लाख रुपये का जुर्माना लगाया। विवेचक ने चार्जशीट दुराचार के प्रयास की धारा में लगाई थी। कोर्ट ने घटना को दुराचार ही माना। इसी धारा के तहत सजा सुनाई। सिंधी को सजा हो गई है। यह जानकारी बच्ची के परिजनों को हुई तो उनकी आंखें भर आईं। आज तक बच्ची सिंधी के किए की सजा भुगत रही है। वह बोल भी नहीं पाती है। कोर्ट ने दुराचार सिंधी पर ढाई लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। इसकी आधी रकम बच्ची को देने के आदेश दिए हैं। विशेष लोक अभियोजक पोक्सो विमलेश आनंद ने पांच गवाह पेश किए।

मामा बन गया था शैतान, काटी जीभ

पुलिस लाइन मार्ग पर छह अक्तूबर 2014 को झकझोर देने वाली घटना हुई थी। सात साल की बच्ची के साथ दुराचार हुआ था। आरोपित कोई और नहीं रिश्ते का मामा था। दुराचारी ने बच्ची को किस करने के दौरान जोर से काटा था। बच्ची की जीभ का एक टुकड़ा अलग होकर गिर गया था, जो मौके पर ही पड़ा मिला था। शोर मचाने पर गला दबाकर बच्ची की हत्या का भी प्रयास किया था। बच्ची बोलने में असमर्थ है। इसी सनसनीखेज मामले में कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया है।

आखिर भारत पहुंचने से पहले क्यों राफेल विमान जाएगा यूएई

नई दिल्ली(ए.)। राफेल विमानों को भारत पहुंचने से पहले संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में गर्मी के परीक्षणों से गुजरना होगा। फ्रांस ठंडी जलवायु का देश और जबकि भारत में भीषण सर्दी और गर्मी दोनों पड़ती है। राफेल विमान भारत की सर्दी आसानी से सहन कर लेंगे इसमें कोई संदेह नहीं है, लेकिन गर्मी सहन कर पाएंगे या नहीं। इसका परीक्षण यूएई में किया जाएगा। यूएई में भारत से दो-तीन डिग्री ज्यादा गर्मी पड़ती है। इसलिए राफेल विमानों के लिए ये परीक्षण निर्णायक साबित होंगे।

रक्षा मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, इस मुद्दे पर दोनों देशों के बीच बातचीत हो चुकी है। यूएई में पहले से अमेरिका का एयरबेस है। अबूधाबी स्थित इस अल धाफ्रा एयरबेस में राफेल विमानों के हीट परीक्षण शुरू होंगे। संभावना है कि अप्रैल या मई में यह परीक्षण किए जाएंगे, जब वहां अधिकतम तापमान 50 डिग्री तक पहुंच जाता है।

इन परीक्षणों का मकसद यह देखना है कि कहीं ज्यादा गर्मी में इन विमानों की कार्यप्रणाली प्रभावित तो नहीं होती है। यदि इनमें किसी प्रकार की दिक्कत दिखेगी तो फ्रांस को विमानों में तकनीकी बदलाव करने पड़ सकते हैं।

जामिया मिलिया इस्लामिया की घटना जलियांवाला बाग जैसी : सीएम उद्धव

नई दिल्ली(वार्ता)। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कहा कि जामिया मिलिया इस्लामिया में जो हुआ, वह जलियांवाला बाग जैसा है। छात्र एक 'युवा बम' की तरह हैं। इसलिए हम केंद्र सरकार से अनुरोध करते हैं कि वह छात्रों के साथ ऐसा न करें जैसा वो कर रहे हैं। वहीं राष्ट्रीय राजधानी स्थित जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय के पास स्थित न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में नागरिकता (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ रविवार के विरोध प्रदर्शन के दौरान सड़कों पर वाहनों को आग लगाए जाने की घटना में संलिप्तता के लिए कम से कम 10 लोगों को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया है।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, ÷गिरफ्तार 10 लोगों में से तीन इलाके के खराब चरित्र वाले शख्स हैं। उनकी पहचान की गई है और उन्हें हिरासत में ले लिया गया है।÷ पुलिस अधिकारी ने यह भी कहा कि इनमें से कोई भी जामिया का विद्यार्थी नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि विरोध प्रदर्शन के दौरान हिंसा करने वालों को पकड़ने के लिए दिल्ली के दक्षिण पूर्व जिलों के विभिन्न हिस्सों में छापे मारे जा रहे हैं।

नागरिकता कानून के खिलाफ विश्वविद्यालय में हो रहे प्रदर्शनों के बीच रविवार को यह एक हिंसा का रूप उस वक्त ले लिया, जब पुलिस ने विश्वविद्यालय परिसर में घुसकर बल प्रयोग किया। रविवार को इस कानून के खिलाफन्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में विरोध प्रदर्शन करने के दौरान पुलिस के साथ हुई झड़प में प्रदर्शनकारियों ने रविवार को चार सार्वजनिक बसों और पुलिस के दो वाहनों को आग के हवाले कर दिया।

उन्नाव रेप कांड | इसी मामले में पीड़िता के पिता पर रिपोर्ट दर्ज करवाकर जेल भिजवाने से मामला बिगड़ा

पुरुषोत्तम की तरह अपने ही जाल में फंसा कुलदीप सेंगर

उन्नाव(ए.)। 3 दिसंबर 2010 को बांदा में हुए बहुचर्चित रेप प्रकरण से उन्नाव रेप की कहानी मेल खाती है। उस समय बसपा के विधायक रहे पुरुषोत्तम नरेश द्विवेदी पर एक किशोरी ने दुष्कर्म का आरोप लगाया था। इस मामले में पुरुषोत्तम के बेटे मयंक द्विवेदी की तहरीर पर पीड़िता के खिलाफ ही रिपोर्ट दर्ज कर उसे जेल भिजवा दिया गया था। मांखी कांड में विधायक कुलदीप सिंह सेंगर पर रेप का आरोप लगा। इस मामले में पीड़िता के पिता पर रिपोर्ट दर्ज करवाकर जेल भिजवाने से मामला बिगड़ गया।

पुरुषोत्तम नरेश द्विवेदी के बेटे ने पीड़िता पर आरोप लगाया था कि वह घर से चोरी करके गई है। मामला खुला तो कुछ और ही था। पीड़िता ने पूरी ताकत के साथ अपना पक्ष रखा।

छिपकर जा रहा था पिता, अतुल सेंगर ने घेरकर पीटा

पीड़िता का पिता 03 अप्रैल 2018 को तारीख से लौट रहा था। वह शाम होने का इंतजार कर रहा था। उसे डर था कि विधायक के भाई और समर्थक देख लेंगे तो नहीं छोड़ेंगे। उसका इरादा था कि रात को चुपचाप घर जाकर बच्चों से मिलता और अगले दिन फिर दिल्ली रवाना हो जाता मगर पिता ने जैसे ही गांव में पैर रखा, कुलदीप के भाई अतुल सिंह सेंगर ने अपने करीबियों के साथ उसे दबोच लिया। उसकी पिटाई की और आर्म्स एक्ट में रिपोर्ट दर्ज कराकर उसे ही जेल भिजवा दिया। पुलिस ने भी कुलदीप के भाई का साथ दिया। गंभीर रूप से जख्मी पिता का पुलिस ने सही से इलाज नहीं कराया और पांच दिन बाद उसने जेल में दम तोड़ दिया।

आरोपी शशि सिंह के बरी होने से डरा पीड़ित परिवार

नई दिल्ली(ए.)। उन्नाव रेप कांड में सह-आरोपी शशि सिंह के बरी होने पीड़ित परिवार दहशत में है। हलांकि विधायक कुलदीप सेंगर को दोषी ठहराए जाने के फैसले को पीड़ता की बहन ने सही बताया।

फैसले के बाद 'हिन्दुस्तान' से बात करते हुए पीड़िता की बहन ने कहा, हमें अभी पूरा न्याय नहीं मिला। उन्होंने कहा कि आखिर अदालत ने शशि सिंह को क्यों बरी किया जबकि उसकी बहन को सेंगर तक पहुंचाने में सिंह की भूमिका महत्वपूर्ण थी। पीड़िता की बहन एक आरोपी को बरी किए जाने से डरी भी है। वह बताती है शशि सिंह के बाहर आने से उनके परिवार को खतरा बढ़ गया। पीड़िता की बहन बताती है जितने दिन शशि सिंह जेल में रही है उसका बदला वह हमारे परिवार से जरूर लेगी। इतना ही नहीं, वह बताती हैं कि जब वह अपने चाचा के मामले की सुनवाई पर अदालत जाती थी तो शशि सिंह का बेटा नवीन आए दिन उन्हें धमकी देता था।

पीड़िता की बहन कहती है कि उसका तो पूरा परिवार उजड़ गया। वह कहती है वह अपनी चाची को वापस नहीं ले सकती। वह कहती है सेंगर को सख्त से सख्त सजा मिले ताकि फिर कोई रसूखदार किसी दूसरी बेटी के साथ दुष्कर्म जैसा घिनौदा अपराध नहीं कर सके। वह कहती हैं कि दुष्कर्म के मामले में दोषी को सख्त सजा मिले। वह बताती है कि उसकी बहन और मां का भी यही कहना है कि दोषी सेंगर को सख्त सजा मिले। दोषी को सख्त सजा मिलने पर ही हमें पूरा न्याय मिलेगा। इसके साथ ही वह, मीडिया, सर्वोच्च न्यायालय के साथ-साथ दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाती मालीवाल का धन्यवाद करती है।

गजब: यूपी विधानसभा में बीजेपी विधायक के समर्थन में उतरा सपा समेत पूरा विपक्ष

नई दिल्ली(ए.)। उत्तर प्रदेश राज्य विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन मंगलवार को सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को उस समय असहज स्थिति का सामना करना पड़ा जब सदन में उसकी ही पार्टी के विधायक के समर्थन में समूचा विपक्ष लामबंद हो गया। दरअसल, नागरिकता संशोधन कानून के विरोध में सदन में चर्चा कर केन्द्र को प्रस्ताव भेजे जाने पर अड़े विपक्षी सदस्यों ने सदन से वाकआउट किया कि इस बीच गाजियाबाद में लोनी के विधायक नंद किशोर गुर्जर अपनी जगह खड़े हो गये और कुछ कहने की अनुमति मांगने लगे। दीक्षित ने इससे इंकार करते हुये उनसे बैठ जाने को कहा लेकिन विधायक उनकी बात को अनसुना करते हुये अपनी खड़े रहे। इस दौरान सदन में वापस लौटे विपक्षी सदस्यों की नजर गुर्जर पर पड़ी और वे उनके समर्थन में लामबंद हो गये। इस बीच संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने भी विधायक को इशारे से बैठ जाने को कहा लेकिन हाथ में एक पर्चा थामे विधायक बोलने की अनुमति मांगते रहे।

न्यूज गैलरी

गुरू घासीदास के उपदेश मानव जाति के लिए अनुकरणीय : बघेल

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सतनाम पंथ के प्रवर्तक गुरू बाबा घासीदास की जयंती 18 दिसम्बर के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई दी है। श्री बघेल ने कहा कि गुरू बाबा घासीदास जी ने दुनिया को सत्य, अहिंसा और सामाजिक सद्भावना का मार्ग दिखाया। गुरू बाबा घासीदास के उपदेश समस्त मानव जाति के लिए अनुकरणीय हैं। उन्होंने सम्पूर्ण मानव जाति को 'मनखे-मनखे एक समान' के प्रेरक वाक्य के साथ यह संदेश दिया कि सभी मनुष्य एक समान है। गुरू घासीदास जी ने अपने उपदेशों के माध्यम से दलित-शोषित समाज को कुरीतियों, रूढ़ियों से दूर कर उनके नैतिक और चारित्रिक विकास का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया है। गुरू बाबा घासीदास ने लोगों को मानवीय गुणों के विकास के लिए रास्ता दिखाया और उनमें नैतिक मूल्यों की पुनर्स्थापना की।

सीएम का कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार का एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर आज कटोरा तालाब पहुंचे मुख्यमंत्री का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान श्री बघेल ने यहां कलाकारों द्वारा रंगोली से बनायी गई उनकी तस्वीर का भी अवलोकन किया। श्री बघेल ने तस्वीर बनाने वाले कलाकारों की प्रशंसा की।

सीएम हाउस में आज जनचौपाल स्थगित

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के रायपुर स्थित निवास में 18 दिसम्बर बुधवार को आयोजित होने वाला जनचौपाल भेंट-मुलाकात का कार्यक्रम अपरिहार्य कारणों से स्थगित रहेगा।

साकार होगा शहरी तालाबों एवं नदियों का जीर्णोद्धार टैंकर मुक्त शहर सहित अनेक योजनाओं को करेंगे पूरा

निकाय चुनाव के लिए सीएम ने जारी किया घोषणा पत्र, कांग्रेस सरकार ने एक वर्ष पूर्ण होने पर अपनी उपलब्धियां गिनाई

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। विगत वर्ष 17 दिसंबर को ही कांग्रेस ने भारी बहुमत से चुनाव जीतकर सरकार बनाई थी। गत एक वर्ष में धान का समर्थन मूल्य 2500 रूपए क्विंटल पर खरीदी, सरकार बनने के तुरंत बाद किसानों की कर्ज माफी, बिजली बिल आधा करना सहित अनेक योजनाओं पर तीव्र गति से कार्य कर जनता की सेवा करने का जो संकल्प लिया था वह संकल्प और चुनावी घोषणा पत्र में जारी वादे आगामी 4 वर्षों में पूरे किए जाएंगे। उक्ताशय की जानकारी राजीव भवन में कांग्रेस सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर एवं नगरीय निकाय चुनाव के लिए घोषणा पत्र जारी करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दी।

पत्रकारवार्ता में बघेल ने बताया कि नगरीय निकाय चुनाव में प्रदेश में जनता के अधिकार, जनता की जरूरत एवं उससे संबंधित समस्याओं के लिए चुनावी घोषणा पत्र तैयार किया गया है। चुनाव घोषणा पत्र समिति के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री डॉ. शिव डहरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि नगरीय निकाय चुनाव के लिए जारी घोषणा पत्र में नागरिकों को घर पहुंच सेवा मुहैय्या कराने के लिए मुख्यमंत्री मितान योजना लागू की जाएगी। इस योजना के माध्यम से 100 से अधिक शासकीय सेवाओं जैसे ड्राईविंग लाइसेंस, जाति प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, बिजली बिल, पेंशन, राजस्व अभिलेख, जन्म प्रमाण पत्र सहित अन्य योजनाएं चिन्हांकित कर 8 से 10 हजार युवाओं को उक्त सुविधा के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने आगे बताय कि नरवा, गरवा, घुरवा बाड़ी छत्तीसगढ़ के चार चिन्हारी योजना के अंतर्गत कृषि बाहुल्य शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सुराजी योजना के तर्ज में गोठान निर्माण किया जाएगा। संचालन संबंधित ग्रामों के ग्रामीण करेंगे।

उन्होंने शहरी तालाबों एवं नदियों के जीर्णोद्धार के लिए कार्य योजना पर बड़ी राशि व्यय किए जाने की जानकारी दी। साथ ही बताया कि आवारा पशुओं के लिए कांजी हाऊस का सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। जल संवर्धन के लिए शहरी नालों का वैज्ञानिक रीति से सुधार किया जाएगा। जल भराव वाले क्षेत्रों को चिन्हांकित करते हुए तालाब, पोखर आदि का निर्माण/उन्नयन किया जाएगा। रेन वाटर हार्वेस्टिंग को प्रोत्साहित किया जाएगा। गीले कचरे से खाद बनाने के लिए होम कम्पोस्टिंग योजना प्रारंभ की जाएगी। टैंकर मुक्त शहर के बारे में प्रेसवार्ता में बघेल एवं डहरिया ने बताया कि शहर में पेयजल की उपलब्धता 12 महीने सुनिश्चित कराने के लिए प्रदेश के 1 लाख के अधिक जनसंख्या वाले 9 शहरों में 1900 करोड़ रूपए एवं 1 लाख से कम जनसंख्या वाले 12 शहरों के लिए 190 करोड़ की लागत से पेयजल आवर्धन योजनाओं का कार्य तत्काल किया जाएगा।

विगत 10 माह में कांग्रेस सरकार की पेयजल नीति के तहत 62 शहर टैंकर मुक्त किए गए हैं। नगरीय निकाय चुनाव घोषणा पत्र की महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए नेता द्वय ने कहा कि आवासहीन लोगों का भू अधिकार एवं पट्टाधारियों के लिए पट्टे का नवीनीकरण कर प्रत्येक नागरिकों के लिए आवास की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। साफ सफाई व्यवस्था की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि घर-घर कचरा कलेक्शन के लिए मिशन क्लीन सिटी योजना को मजबूती प्रदान की जाएगी। प्रति घर कचरा उठाने की व्यवस्था को सशक्त किया जाएगा। व्यावसायिक एवं सार्वजनिक क्षेत्रों में सुबह शाम दो बार झाड़ू एवं साफ सफाई की व्यवस्था स्वच्छता कर्मियों के माध्यम से कराई जाएगी। प्रशासनिक कसावट एवं नगरीय निकाय से संबंधित कार्यों में पारदर्शिता बरती जाएगी। इसके साथ ही सामुदायिक भवन की ऑन लाईन बुकिंग, संपत्तिकर, समेकित कर, जल उपभोक्ता शुल्क घर बैठे भुगतान की सुविधा दी जाएगी। नल कनेक्शन के लिए ऑन लाईन सुविधा उपलब्ध की जाएगी। इसके साथ ही नगरीय निकायों को 50 लाख रूपए से 10 करोड़ रूपए तक का अनुदान मांग के अनुरूप स्वीकृत किया जाएगा। पत्रकारवार्ता से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव, नगरीय निकाय मंत्री शिव डहरिया, कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर, वरिष्ठ नेता सत्यनारायण शर्मा एवं कांग्रेस के प्रवक्ताओं ने वरिष्ठ पत्रकार रविकांत कौशिक के निधन पर दो मिनट का मौन धारण कर मार्मिक श्रद्धांजलि अर्पित की। संचार प्रमुख कांग्रेस कमेटी शैलेश नीतिन त्रिवेदी ने स्व. कौशिक की कमी को पत्रकारवार्ता में रेखांकित करते हुए उनकी कमी को कांग्रेस परिवार की निजी क्षति करार दिया।

सभी की भागीदारी से होगा विकास

मुख्यमंत्री एवं नगरीय निकाय मंत्री ने बताया कि आर्थिक एवं कौशल विकास से समावेशी शहर का निर्माण करने के लिए हर नागरिक का शहरी विकास में योगदान निर्धारित किया जाएगा। इसके साथ ही व्यापारियों की बहुत दिनों से चली आ रही गुमाश्ता लाइसेंस प्रणाली के सरलीकरण की सालों पुरानी मांगों को पूरा करते हुए सरकार नवीनीकरण में छूट देगी। स्थानीय छत्तीसगढ़ी संस्कृति विलुप्त होती स्थानीय परंपरा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 168 नगरीय निकायों में पौनी पसारी योजना प्रारंभ की जाएगी। पौनी पसारी योजना के लिए प्रति इकाई 30 लाख रूपए की लागत से 255 पौनी पसारी बाजारों का विकास किया जाएगा। परंपरा से संबंधित 12240 परिवारों के लिए रोजगार के नए अवसरों का सृजन होगा। योजना से विकसित बाजारों में सब्जी विक्रेता को प्रति चबूतरा मात्र 10 रूपए एक दिन का देना होगा।



संपादकीय

ये आग आखिर कब बुझेगी

संशोधीत नागरिकता कानून के खिलाफ जारी हिंसक आंदोलन थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। देश के अनेक हिस्सों में तोड़फोड़ और आगजनी की घटनाएं लगातार हो रही है। सुप्रीम कोर्ट ने इस पर तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि लोग कानून को हाथ में न लें। सरकार भी लगातार हिंसा पर उतारू उनमादियों से अपिल कर रही है कि वे हिंसा का रास्ता छोड़े और अफवाहों से बचे गौरतलब है कि जामिया मिलिया इस्लामिया के छात्र इस मुद्दे को लेकर हिंसक प्रदर्शन उतारू हो गए है। इसी तरह अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के छात्र भी आंदोलनरत है यात्री बसों पर पुलिस वाहनों को आग लगा रहे हैं। यहां तक स्कूल बसों को भी निशाना बना रहे हैं और एंबुलेंस में भी तोड़फोड़ कर रहे है। समझ में नहीं आता कि वे आंदोलन कर रहे है या अराजकता फैला रहे हैं। दिल्ली में पुलिस ने छात्रों पर सख्ती बरती तो विपक्ष के कई नेता आंदोलनकारी छात्रों के हिमायत में उतर आए और मोदी सरकार पर तानाशाही करने का आरोप लगाने लगे। कांग्रेस नेता गुलाम नबी आजाद ने इस पर तीखी प्रक्रिया देते हुए कहा है कि देश भर में हिसंक विरोध प्रर्दशन हो रहा है। पुलिस कैंपस में घुसकर लाईब्रेरी में पढ़ रहे और बाथरूम में नहा रहे छात्रों को पीट रही है। वामपंथी नेता सीताराम येचूरी और डी राजा ने भी हिंसक आंदोलन के लिए सरकार को ही जिम्मेदार ठहराया है। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी कैब का विरोध कर रही है और इसके खिलाफ रैली निकाल रही है। जाहिर है विपक्षी नेताओं का प्रोत्साहन पाकर ही छात्र आंदोलन को उग्र रूप दे रहे हैं। भाजपा ने तो विपक्षी दलों पर आरोप लगाया है कि विपक्ष ही इस आंदोलन को भड़का रहा है। कैब के खिलाफ चल रहे आंदोलन को लेकर सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। सरकार को चाहिए कि वह इस आंदोलन को खत्म कराने के लिए सख्त कदम उठाए, जो अराजक तत्व सरकारी संपत्ति और नीजि संपत्ति को क्षति पहुंचा रहे है उन्हें गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें। तभी यह आंदोलन रूकेगा। यह ठीक है कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है जिसमें सभी को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता प्राप्त है और सरकार के किसी भी निर्णय का विरोध करने का उन्हें अधिकार है। वे अपनी मांग को लेकर धरना आंदोलन प्रदर्शन करने के लिए स्वतंत्र है किन्तु इसका मतलब यह नहीं है कि वे आंदोलन के नाम पर हिंसा का नंगा नाच करें। सरकारी संपत्ति को आग लगाए और जनजीवन को प्रभावित करें। यदि वे ऐसा करते है तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी ही चाहिए। ताकि हिंसा की आग और ज्यादा फैलने से रूके। उम्मीद की जानी चाहिए कि इस संवेदनशील मुद्दे पर सत्ता-पक्ष और विपक्ष राजनीति नहीं करेंगे और राष्ट्रहित में ऐसे हिंसक आंदोलन को रोकने के लिए दलगत भावना से उपर उठकर ठोस कदम उठाएंगे।

विचार

कहां सावरकर और कहां राहुल ?

डॉ। वेदप्रताप वैदिक

हमारे आजकल के नेताओं से यह आशा करना कि वे नेहरु, लोहिया, श्यामाप्रसाद मुखर्जी, विनोबा, अटलबिहारी वाजपेयी और नरसिंहराव की तरह पढ़े-लिखे होंगे, उनके साथ अन्याय करना होगा। वे सत्ता में हों या विपक्ष हों, उनका बौद्धिक स्तर लगभग एक-जैसा ही होता है। सलाहकार तो उनके भी होते हैं। लेकिन वे अपने स्तर के लोगों से ही घिरे रहते हैं। इसी का नतीजा है कि कांग्रेस के राहुल गांधी ने कह दिया कि मैं सावरकर हूं क्या, जो माफी मांगूगा। मैं सावरकर नहीं, राहुल गांधी हूं। क्या पिद्दी और क्या पिद्दी का शोरबा ? आप कौनसे गांधी हैं ? आपके दादाजी, फिरोज भाई तो खुद को गांधी भी नहीं लिखते थे। उनके सरनेम की स्पेलिंग होती थी द्ध्द्धद्दठ्ठस्त्रद्ध याने घेंडी, घंदी या गंधी । राहुल ने यह नहीं बताया कि उसके माफी मांगने और सावरकर का क्या संबंध है। या तो उसे पता ही नहीं होगा कि उसने जो कहा, उसके पीछे कौनसी कहानी है। यह भी हो सकता है, जैसा कि होता हुआ अक्सर दिखाई पड़ता है कि किसी ने आकर कान में चाबी भरी और गुड्डा नाचने लगा। चाबी खतम तो नाच भी खतम। उसे आगा-पीछा कुछ पता नहीं। यह तो ठीक है कि रेप इन इंडिया (भारत में बलात्कार) कहने पर उसे माफी मांगने की कोई जरुरत नहीं थी, क्योंकि ऐसा कहकर वह बलात्कार का समर्थन नहीं कर रहा था बल्कि उसे धिक्कार रहा था लेकिन 'मैं मर जाऊंगा लेकिन माफी नहीं मांगूंगा', यह कहने की क्या मजबूरी थी ? जो सर्वोच्च न्यायालय से पहले ही माफी मांग चुका है, चौकीदार चोर है पर, उसे इतनी डींग मारने की क्या जरुरत है ? जहां तक अपने आपकी तुलना सावरकर से करने की बात है, यह तथाकथित नेता, जो पांच-सात वाक्य भी शुद्ध नहीं बोल सकता, उसकी यह हिमाकत ही है कि वह सावरकर को खुद से नीचा दिखाने की कोशिश करे। ऐसा करके अपनी भद्द पिटाने के अलावा इस घिसे-पीटे नौसिखिए ने और क्या किया ? सावरकर ने भारत की आजादी के लिए जैसी कुर्बानियां की हैं, क्या किसी कांग्रेसी नेता ने की है ? सावरकर ने जैसे मौलिक और खोजपूर्ण ग्रंथ लिखे हैं, उन्हें पढ़ने की भी क्षमता या बुद्धि आज के नेताओं में है ? सावरकर इतने बुद्धिवादी और तर्कशील थे कि उन्हें कांग्रेस तो क्या, जनसंघ, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा के लिए भी पचाना मुश्किल रहा है। यह ठीक है कि सावरकर और गांधी में कभी पटी नहीं लेकिन सावरकर में दम नहीं होता तो गांधी उनसे मिलने के लिए 1909 में लंदन के इंडिया हाउस और 1927 में उनके घर रत्नागिरि में क्यों गए थे ?

सत्यशोधक गुरु विश्वविद्यालय

कनक तिवारी

गुरु घासीदास ने सतनाम कहा। छत्तीसगढ़ की आत्मा शुद्ध कर दी। झूठ के सत्तालोलुप आततायी तिलिस्म में वंचितों का शोषण करने की हिंसा है। गुरु घासीदास की सत्यपरक व्यावहारिकता की कद काठी के समाज सुधारक बहुत नहीं होंगे। वर्ण, वर्ग और जातिवाद से संघर्ष दुस्साहस और जोखिम का काम है। छत्तीसगढ़ भी षड्यन्त्रों से फारिग नहीं है। दिसम्बर का महीना गुरु के जन्मदिन के कारण उष्ण सामाजिकता का हो जाता है। एक सत्यशोधक वैज्ञानिक संस्थान रचनात्मक कृतज्ञता का साध्य हो सकता है। सत्य पर आधारित व्यापक विचार विमर्श के दायरे में कई सामाजिक परिघटनाएं और विचारधाराओं के आग्रह, प्रतिबद्धताएं, कुरबानी और मुहावरे एक एकनिष्ठ निरन्तरता में कायम रह सकते हैं। साहित्य, वैचारिकता, सामाजिक आन्दोलन और प्रयोगमूलक अनुष्ठान मिलकर सामाजिक अवधारणा को विकसित और परिपुष्ट कर सकते हैं। इक्कीसवीं सदी को इसकी बेहद जरूरत है। गिरौदपुरी में सत्य के अनुष्ठान का अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय क्यों नहीं बनाया जा सकता?

महापुरुषों के कायिक यश की मूर्ति परम्परा रचनात्मक उद्योग है। विवादास्पद और चर्चित किस्सा नर्मदा तट पर गुजरात में सरदार वल्लभभाई पटेल की मूर्ति को लेकर है। प्रधानमंत्री ने लोकसभा चुनाव के दौरान संसार की सबसे ऊंची और महंगी लौह प्रतिमा सरदार की याद में स्थापित करने का संकल्प लिया था। प्रकल्प में हजारों करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है। मूर्ति की आड़ में मनोरंजन और व्यापार के केन्द्र भी खोले जाने हैं। यह सरंजाम विदेशी कंपनियों को दिया बताया जाता है। गुजरात के गांधी सरदार पटेल के गुरु और भारत के प्रतिनिधि सत्य और अहिंसा के सूर्य बने दुनिया में और स्वच्छता अभियान के राजदूत बने भारत में दमक रहे हैं।

गांवों, गलियों और नुक्कड़ों में गांधी की कुरूप, सुचितापूर्ण और बेतरतीब मूर्तियां हैं। मूर्तियां कभी कभी नामालूम व्यक्तियों द्वारा खंडित भी की जाती हैं। संविधान की पोथी थामे बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की मूर्तियों की बहुलता काफी ऊंची पायदान पर है। जवाहरलाल नेहरू की लोकप्रियता मूर्तियों के लिहाज से बनी हुई है। विवेकानन्द का कालजयी संदेश सियासतदानों के कारण किताबों के बनिस्बत मूर्तियों में समाहित किया जा रहा है। यही हाल भगतसिंह सहित उनके साथियों का है।

गांधी को उत्तराधिकारियों ने ही तिरस्कृत कर दिया। संघ परिवार की विचारधारा के अंश गोडसे ने हत्या करके गांधी के यश को धूमिल करने के फेर में विस्तारित ही किया। विवेकानन्द का अक्स भगवा वस्त्रों में नहीं उनके धर्म-वैज्ञानिक जेहन में है। कई राजनीतिक विचारधाराओं का लिबास गेरुआ रंग का नहीं है। वे विवेकानन्द के मस्तिष्क का पोस्टमार्टम करने के बदले उन्हें धर्मनिष्ठ पुरातनपंथी बिरादरी का समझ लेती हैं। नेहरू के आधुनिक विचार जिरह का विषय बनाने के बदले उन्हें परिवारवाद का प्रवर्तक कहा जाने लगा। अंबेडकर का संविधान-यश प्रबुद्ध दलितों द्वारा भी जातीय आधार पर पेटेंट की शैली का शिकार होता रहता है। मीडिया और सभा सम्मेलनों में दकियानूस विचार मानसिक खूराक बनाकर परोसे जाते हैं। विज्ञानसम्मत आधारों पर आगे बढ़ाने के बदले नागरिकों को धर्म-अजीर्ण हो गया है। आत्मा के लोहारखाने में बैठकर गुरु घासीदास ने सादगी की शैली में मनुष्य की महानता के अप्रतिम गीत गाए। यह महत्वपूर्ण नहीं है कि वे कब और किन परिस्थितियों में



पैदा हुए और रहे। यह भी कि उनकी याद में उनकी जन्मतिथि के आसपास गांव गांव में यादध्यानी जश्न किए जाते हैं। राजनीतिक और सामाजिक जमावड़े उनके उत्तराधिकारी होने का दावा और ढोंग करते हैं। गुरु के तात्विक यश की सामाजिक उपयोगिता को लेकर कोई सार्थक प्रयोजन होता दीखता नहीं। राजनीतिक कारणों की वजह से छत्तीसगढ़ में गुरु घासीदास और कोमाखान जमींदारी के विद्रोही नारायणसिंह की स्मृति में विश्वविद्यालय स्थापित करने की घोषणा हुई। घासीदास के नाम का प्रादेशिक विश्वविद्यालय केन्द्रीय विश्वविद्यालय हो गया है। सरकारी फाइलों में उनके नाम का गलत उल्लेख भी किया जाना पाया गया।

छत्तीसगढ़ का कोई विश्वविद्यालय, कॉलेज या स्कूल देश के चुनिंदा शिक्षा संस्थानों में नहीं है। राजनेताओं के माथे पर चिंता की लकीरें क्यों नहीं पड़तीं। भिलाई स्थित तकनीकी विश्वविद्यालय को विवेकानन्द का नाम दे देने भर से कालजयी सन्यासी का यश विश्व के काम नहीं आ रहा। विवेकानन्द की स्मृति में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का प्रबुद्ध विश्व संस्थान खोले जाने का प्रस्ताव ठंडे सरकारी बस्ते में है। विवेकानन्द मातृभूमि कलकत्ता के बाद सबसे ज्यादा दो वर्ष से अधिक रायपुर में रहे थे। मोहम्मद हिदायतुल्ला रायपुर के सरकारी स्कूल में पढ़े। इसलिए उनके नाम पर कानूनी शिक्षा का विश्वविद्यालय है। कुशाभाऊ ठाकरे, सुंदरलाल शर्मा, रविशंकर शुक्ल आदि समाजचेता राजनयिकों के नाम पर भी विश्वविद्यालय स्थापित हैं।

विश्वविद्यालयों में गुणवत्ता की पढ़ाई नहीं होने से छत्तीसगढ़ का नाम रोशन नहीं है। रविशंकर विश्वविद्यालय में स्नात्कोत्तर विधि कक्षाओं के बेपरवाह घटियापन से छात्रों को भागने की इच्छा होती है। घासीदास विश्वविद्यालय से शीर्ष लेखक मुक्तिबोध को दुरूह होने का आरोप लगाकर पाठ्यक्रम से निकाल दिया गया। कमाऊ निजी विश्वविद्यालय उद्योग बने डैने पसार रहे हैं। मध्यवर्ग के परिवारों का सबसे बड़ा बोझ बच्चों की पढ़ाई है। शैक्षणिक लूट बाजार में पेशेवर व्यापारी कुलाधिपति हैं। गुरुकुल के इतिहास का देश कैम्पस विश्वविद्यालयों की पश्चिमी आधुनिकता में कैद हो गया है।

ईसा मसीह, मोरध्वज, हरिश्चंद्र और गांधी जैसे सत्यशोधकों ने पंथ नहीं चलाया। केवल घासीदास के नाम के पीछे वीरपूजा की भावना के साथ सत्य का अनुयायी पंथ स्वयमेव चला। सतनामी शब्द का अर्थ आध्यात्मिक है। उस पर जातीय चश्मा चढ़ गया है। सत्य के नाम के अनुयायी पंथ को अनुसूचित जाति क्यों कहा जाए। घासीदास के अनुयायी समाज की तलहटी में क्यों रहें? सतनामी शब्द धार्मिक सामाजिकता का श्रेष्ठतम संस्कार है। गांधी की आत्मकथा का नाम 'सत्य के साथ मेरे प्रयोग' है। सलीब पर टंगे ईसा ने सत्य के संबंध में कथन किया। एक माह या पखवाड़ा घासीदास की याद में सभा सम्मेलनों के लिए सुरक्षित है। लोग उनके नाम का राजनीतिक शोषण करते हैं। छत्तीसगढ़ के इस अद्वितीय महापुरुष को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विस्तारित करना चाहिए। सत्य पर लिखे ग्रंथ, इतिहास के शोध और आचरण की व्यवस्थाएं दैनिक व्यवहार से लेकर अनन्त आकाश तक की वृत्तियों का आत्माघर हमारा प्रदेश क्यों नहीं बन सकता।

समतामूलक समाज के प्रणेता गुरू घासीदास

डॉ। संजय शुक्ला

गौरतलब है कि अक्षर ज्ञान न होते हुए भी गुरू घासीदास के संदेशों में व्यवहारिक ज्ञान का विद्वतापूर्ण भाव नीहित है, यह भाव ही गुरू घासीदास को सद्गुरू की उपमा से अलंकृत करती है। गुरू घासीदास के उपदेशों एवं अमृत वाणियों में मानव समाज के सभी आयामों व विषयों में अनुशासन तथा शुचिता के भाव विद्यमान है। इसके साथ ही उनके विचारों में शारीरिक, मानसिक, पारिवारिक एवं सामाजिक अनुशासन के उपाय भी नीहित है, इसीलिए संत गुरू घासीदास के संदेशों को सतनामी समाज ही नहीं वरन् छत्तीसगढ़ के सर्वसमाज ने आत्मसात किया है। बहरहाल आधुनिक परिवेष में जब देश व समाज में नैतिक मूल्यों का लगातार क्षरण हो रहा हो तब गुरू घासीदास के सिद्धांत एवं उपदेश संपूर्ण मानव समाज के लिए और भी ज्यादा प्रासंगिक हैं। जयंती अवसर पर गुरू घासीदास बाबा को शत्-शत् नमन।

प्राचीनकाल से ही भारत समूची दुनिया में अपने नैतिक मूल्यों के लिए ख्यात रहा है। इस देश में अनेक महापुरूष हुए हैं जिन्होंने अपने सिद्धांतों व आदर्शों से भारत ही नहीं वरन् विश्व समाज का पथ प्रदर्शन किया है। इन्हीं महापुरूषों में से एक संत गुरू घासीदास बाबा हुए जिनका जन्म छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले के गिरौदपुरी के पावन भूमि में 18 दिसंबर 1756 को हुआ उन्होंने ''सतनाम पंथ'' की स्थापना की। सतनाम पंथ के प्रवर्तक गुरूघासी दास बाबा के पिता का नाम महंगूदास एवं माता का नाम अमरौतिन था। ''मनखे-मनखे एक बरोबर'' रूपी सृष्टिसार संदेश देने वाले गुरूघासीदास बाबा के संपूर्ण जीवन दर्षन पर यदि आलोक डालें तो वे सहीं मायनों में संपूर्ण मानव समाज के आदर्श मार्गदर्शक प्रतीत होते हैं। यह अतिश्योक्ति नहीं होगी कि यदि विश्व समुदाय उनके सिद्धांतों व संदेशों को यदि अपने में आत्मसात कर ले व जीवन, आचरण और व्यवहार में शामिल कर ले तो संपूर्ण विश्व समाज सामाजिक, आर्थिक व लैंगिक भेदभाव और सामाजिक विसंगतियों से मुक्ति पा सकता है।

गुरूघासीदास के संदेश में जहॉं रूढ़िवाद, कुरीतियों, अंधविश्वास का प्रतिकार नीहित है वहीं उनके विचार नारी समानता, अहिंसा, व्यसन मुक्ति, सामाजिक, वैयक्तिक, नैतिक शुचिता और अनुशासन की सीख भी देता है। विचारणीय है कि पूरे देश में ''सतनाम पंथ'' के लाखों अनुयायी है तथा उन्होंने सतनामी समाज को रचनात्मक दिशा प्रदान की। परन्तु यह अकाट्य सत्य है कि गुरू घासीदास बाबा जैसे महापुरूषों को किसी भी धर्म, जाति या पंथ में सीमित नहीं किया जा सकता बल्कि वे सर्वसमाज के मार्गदर्शक और आस्था के व्यक्तित्व हैं। गुरू घासीदास के उपदेशों एवं वचनों के चिंतन से उनके प्रगतिशीलता एवं अनुभवजन्य विचारधारा की अनुभूति होती है।

छत्तीसगढ़वासियों के लिए गुरू घासीदास बाबा एवं उनकी जन्मस्थली गिरौदपुरी धार्मिक श्रद्धा के केंद्र है। जनश्रुतियों के अनुसार गुरू घासीदास में अलौकिक शक्ति बाल्यकाल से ही रही है। साधु प्रवृत्ति का यह बालक कालांतर में सतनाम का उन्नायक बना, उन्हें वन्य जीवन से गहरा अनुराग था। उनका विवाह अंचल के प्रसिद्ध बौद्ध पुरातात्विक नगरी सिरपुर के अंजोरीदास एवं सत्यवती नामक दंपति की सुपुत्री सफुरा से हुआ था। उन्होंने 40

18 दिसंबर जयंती अवसर पर विशेष

वर्ष की आयु में गृहस्थ जीवन त्याग दिया।

गृहस्थ जीवन के त्याग के बाद सतनाम के मूल आधार ''सत्य'' से प्रत्यक्ष साक्षात्कार हेतु वे छातागढ़ पहाड़ पर औंरा-धौरा वृक्ष के नीचे समाधि में ध्यानस्थ हुए। रज एवं तमोगुण से मुक्त सत्ववान घासीदास को सत्य का बोध होने के बाद उन्होंने अपना जीवन जनकल्याण के लिए अर्पित कर दिया। कठिन तपस्या के पश्चात् गुरू घासीदास में चमत्कारिक शक्ति का अभ्युदय हुआ, इस शक्ति के द्वारा उन्होंने अंचल के जनमानस के रोग एवं शोक का निदान किया। उन्होंने समाज सुधार एवं जनकल्याण का बीड़ा उठाते हुए छत्तीसगढ़ अंचल में उपदेश हेतु यात्रा किया। यात्रा को रावटी की संज्ञा दी गई है, इस रावटी में प्रमुख रूप से बस्तर जिले के चिरईपदर, कॉंकेर, राजनांदगांव, दुर्ग जिले के पानाबरस मोहला, डोंगरगढ, राजनांदगॉंव के गंडई, कवर्धा के भोरमदेव, बिलासपुर के दलहा पोंड़ी आदि शामिल है। इस उपदेश यात्रा (रावटी) में उनके अनुयायी भी शामिल होते थे। इस दौरान गुरू घासीदास बाबा जनसामान्य को सरल छत्तीसगढ़ी भाषा में ही उपदेश दिया करते थे।

गुरू घासीदास के उपदेशों एवं अमृत वाणियों का प्रभाव इतना असरकारी था कि अन्य संप्रदाय एवं समाज के लोग भी उनसे गुरूदीक्षा लेकर उनके शिष्य बनने लगे। बाबा घासीदास की अध्यात्मिक ख्याति से तत्कालीन सामंतवादियों की चूलें हिलने लगीं। इन तत्वों द्वारा उनके अध्यात्मिक यात्रा में बाधा पहुँचाने का प्रयास भी किया गया, लेकिन गुरू घासीदास इन बाधाओं से विचलित नहीं हुए तथा विघ्नसंतोशियों का दुश्चक्र सत्य के आगे बौना साबित हुआ।

कालांतर में सतनाम के प्रर्वतक घासीदास जी ने भंडारपुरी को अपना कर्मस्थली निश्चित किया, वहॉं गुरूद्वारा का निर्माण कर जैतखंभ स्थापित किया गया, इस प्रकार भंडारपुरी भी आस्था के केंद्र के रूप में स्थापित हुआ। इतिहासकारों के अनुसार गुरू घासीदास का निर्वाण 20 फरवरी 1850 माना गया है। 17 वीं शताब्दी में मानवता का संदेश प्रचारित कर सर्वसमाज में सामाजिक क्रांति का प्रादुर्भाव करने वाले महान संत गुरू घासीदास के विचार एवं उपदेश 21 वीं सदी में ज्यादा प्रासंगिक है, उनके विचारों में जहॉं पाखंड एवं व्यसनो का निषेध किया गया है वहीं नारी स्वतंत्रता, स्वालंबन तथा समान दर्जा का भाव भी मौजूद है।

उनके प्रमुख उपदेशों ''सतनाम को मानो, मूर्तिपूजा मत करो, जीव हत्या मत करो, परस्त्री को माता मानो, शराब मत पियो, दोपहर में खेत मत जोतो।'' के मीमांशा से यह स्पष्ट है कि गुरू घासीदास के इन सात उपदेशों में भारतीय दर्शन एवं धर्म का सारांश नीहित है। हिंदू एवं जैन धर्माचार्यों ने जहॉं जीव हत्या, मांसाहार एवं शराब सेवन को वर्जित किया है, वहीं सत्यनाम, मूर्तिपूजा विरोध, जात-पात निषेध, कबीरपंथ के प्रमुख सिद्धांत हैं। इन उपदेशों में ''बहुजन हिताय बहुजन सुखाय'' का मूलमंत्र भी प्रतिध्वनित होती है। उनके रावटी में सदियों के अन्याय, अत्याचार एवं अनाचार से मुक्ति का प्रसंग भी शामिल है।

(लेखक, शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, रायपुर में सहयक प्राध्यापक है।)

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

शर्म आंखों में हो तो कोई बात बने साहेब

शर्म आंखों में हो तो कोई बात बने साहेब, वरना यहां इशारे तो बुर्के से भी होती हैं। ये जरूरी नहीं कि बरसात नयनों से ही हो, मुहब्बत हो तो दिल की आंखे भी रोती हैं।
संजय सिंह राजपूत

कौन आग में है कौन धुएं में सब धुआं

कौन आग में है कौन धुएं में सब धुआं धुआं है गीली लकड़ी चूल्हे में डली है कुछ रोटी गीली तो होगी कुछ पानी के छीटें तो पड़ेंगे कुछ देर आंखें तो जलेगी कुछ देर धुआं तो होगा फिर आँखें और आसमान दोनों साफहो जाएंगे इक इंद्रधनुष नजर फिर आएगा।
अनामिका चक्रवर्ती

ख़ास पाती | तुम क्या गए, हम बिन प्राण

तुम क्या गए, हम बिन प्राण रह गए। जाते देखा तुमको, फिर भी रोक ना पाए।। जिंदगी जीती तो नही बस कटती है तेरे बिन। तुम चार कंधो पर गए पिय। हम बिन पानी तड़पते रहे ।। करे भी क्या इस जीवन का अब नही कोई मोल रहा। तेरे संग सब रंग ,अब हर रंग बिन मोल गया।। जिंदगी की लड़ाई हर हाल में लड़नी है। साथ मे होते तुम, बात चाँद संग तारे होती। आज अमावस की रात पिय,सुबह अब निराली है। आता सूरज किरण संग,उम्र अब नही बाली है।। तेरे संग संग चला गया सब,मन अब खाली है।। तुम क्या गए प्रिय हम मीन बन तड़पते है।। आँखों अश्रुधार नही,समंदर सब खारे लगते है।। तुम क्या गए प्रिय हम बिन प्राण रह गए।। **डॉ मोनिका देवी**

महकती मधुमयी सुमधुर सुगंध



महकती मधुमयी सुमधुर सुगंध तुम्हारी रची बसी है कण कण में अद्भुत अलौकिक छवि तुम्हारी रची बसी है नैनन मे.. विरह की वेदी पर चढा दूं व्यर्थ वेदना मन की, परिचित है चेतना तलहटी ह्रदय की सुसज्जित है तुम्हारे स्मरण में। **किरन दीदी**

इतना तनहा हूँ इस सारी कायनात

इतना तनहा हूँ इस सारी कायनात में, यूँ पूरी कायनात मेरे साथ में खड़ी हैं! ये जो रंग बदल रहा है आसमां ऐसे, तभी तो दिल में जैसे मुश्किलें बढ़ी हैं! अब और मैं इल्तिज़ा क्या करूँ तुझसे, मुझसे भी इल्तिज़ा उसने की बड़ी हैं! बादल भी उसूलों पर अड़े हैं मेरी तरह, बे-उसूल शहर में तो सावन की झड़ी है! रो रहा है मेरा दिल यूँ ही तन्हाइयों में, और महफिल अपनी ही ज़िद पे अड़ी है! कभी तो मेरे भी सुर्खाब के पर लगेंगे, 'नीर' की किस्मत भी बदनसीब बड़ी है ! **निरंजन 'नीर'**

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में छीन के लेंगे आज़ादी का नारा ख़तरे का सबसे बड़ा प्रतीक है 6 महीने पहले भारत में चुनाव हुआ था तब क्यों नहीं छीनी आज़ादी? भारत में 90 करोड़ वोटर हैं, संसद है, सुप्रीम कोर्ट है, वो तय करेंगे आज़ादी कहाँ देनी है,किसे देनी है। कोई छीन नहीं सकता। **विजय पाण्डेय**

शक्ति व विश्वास दोनों ही किसी

शक्ति व विश्वास दोनों ही किसी कार्य पूर्ण करने के लिए आवश्यक होते हैं, यह हमारा आत्मविश्वास ही होता है जो हमारी शक्तियों को बल प्रदान करता है। अपनी शक्तियों व आत्मविश्वास के संतुलन से कर्मपथ पर निरंतर आगे बढ़ने वाले निश्चित ही सफलता को प्राप्त करते हैं। **सुनिल शुक्ला**

मनुष्य की चाल धन से भी बदलती

मनुष्य की चाल धन से भी बदलती है और धर्म से भी बदलती है। जब धन संपन्न होता है तब अकड़ कर चलता है। जब धर्म संपन्न होता है तो विनम्र होकर चलता है।। आपका दिन शुभ एवं मंगलमय हो। **कमलकांत डोंगरे**

तेरे खलिफ़किसी का बयान तो

तेरे खलिफ़ किसी का बयान तो होगा! हमारे क़त्ल का कोई निशान तो होगा। यू भी जो नींद नहीं आई हमको रातों में पलक पे ख्वाब तेरा मेज़बान तो होगा! बग़ौर रखना ज़रा ध्यान अपने मकतब पे हर इक सबक़ है यहाँ इम्तिहान तो होगा! तू मेरे सामने तो मुझसे कर वफा ज़ालिम मुझे भी आईने पर इत्मिनान तो होगा! अजब ख़यालों की रस्साकशी में टूट गई गजल में दूसरा भी कोई ध्यान तो होगा! ज़रा बढ़ के बताना तू दाम चाहत का हिसाब ए किश्त में थोड़ा लगान तो होगा! **पूजा बंसल**

लघु कथा

मयूर नहीं पी काक

जून का पहला सप्ताह , सुबह का आसमान शाम की तरह धुंधला और मौन सा लग रहा था । मई की गर्मी का बुखार उतरने से हवा में कुछ ठंडक महसूस हो रही थी। करवट ले हंसते हुये नींद से जग रहे किसी बच्चे की तरह मौसम में बदलाव बड़ा प्यारा लग रहा था । खेत की पगडंडियों पर पैर जमाते हुए निशांत अपने मम्मी , पापा और भाई के साथ गर्मियों की छुट्टियां बीता कर, अपने गाँव से शहर की ट्रेन के लिए पास के स्टेशन की राह पर था । सुहावने मौसम में मस्त हुए मयूर पास के खेत में मानो धड़ - पकड़ का खेल खेल रहे थे । सहसा , निशांत की प्रकृति प्रेमी नज़रों ने उस झूंड को देख लिया और अपनी मम्मी के हाथ को खींच कर कहने लगा, देखो देखो मयूर । बेटे की देहाती जुबान को सून मम्मी ने झिझकते हुए सर पर एक हल्की चपत लगाते हुए कहा, मयूर नहीं पी काक बोल , इसलिए इंग्लिश मीडियम में इतना पैसा देकर पढ़ा रहे हैं । बगल से पापा ने मंद मुस्कान से समर्थन करते हुए परिवार के साथ राह पकड़ी ।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। भारत एवं विश्व इतिहास में 18 दिसंबर की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैं। 1271- कुवलय खां ने अपने साम्राज्य का नाम युवान रखा जो मंगोलिया और चीन में फैला हुआ था। 1398- तैमूरलंग ने सुल्तान नुसरत शाह को हराकर दिल्ली पर कब्जा किया। 1787 न्यूजर्सी अमेरिकी संविधान को स्वीकार करने वाला तीसरा राज्य बना। 1833 सोविय संघ (रूस) का राष्ट्रीय गान 'गॉड सेव द जार' पहली बार गाया गया। 1878- सोवियत संघ को महाशक्ति में बदलने वाले नेता जोसेफस्टालिन का जन्म हुआ। 1897-भोजपुरी कलाकार, संगीतकार और सामाजिक कार्यकर्ता भिखारी ठाकुर का जन्म हुआ। 1956- जापान ने संयुक्त राष्ट्र की सदस्यता ग्रहण की। 1969- इंगलैंड में मृत्युदंड की सज़ा समाप्त की गई। 1960- नयी दिल्ली में राष्ट्रीय संग्रहाल का शुभारंभ।

न्यूज गैलरी

साहित्य समिति द्वारा काव्यगोष्ठी

भिलाई। सांई मंदिर रामनगर के प्रांगण में श्री चित्रगुप्त साहित्य समिति भिलाई-दुर्ग की काव्यगोष्ठी सम्पन्न हुई। जिसके मुख्य काव्य केंद्र बिंदु नारी रक्षा सुरक्षा था। उपस्थित कवियों शायरों में मुकेश भटनागर आवाज अध्यक्ष, प्रोफेसर प्रबीर रंजन साकेत, उपाध्यक्ष डॉक्टर श्रीमती बीना सिंह, उपाध्यक्ष अनिल पांडेय, कोषाध्यक्ष श्रीमती अनुराधा बख्शी, एनएल मौर्यजी, जायसवाल, प्रशांत श्रीवास्तव, सह सचिव प्रोफेसर पंकज अग्रवाल, यशवंत सूर्यवंशी, ओमवीर करन, श्रीमती प्रिया गुप्ता आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामनाथ पांडेय द्वारा की गई।

अवैध प्लाटिंग पर निगम की कार्रवाई

भिलाईनगर। निगम भिलाई के कुरूद एवं कोहका क्षेत्र अंतर्गत अवैध रूप से प्लाटिंग किए जाने की जानकारी प्राप्त होने पर जोन क्रं. 02 क्षेत्र अंतर्गत आने वाले कुरूद रुंगटा कॉलेज के पीछे नाला के समीप अनाधिकृत रूप से निर्माण किए गए मार्ग संरचना को जेसीबी से हटाकर मूल स्वरूप में तब्दील करने की कार्यवाही की गई साथ ही लगाए गए सीमेंट पोल को हटाया तथा 4 हाइवा मुरूम भी मौके से जप्त किया गया। इसी प्रकार जोन क्रं.1 अंतर्गत आने वाले कोहका आर्य नगर क्षेत्र में डीपीसी लेबल तक किए गए निर्माण को दो जेसीबी से ध्वस्त किया गया।

राजस्व वसूली में प्रगति लाने बैठक

भिलाई। निगम क्षेत्र अंतर्गत राजस्व वसूली में प्रगति लाने निगम सभागार में उपायुक्त अशोक द्विवेदी ने बैठक ली। बैठक में समस्त जोन आयुक्त, जोन के राजस्व अधिकारी, स्पैरो कंपनी के कर्मचारी सम्मिलित हुए। बैठक में उपायुक्त अशोक द्विवेदी ने स्पैरो कंपनी, जोन के राजस्व अधिकारी से वार्ड वार कुल आवासीय, व्यवसायिक, संपत्तिकर, जलकर, समेकितकर, शिक्षा उपकर जमा करने वालों की संख्यात्मक एवं राजस्व वसूली की जानकारी प्राप्त की।

कई वार्डों में निर्दलीय प्रत्याशी पड़ेंगे कांग्रेस-भाजपा पर भारी

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। नगर निगम चुनाव में जीत के लिए प्रत्याशियों द्वारा कोई कोर कसर नही छोड़ी गई है। जिससे कई वार्डो में त्रिकोणीय संघर्ष ने माहौल को रोचक बना दिया है। वार्ड 8 में 3 पूर्व पार्षदों द्वारा जोर आजमाईश की जा रही है। जहां भाजपा की ओर से शंकर नगर के पूर्व पार्षद रहे सुरेन्द्र बजाज प्रत्याशी है। वहीं निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में विल्सन डिसूजा मैदान में है। श्री डिसूजा 2 बार इसी वार्ड का प्रतिनिधित्व कर चुके है। अबकी कांग्रेस बागी श्री डिसूजा दोनों पार्टियों की नाक में दम कर रखा है। जबकि कांग्रेस ने वर्तमान पार्षद पर भरोसा कर पुनः उन्हे अपना प्रत्याशी बनाया है। अन्य प्रत्याशियों में कोई खास दमदार प्रत्याशी नहीं है। लेकिन मोहल्ला चुनाव होने के कारण अंदर ही अंदर कोई प्रत्याशी ज्यादा जोर लगाकर चुनावी गणित को प्रभावित कर सकता है। ऐसे प्रत्याशी में अनुप सोनी का नाम प्रमुखता से लिया जा रहा है। इसी प्रकार वार्ड नं. 23 जो कि महिला वर्ग के लिए आरक्षित है। वहां भाजपा के पूर्व पार्षद विजय जलकारे जो कि एमआईसी मेम्बर भी रहे है। उनकी पत्नी प्रियंका जलकारे को भाजपा प्रत्याशी बनाया गया है। कांग्रेस ने श्रीमती सुखवंत कौर रंधावा पर अपना दांव लगाया है। यहां पर निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में चुनाव मैदान में उतरी पूर्व पार्षद मीना सिंग दोनों पार्टियों की प्रत्याशियों पर भारी पड़ रही है। मीना सिंग के व्यक्तिगत संबंध के कारण दोनों राष्ट्रीय पार्टियों के प्रत्याशियों को नगर सरकार में हिस्सा मिलना मुश्किल नजर आ रहा है। शेष प्रत्याशियों की उपस्थिति नगण्य है। प्रमुख मुकाबला इन तीनों प्रत्याशियों में ही होना है। जिससे वार्ड में त्रिकोणीय संघर्ष की स्थिति बनी हुई है। वार्ड क्र. 30 से कांग्रेस के पूर्व पार्षद भोला महोबिया ताल ठोक रहे है। ये वोरा गुट के खास है। जबकि भाजपा ने विनीत ताम्रकार पर दांव लगाया है। विनीत युवा व मिलनसार है, लेकिन राजनीति के पुराने खिलाड़ियों के बीच कुछ वे कमजोर साबित हो रहे है। यहां से भाजपा बागी पूर्व पार्षद श्याम शर्मा निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में चुनाव लड़ रहे है। युवा तुर्क एवं युवाओं में अपनी पैठ रखने वाले श्याम शर्मा ने निर्दलीय होते हुए भी कांग्रेस-भाजपा के अलावा अन्य प्रत्याशियों के होश उड़ाकर रख दिए है। श्याम को वार्डवासियों का जबर्दस्त समर्थन हासिल हो रहा हैं। जिसे उनके लिए शुभ संकेत माना जा रहा है। इसी प्रकार बोरसी पश्चिम वार्ड क्र. 49 में निर्दलीय प्रत्याशी भास्कर कुंडले कांग्रेस व भाजपा प्रत्याशी को कड़ी टक्कर दे रहे है। श्री कुंडले के जनाधार से उनकी स्थिति मजबूत बताई जा रही है। श्री कुंडले वार्ड के पूर्व पार्षद रहे है। कांग्रेस से बगावत कर वे निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में चुनाव लड़ रहे है। कांग्रेस ने यहां से राकेश शर्मा और भाजपा ने आशुतोष दुबे को प्रत्याशी बनाया है। शहीद भगत सिंह वार्ड 19 में निर्दलीय प्रत्याशी प्रमोद पाटिल राष्ट्रीय पार्टियों के प्रत्याशियों के लिए बड़ी चुनौती बने हुए है। वे पूर्व पार्षद रह चुके है। भाजपा से बगावत कर वे निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में चुनाव लड़ रहे है। कांग्रेस ने यहां से कांशीराम रात्रे को प्रत्याशी बनाया है। जबकि भाजपा ने अभिषेक टंडन पर दांव लगाया है।

महापौर पद की राह आसान नहीं, पार्षद पद पर उन्हें मिल रही कड़ी टक्कर

नगर पालिक निगम के महापौर पद का चुनाव अप्रत्यक्ष प्रणाली से होने से दावेदारों को पहले ही झटका लग चुका है। हालांकि ऐसे दावेदार अब जरुर पार्षद पद का चुनाव लड़ रहे है, लेकिन उनका पूरा ध्यान महापौर पद पर केन्द्रित है।

लिहाजा कांग्रेस, भाजपा व अन्य दलों के यह दावेदार पार्षद पद का चुनाव जीतने एड़ी-चोटी का जोर लगाए हुए है। जिन्हे पार्षद चुनाव में प्रतिद्वंदी प्रत्याशियों की जबर्दस्त टक्कर मिल रही है। जिससे उनके जीत पर संशय की स्थिति बनी हुई है। कांग्रेस खेमे की बात करे तो पार्षद प्रत्याशी मदन जैन, धीरज बाकलीवाल, राजकुमार नारायणी, राकेश शर्मा, अब्दुल गनी, सत्यवती वर्मा, तेज बहादूर बंछोर का नाम महापौर पद के लिए प्रमुखता से उभर कर सामने आ रहा है, वहीं दूसरे ओर भाजपा से पार्षद प्रत्याशी रत्नेश चंद्राकर, चंद्रकला खिचरिया, ज्योति चंद्राकर, देवनारायण चंद्राकर, संजय सिंह, अजय वर्मा को महापौर पद का दावेदार बताया जा रहा है। इसके अलावा कुछ निर्दलीय प्रत्याशी भी महापौर बनने का सपना संजोए हुए है। भाजपा के दावेदारों को राज्यसभा सदस्य पर भरोसा है तो कांग्रेस के दावेदारों को शहर विधायक की कृपादृष्टि होने की पूरी उम्मीद है। फिलहाल महापौर के दावेदारों को पार्षद पद चुनाव में प्रतिद्वंदी से कड़ी टक्कर मिल रही है। पार्षद पद के इस पड़ाव को पार करने के बाद ही दावेदारों के लिए महापौर के पद का रास्ता प्रशस्त होगा।

सुख चाहिए तो कथा रूपी समंदर में डूब जाओ : चिन्मयानंद बापू

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। श्रीराम जन्मोत्सव समिति एवं जीवन आनंद फाउण्डेशन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित श्रीराम ज्ञान यज्ञ एवं श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ के तीसरे दिन श्रीराम जन्मोत्सव का प्रसंग प्रस्तुत किया। जहां कथावाचक राष्ट्रीय संत चिन्मयानंद बापू ने श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराते हुए कहा कि संसार में यदि सुख चाहिए तो कथा रूपी समंदर में डूब जाओ। उन्होंने कहा कि केवल 3 घंटे की यह कथा सुनने मात्र से जिंदगी संवर जाती है। कथा वाचक बापू ने कहा कि शराबी तो रोज ही प्याला पीता है लेकिन वह तो एक रात में उतर जाती है। लेकिन जो व्यक्ति कथा रूपी प्याले को पीता है उसके जीवन की नैय्या पार लग जाती है। उन्होंने कहा कि श्रोता का मन समंदर जैसा होना चाहिए जो कभी भी नहीं भरना चाहिए। जिस तरह समंदर में कितनी ही नदियां समाहित हो जाएं लेकिन वह भरता नहीं, उसी प्रकार श्रोता को भी खुले मन से कथा का श्रवण करना चाहिए।

श्रीराम कथा से जुडना़ सुखी होने का एकमात्र तरीका

श्रीराम के साथ जुड़ जाना ही सुखी होने का एक मात्र तरीका है। भगवान के साथ जुड़ाव आपको सुख नहीं, अपवाद की अनुभूति कराता है। उन्होंने कहा कि भगवान की उपस्थिति का अहसास, चिंतन, सुमिरन हमारे शरीर के छिद्र कोषों में आनंद को खिला देता है। उन्होंने कहा कि एक राम का नाम ही हैए जो बिखरे, टूटे और कटे भारत को एक कर सकता है। उन्होंने कहा कि जब इंसान अकेले सुख भोगता है तो उसे आनंद कहते है, लेकिन जब उस सुख में सभी भागीदार होते है तो वह महोत्सव बन जाता है ।

श्रीराम नाम से अमंगल भी हो जाता है मंगल

प्रभु श्रीराम का नाम सुनने मात्र से अमंगल से बदलकर मंगल हो जाता है । उन्होंने श्रीराम जन्म से अयोध्यावासियों में उमडी खुशी का बड़े ही सुंदर शब्दों में बखान करते हुए कहा कि चंद्रमा ने जब भगवान से शिकायत के कि उसे प्रभु.दर्शन का सौभाग्य नहीं मिल रहा है तो भगवान ने चंद्र शब्द अपने नाम का आधार अर्थात श्रामचंद्रश् दिया । श्रद्धालु.श्रोताओं को श्रीराम कथा की यात्रा कराते हूए चिन्मयानंद बापू ने महामुनि विश्वमित्र द्वारा मारीच.ताड़का जैसे राक्षसों के बध के लिए राजा दशरथ से श्रीराम और लक्ष्मण को मांगने वाले प्रसंग से गुजरते हूए अहिल्या.उद्धार की कथा का बड़े ही मार्मिक ढंग से वर्णन किया।

26 फरवरी को हैकाथन 3.0 का आयोजन

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। श्री शंकराचार्य टैक्निकल कैंपस जुनवानी द्वारा दो दिवसीय हैकेथॉन का आयोजन 26-27 फरवरी 2020 को किया जा रहा है। स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय के 'टीक्यूब' के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाली यह प्रतियोगिता छात्रों के लिए पूरी तरह निःशुल्क है। आज 15 दिसंबर को श्री शंकराचार्य टेक्निकल कैम्पस की प्रेसिडेंट जया मिश्रा और डॉयरेक्टर डॉ. पीबी. देशमुख ने प्रतियोगिता का पोस्टर जारी किया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. समता गजभिये ने बताया कि एक टीम में 3 से 5 छात्र भाग ले सकते हैं। साथ ही प्रतिभागियों को संबंध सहयोगियों द्वारा निःशुल्क इंटनशीप और ट्रेनिंग की सुविधा भी दी जा रही है। श्री शंकराचार्य टैक्निकल कैंपस द्वारा यह प्रतियोगिता तीसरी बार आयोजित की जा रही है। सॉफ्टवेयर एप्लिकेषन बनाने की यह प्रतियोगिता 24 घण्टे के लिए आयोजित की जाती है। जया मिश्रा ने कहा कि छात्रों के लिए यह बहुत ही सुनहरा अवसर है।

साई बाबा आई हॉस्पिटल का जांच शिविर

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। बीएमवाई चरोदा स्थित रेलवे इंस्टिट्यूट में साई बाबा आई हॉस्पिटल द्वारा निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया। आयोजन पार्षद किरण राजू नायडू वार्ड क्रं. 26 एवं जीत सिंह वार्ड क्रं. 27 मजदूर कांग्रेस रायपुर मंडल के प्रयासों द्वारा समस्त चरोदा वासियों के लिए किया गया । इस शिविर में अतिथि के रूप में निगम सभापति विजय जैन, मंडल समन्वयक मज़दूर कांग्रेस डी विजय कुमार, बीडी प्रसाद, एल्डरमैन दिलीप ध्रुव, ए शेष बाबू, रमना मूर्ती उपस्थित थे। इस निशुल्क जांच शिविर का उद्धाटन सभापति भिलाई चरोदा नगर पालिका निगम विजय जैन व द पूर्व मध्य रेल रायपुर मंडल के मंडल समन्वयक डी विजय कुमार एव केंद्रीय पदाधिकारी मज़दूर कांग्रेस बीडी प्रसाद द्वारा किया गया। इस शिविर में चरोदा क्षेत्र के 150 से ज्यादा नागरिको ने लाभ प्राप्त किया ।

प्रत्याशी कर रहे हैं सघन जनसंपर्क

अहिवारा। स्थानीय सरकार बनाने के लिए चुनाव प्रचार में तेजी आ रही है लगभग सभी दल के सभी पार्षद प्रत्याशी जनता को अपने पक्ष में करने हेतु पूरजोर कोशिश में लगे हैं। जामुल नपा अध्यक्ष सरोजनी चंद्राकर को अहिवारा नपा वार्ड 9 का प्रभारी नियुक्त करने के बाद श्रीमति चंद्राकर कांग्रेस के प्रत्याशी भवानी के पक्ष में सघन जनसंपर्क किया और मतदाताओं को कांग्रेस के पक्ष में वोट देने की अपील की। इस दौरान नागमणी साहू, डिगेश्वरी नायक, रामकुमारी साहू, गितेश्वरी चतुर्वेदी ने भी प्रत्याशी भवानी को जिताने की अपील की है।

एक कार व 4 मोटर सायकिल जब्त

दुर्ग। आयुक्त इंद्रजीत बर्मन के निर्देश पर यातायात पुलिस और नगर निगम की संयुक्त कार्यवाही जीई रोड में 11 वी बटालियन के पास से रायपुर नाका, मालवीय नगर चौक, राजेन्द्र पार्क, नया बस स्टैण्ड होते हुये पटेल चौक और पुलगांव चौक तक चलायी गई। कार्यवाही के दौरान सड़क किनारे रखे और पड़े हुये एक वाहन कार और 4 मोटर सायकिल को जप्त किया। आयुक्त ने प्रत्येक वार्ड में अभियान चलाकर कार्यवाही करने विभागीय निर्देश दिए।

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./342/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका/ उपहारपत्र श्रीमती रीता रुबी पिता/पति सिरील वेंजल प्रेम निवासी ग्राम त्रिवेणी नगर जुनवानी तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम जुनवानी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 480/2 रकबा 0.010 हे. भूमि को उपहारकर्ता सिरील वेजल प्रेम पिता स्व. प्रेम विशाली निवासी त्रिवेणी नगर जुनवानी तह. व जिला को रजिस्टर्ड उपहारपत्र दिनांक 12.12.19 द्वारा उपहार में दिया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड उपहारपत्र के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 31.12.2019 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 13.12.2019 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र./09/अ-27/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक नरेन्द्र कुमार मिश्रा आ. स्व. लाल जी मिश्रा निवासी ओम नगर उरला थाना मोहन नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग द्वारा ग्राम कसारीडीह प.ह.नं. 25 अ रा.नि.मं. दुर्ग 01 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नबर 1001/11 एवं 1002/11 कुल रकबा 0.012 हे./ भूमि नरेन्द्र कुमार मिश्रा आ. स्व. लाल जी मिश्रा आ. स्व. लाल जी मिश्रा अन्य 06 सहखातेदार के नाम से शामिल खाता राजस्व अभिलेख में दर्ज है। अतः ग्राम कसारीडीह प.ह.नं. 25 अ रा.नि.मं. दुर्ग 01 तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 1001/11 एवं 1002/11 कुल रकबा 0.012 हे. भूमि का सभी खातेदारों के मध्य खाता विभाजन/ बटवारा करने हेतु मय दस्तावेज के साथ इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 14.01.2020 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 16.12.2019 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग अण्डा सर्किल (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रमेश कुमार आ. गोरखनाथ साकिन उतई के द्वारा ग्राम उतई प.ह.न 42 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर कुल 08 रकबा 1.510 हे भूमि ... रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 10.10.2019 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 23.12.2019 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09.12.2019 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग अण्डा सर्किल (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक तेजराम पिता परमेश्वर साकिन तिरगा के द्वारा ग्राम तिरगा प.ह.न 31 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 408/1 रकबा 0.080 हे भूमि नंदकुमार रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक ... को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 28.12.2019 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13.12.2019 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

प्र.क्र.//अ-2/2019-20

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती मीरा तिवारी जौ. नागेन्द्र तिवारी साकिन सेक्टर 11 जोन 2 भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम उमदा प.ह.न. 01 तहसील पाटन व जिला दुर्ग की स्थित भूमि खसरा नंबर 388/54 रकबा 0.037 हें अर्थात 4000 वर्गफीट की आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किये जाने के लिये आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् प्रस्तुत किया हैं।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 03.01.2020 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकतें हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आवेदन कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17.12.2019 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया ।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.	पक्षकार का नाम	ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
278/अ-2/2019-20	जसपाल सिंह	201912100400040

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक जसपाल सिंह आ. सुरजीत सिंह निवासी क्वा. नं. 6 सी सड़क 02 से-04 भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59(2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तह.व जिला दुर्ग	406/5	0.005 हें 480 वर्गफीट	आवासीय

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 10.12.2019 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

इलाहाबाद बैंक

(भारत सरकार का उपक्रम)

निरस्त नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इलाहाबाद बैंक, व्यापार विहार शाखा द्वारा श्री मनोज कुमार पिता श्री कांकेलाल श्रीवास्तव व श्रीमती दर्शना देवी पति श्री मनोज कुमार की संपत्ति ग्रा सकरी आर.एन.एम. सकरी, तहसील- तखतपुर, जिला-बिलासपुर, प.ह.नं. 26/45, खसरा नं. 282/14, प्लॉट नं. 7/56, नेचर सिटी के अन्तर्गत में स्थित है। जिसकी नीलामी की तिथि दिनांक 23.12.2019 को तय थी जिसे अब बैंक द्वारा निरस्त किया जा रहा है।

आज्ञा से

मुख्य शाखा प्रबंधक

इलाहाबाद बैंक, व्यापार विहार, बिलासपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./343/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कपिल सरना पिता मनीषचंद्र सरना निवासी मकान नं. बी-476, सड़क नं. 24 स्मृति नगर जुनवानी भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1338/14 रकबा 1350 वर्गफीट/ 125.46 वर्गमीटर/ 0.012 हे. भूमि को विक्रेतागण श्री अजय हरिहारणो पिता स्व. बालमुकुंद हरिहारणो निवासी पांच बिल्डिंग (खालसा स्कूल के पीछे) दुर्ग तह. व जिला दुर्ग व कु. आभा हरिहारणो पिता स्व. बालमुकुंद हरिहारणो निवासी सागर होटल के पीछे न्यू दीपक नगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के तरफ से प्रथम अपर जिला न्यायालय दुर्ग के प्रथम न्यायाधीश श्री विवेक कुमार तिवारी दुर्ग द्वारा अधिकृत श्रीमती भरती देवांगन पति हेमंत कुमार देवांगन सिविल प्रस्तुतकार जिला न्यायालय दुर्ग निवासी मकान नं. 101 शंकरपारा वार्ड 32 न्यू खुर्सीपार भिलाई तह. व जिला दुर्ग की ओर से पंजीकृत बैनामा दिनांक 29.11.2019 को निष्पादित किया गया है। आवेदक द्वारा उक्त निष्पादित पंजीकृत बैनामा के आधार पर प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 17.01.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 17.12.2019 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

प्र.क्र.//अ-2/2019-20

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती पम्मी सिंह जौ. अजय कुमार सिंह साकिन सेक्टर 08 भिलाई नगर तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम भिलाई 03 प.ह.न. 01 तहसील पाटन व जिला दुर्ग की स्थित भूमि खसरा नंबर 363/838 रकबा 0.009 हें अर्थात 975 वर्गफीट की आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किये जाने के लिये आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् प्रस्तुत किया हैं।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 03.01.2020 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकतें हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आवेदन कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17.12.2019 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया ।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

प्र.क्र.//अ-2/2019-20

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री मनीष कुमार चौधरी आ. दशरथ चौधरी साकिन बिजली नगर भिलाई-03 तहसील पाटन व जिला दुर्ग के द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम उमदा प.ह.न. 01 तहसील पाटन व जिला दुर्ग की स्थित भूमि खसरा नंबर 842/10 रकबा 0.020 हें अर्थात 1500 वर्गफीट की आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किये जाने के लिये आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् प्रस्तुत किया हैं।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 03.01.2020 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकतें हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आवेदन कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17.12.2019 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया ।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

प्र.क्र.//अ-2/2019-20

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती बद्रिका जौ. रतनलाल सूर्यवंशी साकिन खुर्सीपार भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम उमदा प.ह.न. 01 तहसील पाटन व जिला दुर्ग की स्थित भूमि खसरा नंबर 683/16 रकबा 0.020 हें अर्थात 1750 वर्गफीट की आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किये जाने के लिये आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् प्रस्तुत किया हैं।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 03.01.2020 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकतें हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आवेदन कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17.12.2019 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया ।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.	पक्षकार का नाम	ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
270/अ-2/2019-20	अशोक कुमार त्रिपाठी	201912100400024

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक अशोक कुमार त्रिपाठी आ. सुरेशचंद्र त्रिपाठी निवासी तितुरडीह दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59(2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तह.व जिला दुर्ग	406/75	0.002 हें 250 वर्गफीट	आवासीय

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 07.12.2019 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग कार्या.- 225059
राजनांदगांव वनमंडल राजनांदगांव निवास- 226389

सर्व साधारण सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि राजनांदगांव वन मण्डल राजनांदगांव के अंतर्गत चिरचारी डिपो में उपलब्ध ईमारती/ जलाऊ काष्ठ का निम्नानुसार नीलाम किया जाना प्रस्तावित है। इच्छुक क्रेताओं से अनुरोध है कि वे नीलाम में भाग लें। नीलाम की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में कार्यालय से अथवा नीलाम के समय दी जा सकती है।

काष्ठागार का नाम :- चिरचारी
नीलाम दिनांक :- 19.12.2019 प्रातः 9 बजे
नीलाम स्थल :- चिरचारी काष्ठागार

क्र.	प्रजाति	पुराने वनोपज	
		ईमारती घ.मी.	बल्ली/डे. नग
1	सागौन	128.861	1124
2	बीजा	64.274	270
3	कसही	3.532	13
4	साजा	55.162	162
5	H.M.K.	0.703	15
6	धावड़ा	28.771	112
7	धांठा	2.877	5
8	अन्य	15.001	237

1. चिरचारी डिपो का व्यापारिक बांस 2595 नग 6.104 नो. टन पुराना
2. मानपुर डिपो का व्यापारिक बांस 28035 नग 63.603 नो. टन पुराना
3. मानपुर डिपो मिश्रित जलाऊ 100 चट्टा पुराना
4. वनमण्डल कार्यालय में रखा टायर 108 नग पुराना टायर

1. प्रत्येक क्रेता को नीलाम में बोली लगाने के पूर्व प्रत्येक लाट के संबंध में जिस सीमा तक वह बोली लगाना चाहता है, उसके 10 प्रतिशत के बराबर राशि या 1000/- रुपए इसमें जो भी अधिक हो जमा करना अनिवार्य है।
2. क्रेता द्वारा नीलाम में बोली लगाने के पूर्व चालू वर्ष का विनिर्माता/उपभोक्ता/ व्यापारिक पंजीयन प्रमाण पत्र, GST कर एवं आयकर पेन कार्ड की छाया प्रति जमा करना अनिवार्य होगा तत्पश्चात ही कार्य आदेश जारी किया जावेगा।
3. GST कर की राशि का भुगतान पृथक से **"वनमंडल अधिकारी, राजनांदगांव"** के नाम से बैंक ड्राफ्ट जो राजनांदगांव में देय हो, तैयार कर प्रस्तुत करना होगा।
4. ई.एम.डी. में राष्ट्रीयकृत बैंकों के मल्टीसिटी चेक ऐसे समस्त राष्ट्रीयकृत बैंक जो कि संबंधित वनमण्डलाधिकारी के मुख्यालय पर स्थित हो, से संबंधित वनमण्डलाधिकारी के नाम पर जारी होगा, स्वीकार किया जावेगा, अन्य बैंकों का नहीं।

वनमण्डलाधिकारी
राजनांदगांव वनमण्डल राजनांदगांव

जी-75814/4

न्यूज गैलरी

गुरू घासीदास जयंती पर मटन मार्केट बंद

राजनांदगांव। राज्य शासन के निर्देशानुसार गुरू घासीदास जयंती के उपलक्ष्य में 18 दिसंबर बुधवार को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। उक्ताशय की जानकारी देते हुए निगम आयुक्त श्री चंद्रकांत कौशिक ने बताया कि शासन निर्देश के अनुक्रम में उक्त दिवस को गुरू घासीदास जयन्ती पर पशुवध गृह एवं मटन मार्केट बंद किया जाना है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को 18 दिसम्बर बुधवार को पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है और उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाये जाने पर मांस जप्त करने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही करने के भी निर्देश दिये है।

सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिये वार्डों में लगेगा शिविर

राजनांदगांव। नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये नगर निगम द्वारा पेंशन का भुगतान वार्डो में शिविर लगाकर किया जा रहा है। इसी कडी में पेंशन का भुगतान के लिये वार्डो में 19 नवंबर से 19 दिसंबर तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 18 व 19 दिसंबर को वार्ड नं. 5 के लिये शीतला मंदिर चिखली में, वार्ड नं. 6 के लिये चिखली स्कूल में एवं वार्ड नं. 11 के लिये शिव मंदिर शांतिनगर में शिविर आयोजित किया जा रहा है।

मतदान और मतगणना दिवस को शुष्क दिवस घोषित

राजनांदगांव। नगरीय निकाय आम चुनाव के लिए जिले में 21 दिसम्बर 2019 को मतदान होगा। मतगणना 24 दिसम्बर 2019 को किया जाएगा। नगरीय निकाय मतदान के अवसर पर 19 दिसम्बर शाम 5 बजे से 21 दिसम्बर को मतदान समाप्ति तक एवं मतगणना दिवस 24 दिसम्बर को संपूर्ण दिवस शराब दुकाने बंद रखने के लिए शुष्क दिवस घोषित किया है।

ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर बच्चों ने निकाली रैली

लवन। ग्राम मुंडा के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के छात्र-छात्राओं शिक्षिकाओं व क्रीडा विभाग के कर्मचारियों के द्वारा गांव में रैली निकालकर बिजली बचाओ देश को विकसित बनाओ का नारा लगाते हुए गांव में रैली निकाली गई वही स्कूल प्रांगण में सभा आयोजित कर शिक्षिका ममता चौहान के द्वारा ऊर्जा संरक्षण दिवस अवसर पर कहां बिजली बचाना हम सबकी जवाबदारी है बिजली अमूल्य है सौर ऊर्जा को उपयोग में लाएं कृषि कार्य में इसे लगाने की बात कही इस कार्यक्रम मैं उपस्थित क्रेडा विभाग सहायक अभियंता गणेश प्रसाद साहू सौर ऊर्जा उप अभियंता जी आई चंद्र मोहन मरकाम, चमन लाल कुंजाम, बलराम खगेश वर्मा, शाला समिति के अध्यक्ष दिनेश वर्मा, आदि उपस्थित थे।

प्रचार के लिए सिर्फ आज और कल शाम 5 बजे थमेगा शोरगुल

- **किसके हाथ में होगी सत्ता, तय करेंगे मतदाता**
- **अधिकतर वार्डो में निर्दलीय बिगाड़ रहे है जीत-हार का गणित**

लवन। नगरीय निकाय चुनाव की तिथि जैसे-जैसे नजदीक आ रही है प्रत्याशियों का प्रचार-प्रसार तेज होता जा रहा है। चुनाव करीब होने के कारण चुनावी जंग में उतरे प्रत्याशी प्रचार-प्रसार में जमकर पसीना बहा रहे है। कोई भी प्रत्याशी किसी से पीछे रहना नहीं चाह रहा है। अपनी-अपनी हुनर से मतदाताओं को लुभाने में जुटे हुए है। एक ओर प्रत्याशी प्रचार-प्रसार में कोई कसर नहीं छोड़ रहे है, वही दूसरी ओर मतदाता विकास करने वाले एवं अच्छे व्यक्तित्व वाले प्रत्याशी की परख कर रहे है। प्रत्याशियों के भाग्य में 21 दिसम्बर को मुहर लग जायेगा। जिसका भाग्य का फैसला 3 दिन बाद याने 24 दिसम्बर को पिटारा खुलेगा। नगर की सत्ता के लिए छिड़ा जंग अब परवान चढ़कर बोलने लगा है। समूचे वार्ड में लोग चुनावी रंग में डूबे है। गलियों में इन दिनों सिर्फ एक ही बात सुनाई देती है कि कौन किसे हरा रहा है, किसके प्रचार में जोर है और कौन कमजोर है। इस तरह के गुणा भाग में लगे लोगों के दिन कैसे बीत जाते है इसका उन्हें पता ही नहीं रहता है। मतदान की तिथि बिल्कुल करीब है। तिकड़म और दांव पेंच का दौर जारी है ऐसे लोगों का एक ही उद्देश्य है कि किसी भी तरह मतदाताओं का रिझाना। मतदाताओं को रिझाने प्रायः अधिकतर प्रत्याशी अपने स्वयं का घोषणा पत्र तैयार कर मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित करने में जुटे हुए है, घोषणा पत्र जारी करने वाले प्रत्याशियों के घोषणा पत्र में विकास का बिन्दु उल्लेख तो किया गया है, लेकिन पार्षद चुनाव निर्वाचित होने के बाद इस पर अमल हो पायेगा या नहीं ये तो वक्त ही बतायेगा। वही कई प्रत्याशी घर-घर जाकर सम्पर्क कर रहे है। नगर की सत्ता पर काबिज होने के लिए अध्यक्ष पद के दावेदार एड़ी चोंटी का जोर लगा रहे है। आलम यह है कि देर रात लोगों के यहां जाकर छोटी-छोटी बैठके भी ली जा रही है। वही दूसरी ओर लगातार जनसंपर्क का दौर जारी है। नगर पंचायत लवन के अध्यक्ष पद के लिए वार्ड क्र. 03, 06 तथा वार्ड क्र. 13 में से निर्वाचित महिला उम्मीदवार ही अध्यक्ष पद की कमान सभालेंगी।

मंत्री डहरिया ने भरा कार्यकर्ताओं में जोश

नवप्रदेश संवाददाता

बिलाईगढ़। छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन, विकास तथा श्रम कल्याण मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया जिला बलौदाबाजार के प्रभारी मन्त्री बनते ही नगर भटगांव की दौरा किये। जिसके कारण कार्यकर्ताओ में नई ऊर्जा और जोश भर आया । तथा छत्तीसगढ़ शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दिये ।

प्राप्त जानकारी अनुसार छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन विकास तथा श्रम मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया जी का सोमवार को भटगांव नगर आगमन हुआ तो कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने तथा नगर वासियों ने आतिशबाजी और ढोल नगाड़े के साथ जोरदार आतिसी स्वागत किए । इसके बाद मौसम के बेरुखी मिजाज को देखते हुए कार्यक्रम को केशरवानी धर्मशाला में आयोजित किए गए थे वहां पहुंचकर डॉ शिवकुमार डहरिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि एक तरफ भारतवर्ष में आर्थिक मंदी का दौर चल रहा है लेकिन जब से छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल की सरकार बनी है तब से आज तक यहां कोई भी मंदी का दौर नहीं है। एक तरफ किसान मोदी शासनकाल में आत्महत्या कर रहे थे तो दूसरी तरफ छत्तीसगढ़ के किसान पिछले 1 साल में आर्थिक मंदी से उबर कर विकास की ओर अपना कदम बढ़ा रहे हैं इसका मुख्य कारण यह है की हमारी सरकार जो कहती है उसे करके दिखाती है । हमारी सरकार भाजपा शासन की तरह दोहरी नीति नहीं अपनाती जो 1 साल समर्थन मूल्य पर धान खरीदी है और बोनस देती है तो पिछला 4 साल से छोड़ देती है और जब चुनाव आता है तो बोनस देती है लेकिन हमारी सरकार हर वर्ष ?2500 की दर से धान खरीदेगी तथाअपना वादा पूरा करेगी । सर्वप्रथम समर्थन मूल्य में सरकार किसानों से धान खरीदेगी उसके बाद न्याय योजना के तहत बाकी की रकम उनके खाते में डाल दी जाएगी। इस तरह हमारी सरकार प्रतिवर्ष किसानों से 15 क्विंटल धान प्रति एकड़ की दर से खरीद कर अपना वादा पूरा करेगी। किसानों की भलाई के लिए हमारी सरकार ने उनके कर्ज को माफ किए तथा उन्हें मुख्यधारा में लाने का भरपूर प्रयास किया है जब किसान की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी तो व्यापार भी मजबूत होगा । अपने वादे के मुताबिक सरकार ने शपथ लेने के 1 घंटे बाद ही किसानों का कर्जा माफ कर दिया तो दूसरी तरफ बिजली बिल भी हाफ कर दिया ।हमारी सरकार ने किसानों के साथ साथ अन्य योजना भी बना कर लोगों को फायदा पहुंचा रही है। हमारे नगर भटगांव में योजना बनाकर बहुत सा विकास कार्य के लिए स्वीकृति दिए हैं और इसके लिए आवंटन भी जारी कर दिया गया है जल आवर्धन योजना के तहत नगर पंचायत भटगांव को तीन करोड़ 20 लाख रुपए सीसी रोड, नाली निर्माण के लिए 1करोड, मुक्तिधाम बनाने के लिए 37 लाख गौरव पथ बनाने के लिए 1 करोड़ की राशि भेज दी गई है तो दूसरी तरफपौनी पसारी योजना के तहत गरीब तबके के लोगों के लिए बाजार की व्यवस्था की जा रही है । मोर मकान मोर चिन्हारी योजना के तहत नगर में रहने वाले ऐसे गरीब व्यक्ति जिनके पास जमीन नहीं है उनको जमीन मुहैया कराया जाएगा तथा ?4 लाख की लागत से पक्का मकान बना कर दिया जाएगा। उसे बकायदा रजिस्ट्री करा कर दी जाएगी।

श्री सीमेंट लिमिटेड इकाई, श्री रायपुर सीमेंट प्लांट स्वावलंबन की ओर

बलौदाबाजार। श्री सीमेंट लिमिटेड श्री फाउंडेशन ट्रस्ट के तहत ग्रामीण महिलाओ को प्रशिक्षित करने और स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से श्री सीमेंट द्वारा निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण देने का कार्य किया जा रहा है। यह सिलाई प्रशिक्षण का पाँचवा चरण है। प्रथम चरण मे ग्राम खपराडीह की 25 महिलाएँ दूसरे चरण मे ग्राम करही की 16 महिलाएँ, तीसरे चरण मे ग्राम चंडी की 30 महिलाएँ, एवं चतुर्थ चरण में ग्राम सेम्हराडीह की 30 महिलाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया । पाँचवे चरण में ग्राम भरूवाडीह की 30 महिलाओं के साथ सिलाई प्रशिक्षण का कार्य शुरू किया गया जिसका शुभारंभ 13 दिसम्बर 2019 को ग्राम के सामुदायिक भवन मे किया गया । इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रशिक्षण लेने वाली महिलाएँ ग्रामवासी व जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

चुनाव में अवैध शराब खपाते भारी मात्रा में शराब सहित कार के साथ आरोपी गिरफ्तार

बिलाईगढ़। बलौदाबाजार पुलिस अधीक्षक नीतू कमल के दिशा निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जे आर ठाकुर , निवेदिता पाल , अनुविभागीय अधिकारी संजय तिवारी के कुशल मार्गदर्शन में आज दिनांक 17 12 2019 को थाना प्रभारी राजेश कुमार साहू एवं हमराह प्र.आर 30 छत्रधर सिंह नेताम,आर 933 कामता प्रसाद कर्ष, 784 परवेश खटकर,203 चन्द्रशेखर कुंवर,942 नरेंद्र चंद्रा के साथ शासकीय वाहन क्र सीजी 03 4511 में मुखबिर सूचना पर नगरीय निकाय चुनाव में अवैध शराब खपाने ले जाते एक वाहन कार द्मह्व1 100 क्र ष्टत्र 22 द्म 0137 सफेद रंग को रोक कर चालक को नाम पूछने पर राजेश्वर दास मानिकपुरी पिता सुकलाल दास मानिकपुरी साकिन बिलाईगढ़ बताया तथा वाहन को चेक करने पर कार के पीछे सीट के ऊपर दो नग प्लास्टिक झोला एक सफेद रंग के झोला में अंदर 50 पाव देशी प्लेन शराब प्रत्येक में 180 एम एल का लेबल चिपका हुआ एवं दूसरी थैली में 46 पाव देशी प्लेन शराब प्रत्येक में 180 एम एल का लेबल चिपका हुआ कुल 96 पाव देशी प्लेन शराब कुल 17280 बल्क लीटर कीमती 5760 रुपये को अवैध रूप से परिवहन करते पकड़ा गया है तथा उक्त शराब को रखने के सबंध में धारा 91जा,फौ,की नोटिस देने पर वैध कागजात/लाइसेंस नही होना लिखित में देने पर आरोपी राजेश्वर दास मानिकपुरी पिता सुकलाल दास मानिकपुरी उम्र 35 साल साकिन बिलाईगढ़ को पकड़ा गया।

जुड़ा पंचायत में मनाया गया मातृत्व वंदना

लवन। महिला बाल विकास विभाग एवं पंचायत एवं ग्रामीण विभाग के संयुक्त तत्वाधान में ग्राम पंचायत जुड़ा में पंचायत भवन में मातृत्व वंदना सम्मेलन का आयोजन किया गया एवं रैली निकालकर गलियों में भ्रमण कर गर्भवती माताओं को जागरूक कर योजना का शत प्रतिशत लाभ लेने हेतु प्रेरित किया गया। जुड़ा पंचायत के पंचायत सचिव हरिकिशन वर्मा द्वारा जानकारी दिया गया कि जनपद पंचायत बलौदाबाजार के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनिल कुमार झा के निर्देशानुसार एवं महिला बाल विकास विभाग के आदेशानुसार ग्राम पंचायत जुड़ा पंचायत भवन में मातृत्व सम्मेलन का आयोजन किया गया।

19 को थमेगा नगरीय निकाय चुनाव का शोरगुल, प्रत्याशी कर रहे है सघन दौरा

तिल्दा-नेवरा। नगरीय महासंग्राम में कांग्रेस भाजपा के अलावा छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस, आम आदमी , निर्दलीय प्रत्याशी मतदाताओं के मध्य संपर्क साधने में जुट गए हैं तिल्दा-नेवरा नगरपालिका क्षेत्र 22 वार्डों में विभाजीत है जहां का मतदान 21दिसंबर को होना है नगरीय निकाय चुनावी समर के शोर 19दिसंबर को थम जावेगा इसके पहले राष्ट्रीय प्रमुख पार्टीयां कांग्रेस भाजपा के अलावा विभिन्न दलों के साथ साथ निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी चुनावी प्रचार प्रसार में पूरी ताकत झोंक दी है नगर के 22वार्डो में रोजाना चुनावी रैलियां निकाली जा रही है इस समर के चुनाव प्रचार में विधायक से लेकर सांसद भी कूद गये है पिछले दिनों बलौदाबाजार विधानसभा के विधायक प्रमोद शर्मा छत्तीसगढ़ जोगी कांग्रेस (जे)के अधिकृत प्रत्याशियों के कार्यालय उद्घाटन के अवसर पर मतदाताओं से अधिकृत प्रत्याशी के पक्ष में वोट मांगे वहीं भाजपा सांसद सुनील सोनी ने नगर में रोड शो कर भाजपा प्रत्याशियों को जीताने की अपील किया चुनाव प्रचार के लिए महज दो दिन शेष रह गये है वैसे तो कांग्रेस भाजपा में ही मुख्य मुकाबला माना जा रहा है लेकिन इस चुनावी समर में राष्ट्रीय राजनीतिक पार्टियों के साथ साथ निर्दलीय प्रत्याशी भी दमखम से उतरे हैं जैसे जैसे निकाय चुनाव की तिथि नजदीक आ रही है वैसे वैसे राष्ट्रीय पार्टीयो के साथ साथ अन्य दलों के अलावा निर्दलीय प्रत्याशी प्रचार प्रसार में पूरी ताकत झोंक दिया है।

अम्बेडकर कालेज में भूगोल विभाग द्वारा भौगोलिक भ्रमण

डोंगरगांव। शासकीय डॉ. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगांव के प्राचार्या डॉ. बीएन मेश्राम के मार्गनिर्देशन में दिवस 16. दिसंबर को भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष अतिथि शिक्षक चंदुलाल वर्मा के निर्देशन में बीए भाग अंतिम वर्ष के छात्र/छात्राओं को सांकरदाहरा का भौगोलिक भ्रमण कराया गया। सांकरदाहरा राजनांदगांव जिले के दक्षिण पश्चिम में डोंगरगांव से 7 किमी दुरी पर शिवनाथ नदीं पर स्थित है। छात्र-छात्राओं ने सांकरदाहरा के विस्तार, स्थिति, निर्माण के कारण, अवधि व सांकरदाहरा के स्थानीय महत्व का अवलोकन किया। साथ ही साथ छात्र/छात्राओं ने जाना कि सांकरदाहरा अस्थी विर्सजन के लिए स्थानीय महत्व रखता है। यहां प्रतिदिन 20 से 30 लोग छत्तीसगढ़ के आसपास के जिले से अस्थी विर्सजन करने आते हैं।

धान खरीदी की लिमिट को बढ़ाने मंत्री अकबर को दिया आवेदन

- **निर्धारित तिथि तक खरीदी नहीं होने पर आवश्यकता अनुसार समय को बढ़ाया जाएगा**

गंडई पंडरिया। वनांचल क्षेत्र के सेवा सहकारी समिति पैलीमेटा के पंजीयन क्रमांक 1018 मैं धान खरीदी का कार्य गत 15 नवंबर से किया जा रहा है जिसमें खरीदी प्रतिदिन लिमिट द्वारा निर्धारित क्रम में ही किया जा रहा है उस निर्धारित लिमिट के अनुसार ही समिति में धान खरीदी किया जा रहा है इस संबंध में जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं किसानो के लाडले राजेश पाल के द्वारा समिति कर्मचारियों से इस खरीदी से संबंधित जानकारी लेने पर बताया की खरीफ विपणन वर्ष 2019...2020 में कुल धान विक्रय हेतु पंजीकृत कृषक 1960 है और लगभग 34 गांव है धान खरीदी की लिमिट 1115 क्वींटल है जिसके अनुसार टोकन जारी कर धान खरीदा जा रहा है प्रतिदिन 25 से 30 किसानों का धान खरीदा जा रहा है समिति द्वारा आगामी 26 दिसंबर 2019 तक धान विक्रय करने का टोकन जारी किया जा चुका है जिसमें अब तक 480 किसानों का ही टोकन जारी हो पाया है अगर इस निर्धारित लिमिट में धान खरीदी किया जाएगा तो शासन द्वारा निर्धारित अंतिम तिथि फरवरी 2020 तक लगभग 1200 किसानों से धान खरीदा किया जाएगा बाकी लगभग 800 किसान धान बेचने से वंचित हो जाएंगे इस स्थिति को देखते हुए क्षेत्र के किसानों में भी टोकन कटवाने एवं धान बेचने के लिए असमंजस की स्थिति निर्मित हो रहा है जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव राजेश पाल के नेतृत्व में क्षेत्र के दर्जनों किसान रविवार 15 दिसंबर को शाम 4.00 बजे गंडई पंडरिया के राजाबाड़ा में कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होने आए जिले के प्रभारी मंत्री मोहम्मद अकबर से सौजन्य मुलाकात की।

अंतर्क्षेत्रीय विद्युत कबड्डी प्रतियोगिता में नांदगांव क्षेत्र को उपविजेता बनने पर ईडी ने दी बधाई

राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के दुर्ग रीजन में आयोजित अंतरक्षेत्रीय विद्युत कबड्डी प्रतियोगिता में राजनांदगांव क्षेत्र की टीम को उपविजेता बनने का गौरव हासिल हुआ। प्रदेश स्तरीय इस प्रतियोगिता में शामिल 10 टीमों में से राजनांदगांव क्षेत्र की टीम बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए पहली बार उपविजेता बनी है। इस उपविजेता टीम के सभी खिलाड़ियों ने राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक संजय पटेल से सौजन्य मुलाकात कर प्रतियोगिता की उपविजेता ट्रॉफी सौंपी। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक संजय पटेल ने खिलाड़ियों को शबाशी देते हुए कहा कि टीम के सामूहिक प्रयास ने यह सफलता दिलाई है। अगले वर्ष इस प्रतियोगिता में आपको विजेता बनना है। अगर हौसला हो तो हर लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

आयोजन | **चित्रकला रंगोली स्पर्धा में 100 महिला व बच्चों की सहभागिता**

गुरूघासीदास जयंती पूर्व महिला ने आयोजित की रंगोली स्पर्धा

राजनांदगांव। महिला प्रकोष्ठ जिला स्तरीय सेवा समिति पं.क्र. 5041 राजनांदगांव द्वारा परमपूज्य गुरूघासीदास बाबा की 263वीं जन्मदिवस के अवसर पर रंगोली मेहंदी चित्रकला, निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जिसमें 100 से अधिक बच्चों व महिलाओं ने भाग लेकर अपनी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का निर्णायक सुषमा देशलहरा व्याख्याता, टिकेश्वरी कौशिक, श्रीमती कविता रात्रे, श्रीमती शशिकांता खुटियारे, उषा बांधव, श्रीमती अशोक लता कुर्रे, श्रीमती सुशीला टण्डन थे।

कार्यक्रम का संचालन महिला प्रकोष्ठ के सचिव श्रीमती अंजू बंजारे एवं श्रीमती हेमलता बंधे ने किया। रंगोली स्पर्धा में नेहा देवांगन प्रथम, पायल कोमडे, दुर्गा जंघेल (एससी गर्ल्स हॉस्टल बल्देवबाग) द्वितीय, सुरभि सोनवानी तृतीय, लक्ष्मी कुर्रे, दिपाली कुर्रे ग्रुप चतुर्थ, एकता बंजारे पंचम रहे।

चित्रकला स्पर्धा में - (जुनियर वर्ग) अथर्व चंदनिया प्रथम, सादगी खुटियारे द्वितीय, युक्ति सोनकर तृतीय, (सीनियर ग्रुप) में नेहा देवांगन प्रथम, भूमिका घृतलहरे द्वितीय, मौन्या बांधव तृतीय रहे। निबंध प्रतियोगिता में कु. राखी लहरे प्रथम, कु. किरण बंजारे द्वितीय, कु. मनीषा कोमरे तृतीय रहे। मेहंदी प्रतियोगिता में श्रीमती टिकेश्वरी कौशिक प्रथम, सुरभि सोनवानी द्वितीय, दीक्षा जोशी तृतीय, काजल बंधे चतुर्थ, ज्योति रावटे पंचम, मनीषा बंधे षष्ठ, लक्ष्मी कुर्रे सत्म स्थान पर रही।

इस अवसर पर जिला सतनामी सेवा समिति के अध्यक्ष किशनलाल बरैय्या, उपाध्यक्ष सूर्य कुमार खिलाड़ी, श्रीमती क्रांति बंजारे, श्रीमती सुलोचना मारकंडे, प्रो. जीपी रात्रे, पंकज बांधव, अजय मारकंडे, तामेश्वर बंजारे, पुनुराम देशलहरे आदि उपस्थित थे।

इंडियन हैंडलूम एंड हेंडीक्राफ्ट व्यापार मेला का समापन 22 दिसंबर को

कसडोल । ब्लाक मुख्यालय में इन दिनों उत्तरप्रदेश से आये इंडियन हैंडलूम एंड हेंडीक्राफ्ट व्यापार मेला लगा है। वही व्यापार मेला शहर से लेकर गांव तक काफी बहुत सुर्खियां बटोर रहा है। आपको बता दे कि इस मेला में लोग खरीददारी करने के लिए दूर-दूर से आ रहे है। आपको यहां हर तरह की वैराइटी की सामान सस्ते दामों में मिल जायेगी। वही इस व्यापार मेला 22 दिसम्बर को समाप्त हो जाएगा। आप यहां खरीददारी करते है तो आपको 10% छूट मिलेगा वही सामान की बात करें तो यहां राजस्थान, झांसी, हरियाणा, कानपुर और दूसरे राज्य की सामान आपके कसडोल के नगर भवन के पास है। यहां आपको झांसी बैड सीट, हरियाणा परहमस आयुर्वेदिक, मिनीबूक फेर, चंदन फेस पाउडर, राजिस्थान टॉप, किचन वेयर, आदिवासी औषधि भंडार, राजिस्थान हाजमा पाचक चूर्ण, बनारस की साड़ी, कानपुर का लेदर बैग, मेरठ की मशहूर खादी सेट, बच्चो के खिलौने, राजिस्थान बैंगल्स, डिमिन की कुर्ती, कलकत्ता फेल्वर्स, बच्चो के लिए जम्पिंग झूला आदि आपको मिल जाएंगे।

न्यूज गैलरी

प्रशासन के सुस्त रवैये से जनता परेशान है

खरोरा। उप स्वास्थ्य केंद्र कोसरंगी में विगत कई वर्षों से महिला स्वास्थ्य कर्मचारी न होने से लोग परेशान । महिला स्वास्थ्य कर्मचारी न होने के कारण प्रसव,माहिलाओं से संबंधित समस्यों का निदान नही हो पा रहा है, जबकि उस छेत्र में कोसरंगी ही एक बड़ा गांव है और आस पास के सभी गांव के लोग वही इलाज कराने आते है , प्रशासन को जिसकी के बार सूचना भी दी गई है ।

लायंस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर आज नगर के प्रवास पर

कवर्धा। लायंस क्लब डिस्ट्रिक्ट 3233-ब् की गवर्नर लायन रंजना क्षेत्रपाल 18 दिसंबर दिन बुधवार को दोपहर 11 बजे कवर्धा के आधिकारिक प्रवास पर आएँगी। उनके साथ डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी लायन विभा भूटानी एवं डिस्ट्रिक्ट ट्रेजरार लायन छाया कटारिया भी आएंगी। अपने प्रवास के दौरान वे यहाँ क्लब की बैठक को संबोधित करेंगी और इस वर्ष के नए सदस्यों को पिन से सम्मानित करेंगी। तत्पश्चात वे लायंस क्लब के स्थायी प्रोजेक्ट लायंस निःशुल्क डाइलिसिस सेंटर और ग्राम राजपुरा में लायंस उद्यान का निरीक्षण करेंगी और जरूरत मंदों को कंबल वितरित करेगी।

आठ लीटर से अधिक अवैध मदिरा जब्त

बालोद। जिला आबकारी अधिकारी श्री जे.आर.मंडावी ने बताया कि आबकारी विभाग द्वारा कल जिले के देवरी थाना क्षेत्र के ग्राम रानीतराई स्थित बंटी टी स्टॉल पर दबिस देकर अवैध देशी मदिरा 23 पाव व विदेशी मदिरा 24 पाव सहित कुल 8.46 लीटर अवैध मदिरा जब्त किया गया। आरोपी महेन्द्र आत्मज मेघनाथ के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के धारा 34(2) 59(क) का प्रकरण कायम कर जेल भेजा गया। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री निधीश कोष्टी, आबकारी उप निरीक्षक श्री बी.एस.राठौर, आबकारी मुख्य आरक्षक श्री भोजराज रत्नाकर आदि का योगदान रहा।

मतगणना दिवस 24 को ड्राई डे

बालोद। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रानू साहू ने आदेश जारी कर जिले में नगर पालिका निर्वाचन 2019 को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने निर्वाचन क्षेत्रों में एवं निर्वाचन क्षेत्र से लगे सीमा क्षेत्रों में स्थित समस्त देशी मदिरा एवं विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों से शराब की बिक्री बंद रखने हेतु छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उप धारा (1) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 19 दिसम्बर की शाम पॉच बजे से 21 दिसम्बर 2019 को मतदान समाप्ति तक एवं मतगणना दिवस 24 दिसम्बर 2019 को सम्पूर्ण दिवस के लिए शुष्क दिवस घोषित किया है।

परसदा में आनंद मेला का आयोजन

खरोरा। बच्चो द्वारा विभिन्न प्रकार की मेवा मिष्ठान बना कर आनंद मेला में प्रदर्शनी किया ग्राम परसदा के लोगो ने बढ़ चढ़ कर बच्चो द्वारा बनाये मिष्ठान को खरीद कर खा कर स्वाद लिया उनके मनोबल को बढ़ाया कार्यक्रम में मुख्य रूप से विकासखंड तिल्दा के शिक्षा अधिकारी बी एल देवांगन चंदानी स व कनकी संकुल के शिक्षकगण उपस्थित रहे। ग्राम परसदा के उपसरपंच मिथलेश साहू द्वारा माता उन्मुखीकारण के तहत ग्राम की मितानिनों का व प्राथमिक शाला व माध्यमिक शाला के मध्यान भोजन संचालित करने वाले स्व सहायता समूह का साल श्री फल व प्रतीक चिन्ह भेंट कर माताओ का सम्मान किया गया कार्यक्रम परसदा के पूर्व माध्यमिक शाला परिसर में सम्पन्न हुआ।

भाजपा, कांग्रेस और निर्दलीय कर रहे जमकर प्रचार, कौन पहनेगा जीत का हार

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। नगरी निकाय चुनाव को लेकर प्रचार प्रसार का जोर पकड़ लिया है सुबह से ही देर शाम तक प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ घर-घर पहुंचकर दस्तक देते नजर आ रहे हैं साथ ही यह निवेदन भी करते हैं कि मैं फलाना छाप से मुझे मत देकर विजय बनाएं और कई प्रत्याशी तो ऐसे भी देखे गए जो बाजे गाजे के साथ वार्डो में घूमकर प्रचार - प्रसार कर रहे हैं तो कहीं माईक और वाहनों का सहारा लेकर भी प्रचार-प्रसार किया जा रहा है यहां तक के छोटे बच्चों को भी झंडा बैनर पोस्टर लिए रैली के साथ चलते हुए देखा गया है तो ऐसी भी जानकारी मिल रही है कि कुछ प्रत्याशियों के द्वारा अपने मतदाताओं को पिकनिक मनाने के लिए भोरमदेव सरोदा चिल्फी सहित आसपास के जगहों में भी भेजा जा रहा है ऐसी बातें चर्चा में भी बनी हुई है फिलहाल मतदाताओं को लुभाने प्रत्याशी अथक प्रयास भी कर रहे हैं यहां तक के प्रत्याशी गण यह आश्वासन

भी दे रहे हैं कि वे अगर चुनाव जीत जाते हैं तो वार्ड को बड़े ही सुसज्जित ढंग से विकसित कर उस वार्ड को एक अलग पहचान ही देंगे लेकिन अब मतदाता भी यह सोचकर असमंजस में है कि पूर्व में किए गए वादे आज भी अधूरे नजर आ रहे हैं ऐसी स्थिति में प्रत्याशियों में असमंजस बना हुआ है कि आखिर मतदाता को कैसे रिझाया जाए प्रत्येक वार्डो में अगर कहीं भ्रमण कर देखा जाए तो वार्ड के हर एक दीवार बैनर पोस्टर से लद चुके हैं वही सुबह से ही देर रात तक प्रचार-प्रसार का दौर जारी है प्रत्याशी को जिताने नारे भी लगाए जा रहे हैं जीतेगा भाई जीतेगा फलाना भैया जीतेगा अब देखना यह है कि जनता किसको अपना आशीर्वाद देती है और वार्ड पार्षद के लिए उसे भाग दौड़ की कमान सौपती है । वही अध्यक्ष पद को लेकर भी तीन से चार लोगों के नाम अभी तक सामने आ रहे हैं जो प्रमुखता के साथ अध्यक्ष पद की दावेदारी करते हुए आगे बढ़ते दिख रहे हैं

फिलहाल अध्यक्ष पद का तो चयन पार्षदों के द्वारा ही किया जाना है लेकिन अध्यक्ष पद के दावेदार भी इस पद को पाने के लिए कड़ी मेहनत करते नजर आ रहे हैं आज प्रत्येक वार्ड चुनावी रंग में रंग चुका है प्रत्याशी गण हाथ जोड़कर अपने मतदाताओं से अपील करते नजर आ रहे हैं तो कईयों ने तो घोषणा पत्र भी छपवा डाला है कुछ के घोषणापत्र में तो यह भी लिखा गया है की वार्ड को मूलभूत सुविधाएं प्रदान की जाएगी जिसमें बिजली पानी सड़क सफाई सहित अन्य चीजें शामिल हैं अब मतदाता भी अपने प्रत्याशियों को परख रही हैं कि इन्हें अपना मत दिया जाए कि नही फिलहाल कवर्धा नगरी निकाय चुनाव में भाजपा कांग्रेस के साथ ही निर्दलीय प्रत्याशी भी टक्कर देते नजर आ रहे है।

अंधे कत्ल की गुत्थी 24 घंटे में सुलझी, आरोपी गिरफ्तार

फुफा-ससुर ही निकला हत्यारा, अवैध संबंध बना हत्या का कारण

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। ग्राम केजेदाह जंगल में एक महिला की अज्ञात शव संदिग्ध अवस्था में मिला। अज्ञात शव के संबंध में थाना सिंघनपुरी जंगल में सूचना प्राप्त होने पर तत्काल पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया। पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस महानिरीक्षक, दुर्ग रेंज, दुर्ग एवं उप पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव को घटना के संबंध में अवगत कराने पश्चात मार्गदर्शन प्राप्त कर थाना प्रभारी को तत्काल मौके पर जाकर घटनास्थल निरीक्षण करने निर्देशित किया तथा पुलिस अधीक्षक कबीरधाम द्वारा स्वंय घटनास्थल जाकर मुआयना किया गया। घटनास्थल में प्राप्त महिला की शव काफी सडी-गली अवस्था में मिली थी तथा शव काफी दिनों पुराना प्रतीत हो रहा था। घटनास्थल के आसपास क्षेत्र में बारिकी से खोजबीन करने पर कुछ दूरी पर एक बैग पड़ा हुआ मिला। उक्त बैग की तलाशी लेने पर उसमें साड़ी एवं अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री प्राप्त हुई। जिससे यह प्रतीत हुआ कि उक्त बैग अज्ञात शव का हो सकता है।

अज्ञात महिला के शव के संबंध में थाना सिंघनपुरी जंगल में मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल कवर्धा लाया गया। शव काफी पुराना एवं क्षत-विक्षत अवस्था में होने से शव के पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कालेज राजनांदगांव भेजा गया। अज्ञात महिला की शव की पहचान

के लिए घटनास्थल से प्राप्त सामग्री के आधार पर आसपास के क्षेत्रो में पतासाजी के लिए पुलिस अधीक्षक कबीरधाम के मार्गनिर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कबीरधाम के नेतृत्व में सिंघनपुरी जंगल, थाना सहसपुर लोहारा एवं तकनीकी सेल की टीम गठित किया गया।

उक्त टीम के द्वारा अज्ञात महिला के शव के संबंध में जानकारी प्राप्त करने हेतु आसपास के ग्रामों मे अपने सूचना तंत्रो को सक्रिय किया गया तथा जिला के निकटतम थाना में दर्ज महिला गुम इंसान के संबंध में जानकारी प्राप्त किया गया। गठित टीम द्वारा घटनास्थल से प्राप्त कपड़े एवं अन्य सामग्री के आधार पर संबंधित दुकान के संबंध में पुछताछ किया जा रहा था, कि इसी दौरान टीम को जानकारी प्राप्त हुआ कि ग्राम आमगांव थाना सहसपुर लोहारा निवासी सरोज रजक काफी दिनों से अपने घर में नहीं है, उसके परिवारजन उसे काफी दिनों से पता तलाश कर रहे हैं, कि उक्त जानकारी के आधार पर गठित टीम द्वारा सरोज रजक के संबंध में जानकारी एकत्र किया गया। प्राप्त जानकारी के आधार पर सरोज रजक ग्राम आमगांव से विवाह कर ग्राम झुरानदी थाना छुईखदान जिला राजनांदगांव गई है। जो अपने ससुराल में विवाद होकर करीब माह भर से अपने मायके ग्राम आमगांव मे रह रही थी। तकनीकी टीम द्वारा सरोज रजक के मोबाईल नंबर की जानकारी प्राप्त कर विश्लेषण किया गया। जिस पर रामकुमार रजक की भूमिका संदिग्ध प्रतीत हुआ तब रामकुमार रजक से पुछताछ किया गया। रामकुमार रजक द्वारा बताया गया कि सरोज रजक रिश्ते में मेरी बहू लगती है तथा उसका ससुराल और उसका घर पास में ही है, कि विगत 03-04 माह पूर्व से हम दोनो एक-दूसरे को पसंद करने लगे और इसी बीच हम दोनो के मध्य शारीरिक संबंध बना, करीब माह भर पूर्व सरोज अपने ससुराल से विवाद होकर अपने मायके ग्राम आमगांव आ गई थी। सरोज के ग्राम आमगांव आने के बाद दिनांक 02.12.2019 को सरोज द्वारा इसे लोहारा आने बोलने पर यह लोहारा आया। रामकुमार रजक के लोहारा पहूंचने पर सरोज आमगांव रोड चैक लोहारा थाना के सामने अपने हाथ में एक बैग रखकर खड़ी हुई थी। जिस पर रामकुमार रजक द्वारा अपने मोटर सायकल में सरोज को बैठाकर पण्डरीपानी कुआपारा जंगल पहूंचकर मोटरसायकल को रोड किनारे खड़ी कर रोड से 100 मीटर अंदर जंगल में सरोज को ले गया। जंगल अंदर रामकुमार रजक द्वारा अपने साथ गण्डई अंग्रेजी शराब दुकान से खरीदा हुआ गोवा अंग्रेजी शराब को पिया तथा सरोज को भी पिलाया।

इसके बाद शारीरिक संबंध बनाने के बाद सरोज द्वारा रामकुमार रजक को पत्नी बनाकर रखने एवं साथ में जाने की बात को लेकर विवाद करने लगी। इसी दौरान रामकुमार रजक द्वारा अपने गमछे से सरोज का गला घोंठ दिया गया और सरोज को मरा जानकर वहाॅ से चला गया। रामकुमार रजक से प्राप्त जानकारी तथा घटनास्थल एवं तकनीकी टीम से प्राप्त साक्ष्य के आधार पर घटना की पुष्टि होने पर रामकुमार रजक द्वारा मृतिका सरोज रजक की दिनांक 02.12.2019 को जंगल अंदर गमछे से गला घोटकर हत्या करना पाये जाने से अपराध धारा 302,201 भादवि के तहत् गिरफ्तार किया गया।

राजहरा के शेषनाथ गुप्ता ने पैदल चाल में जीता गोल्ड

नवप्रदेश संवाददाता

दल्ली राजहरा। छत्तीसगढ़ मास्टर एथलीट इक्केशन एसोसिएशन नी रायपुर में राष्ट्रीय मास्टर एथेलेटिक्स प्रतियोगिता आयोजित की हैं। इसमें राजहरा माइंस एथेलेटिक्स क्लब के खिलाड़ी शेषनाथ गुप्ता ने 50 से अधिक आयु वर्ग के 5000 मीटर पैदल चाल में स्वर्ण पदक जीता। विभिन्न वर्गो में गोला फेक, भाला फेंक, लंबी कूद, दौड़ रिलेरेसा व पैदल चाल प्रतियोगिता हुई। इससे पूर्व कोरबा बालकों में 13 वी राज्य स्तरीय मास्टर एथेलेटिक्स चैंपियन में राजहरा माइंस एथेलेटिक्स क्लब के खिलाड़ी शेषनाथ गुप्ता ने 50 से अधिक आयु वर्ग के 5000 मीटर पैदल

चालको 32 मिनट 28 सेकंड में पूरा कर स्वर्णपदक जीता था। वे राजहरा नगर में रेडीमेंट कपड़ा व्यवसायी है। सबसे पहले वे फिटनेस पर ध्यान देते रहे हैं। उन्होंने राजहरा माइंस एथेलेटिक्स क्लब के एनआई एस कोच सुदर्शन सिंह के मार्गदर्शन में मात्र दो माह के प्रशिक्षण बाद अपने जीवन की पहली प्रतियोगिता भिलाई में 3 फरवरी 2008 में आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य मास्टर्स चैंपियनशिप में हिस्सा लिया और 35 से अधिक आयु वर्ग के 5000 मीटर दौड़ में रजत पदक जीता ।2009 में आयोजित छत्तीसगढ राज्य मास्टर चैंपियनशिप में 40 से अधिक आयु वर्ग में भाग लेकर पास मीटर दौड़ को उन्होंने 20 मिनट 19 सेकंड में पूरा करते हुए वन पदक जीता बिलासपुर 2014 को छोड़कर राज्य स्तरीय सभी प्रतियोगिता में हिस्सा लिया।

दस किलो मीटर दौड़ में नवरत्न सिंह पटले ने जीता गोल्ड मेडल

नवप्रदेश संवाददाता

दल्ली राजहरा। छत्तीसगढ़ मास्टर एथेलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वाधान में उरी आमंत्रण राष्ट्रीय मास्टर एथेलेटिक्स प्रतियोगिता 14 से 16 दिसंबर को स्वामी विवेकानंद स्टेडियम रायपुर में संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में आठ राज्य उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, उड़ीसा, महाराष्ट्र, प्रदेश गुजरात, तेलगाना व पश्चिम बंगाल से 800 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस एथेलेटिक्स प्रतियोगिता में दल्ली राजहरा के निवासी व दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर के 10 किलोमीटर दौड़ में नेशनल गोल्ड मेडल लिस्ट धावक नवरतन सिंह पटेल ने 10

किलोमीटर दौड़ तथा 5 किलोमीटर दौड़ में गोल्ड मेडल प्राप्त करके नगर तथा छत्तीसगढ़ राज्य का नाम रोशन किया है। पटेल ने बताया कि 2019 में पांच नेशनल गोल्ड मेडल प्राप्त कर चुके हैं तथा अग्रवाल मैराथन दौड़ रायपुर और डौंडी लोहारा 10 कि मी मैराथन दौड़ जीत चुके है। पटेल ने स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वास्थ्य ही धन है, जिस तरह सफर में रेल, टार्च में सेल, बदमाशों के लिए जेल और स्वास्थ्य के लिए खेल अनिवार्य है। वर्तमान में पटेल राजहरा रेल्वे में टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत है। इसके उपलब्धि पर डी आर एम, श्याम सुंदर गुप्ता, स्वर्ण सिंह कल्शी, आर एस बेपारी, एस के शाह, केशरी बाघ, विवेक देशमुख, सुरित राम यादव, हेमन, बी किशोर, एस येरान्ना, ईश्वर पटेल, प्रीतम पटेल, बेनुराम पटेल, उमेश पटेल, विकास पटेल, लोकेश्वर पटेल, राकेश पटेल, बी मरकाम, शेषनाथ गुप्ता ने बधाई दी।

कवर्धा (नवप्रदेश)। पूर्व मुख्यमंत्री डॉक्टर रमन सिंह ने नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करने के लिए अपील की। जगह-जगह हुए नुक्कड सभा के आयोजन।

बावनपरी खेल में 11 धराए, 2 लाख की हुई जब्ती

- जुआरी जगह बदल बदल कर खेलते थे जुआ

नवप्रदेश संवाददाता

डोंगरगढ़। बावनपरी पर दांव लगाकर जीत हार में किस्मत आजमाने वाले 11 जुआरी पुलिस के हत्थे चढ़ गए । जानकारी अनुसार दिनांक 15 / 12 / 2019 की रात्रि को समीप ग्राम राजकट्टा कुरुभाट मैदान पर 11 जुआरियो को जुआ खेलते रंगे हाथ पकड़ा गया । दांव लगाकर हार जीत करने वाले आरोपियो से कुल 1 , 93 , 840 / रू. एंव 52 पत्ति ताश जप्त कर , आरोपियों के

विरूद्ध अपराध क्रमांक 682 / 2019 धारा 13 जुआ एक्ट कायम किया गया । लगातार जुआरी जगह बदल बदल कर 52 पत्तो में दांव लगाने वाले पकड़े गए आरोपी - 01 -अशीष बढाईकर पिता नरहरि उन 29 साल साकिन नंदई चौक राजनांदगांव 02 - ऋत्विक पटेल पिता सोबेलाल पटेल उम्र 20 साल साकिन नंदई चौक राजनांदगांव 03- वेंकटराव पिता पी सत्यनारायण उम्र 49 साल साकिन कालकापारा डोंगरगढ़ 04- सर्फद्दीन खान पिता मो0मौलाना उम्र 40 साल साकिन भगत सिंग चौक डोंगरगढ 05- श्याम अग्रवाल पिता द्वारिका प्रसाद उम्र 40 साल . साकिन गोलबाजार डोंगरगढ 06- अभिषेक कुमार पिता सतीश कुमार जैन उम्र 37 साल साकिन सोल्हापारा डोंगरगढ़ 07- शैलेष कुमार जैन पिता शीलचंद जैन उम्र 42 साल साकिन सोल्हापारा डोंगरगढ़ 08-गौतम जैन पिता मांगीलाल जैन उम्र 38 साल साकिन दंतेश्वरीपारा डोंगरगढ़ 09- संजय माहेश्वरी पिता स्व मोहन लाल उन 45 साल साकिन गंज चौक दुर्ग 10-आशीष अग्रवाल पिता लक्ष्मीनारायण अग्रवाल उम्र 31 साल साकिन बुधवारीपारा डोंगरगढ 11-धीरू राम साहू पिता निर्मल लाल उम्र 46 साल साकिन कन्हारपुरी राजनांदगांव है।

सियासत | कवर्धा में जोर शोर से चल रहा प्रचार प्रसार का दौर

तीन दिन बाद होना है मतदान, मंत्रियों ने संभाली प्रचार की कमान

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। नगरीय निकाय चुनाव को लेकर अब शेष तीन दिन बचे हुए है। 21 दिसंबर को मतदान होने को है। समय के नजदीक आते ही अब बिगडती हुई स्थिति को संभालने मंत्री व पूर्व मंत्री भी प्रत्याशियों को पुरा समर्थन देते हुए अपील भी कर रहे है। प्रचार प्रसार का दौर भी जोर शोर से चल रहा है। कई ऐसे वार्ड है जिसमें निर्दलीय प्रत्याशी पार्टीयों का चुनावी समीकरण बिगाडते नजर आ रहे है। तो वहीं निर्दलीय प्रत्याशी भी इस चुनाव में जीत हासिल करने का दावा भी कर रहे है। लेकिन ऐसी स्थिति में राजनीतिक पार्टी भी इस चुनाव में जीत हासिल करने जोर शोर से प्रचार प्रसार कर रहे हैं । कांग्रेस, जोगी कांग्रेस, भाजपा सहित निर्दलीय भी अब चुनावी मैदान में आमने सामने होतें दिख रहे है। जनता की बात करे तो जनता भी प्रत्याशियों मे से ऐसे प्रत्याशियों को परख रहे है। जो उनकी वार्ड में बनी समस्याओं को दुर करने के साथ ही वार्ड की एक अलग पहचान बना सकें। तो प्रत्याशी गण भी अपने मतदाताओं को रिझाने तरह-तरह के लुभावने वादे भी कर रहे हैं। यह नगरीय निकाय चुनाव इस बार ज्यादा ही रोचक बनते जा रहा है। कई ऐसे वार्ड है जहां 5 से 7 प्रत्याषी तक चुनावी रणभूमि में उतरे हुए है और इस

चुनाव में अपनी किस्मत भी अजमा रहे है। लोहारा, बोड़ला, पांडातराई, पिपरिया और पंडरिया में चुनावी रंग चढ चुका है। दिवारो पर जहां लेखन कार्य कराए गए है। वहीं एक ही दिवार पर अलग-अलग प्रत्याशियों के पोस्टर भी लगे हुए है।

कुछ लोगो का कहना है कि यह सभी पोस्टर उनके दिवारो पर अनुमति लेकर लगाए गए है। अब सभी तो वार्ड प्रत्याशी है इसके चलतें किसी को मना करते भी नही बन पा रहा है। कवर्धा की ही बात करे तो ऐसी स्थिति यहां भी निर्मित है। 21 दिसंबर को मतदान के बाद जहां 24 दिसंबर को परिणाम आएगा वहीं यह भी पता चल पाएगा कि जनता ने किसे अपना आशिर्वाद प्रदान किया है।

बोड़ला नगर पंचायत में चुनाव हुआ दिलचस्प, निर्दलीय न लगा दे मेहनत पर बट्टा

बोड़ला। नगर संग्राम के 2019 में हो रहे चुनाव पिछले चुनाव से काफी हटकर दिख रहा है ।पहले तो दोनों ही पार्टियों के नेताओं ने अपने अपने पसंद के उम्मीदवार चुनने के लिए पार्टी संगठन में दबाव बनाकर अपने उम्मीदवारों को टिकट दिलाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाया, कुछ लोग टिकट दिलाने में सफल रहे तो कुछ लोगों को मायूस होकर रहना पड़ा ।यह चुनाव पिछले चुनाव से काफी अलग लगने के कई कारण हैं,अध्यक्ष के चुनाव पार्षदों के माध्यम से होने के कारण चुनावी माहौल बनने में समय लगा। नगर संग्राम में कई वार्डों में निर्दलीयों व जोगी कांग्रेस की उपस्थिति ने अनेक वार्डों में भाजपा,कांग्रेस जैसी बड़ी पार्टियों के नाक में दम कर दिया है।भारतीय जनता पार्टी के वर्तमान उपाध्यक्ष व नेता विजय पाटिल वर्तमान में वार्ड नम्बर चार से चुनावी मैदान में हैं, इनका भी वार्ड कांटे के मुकाबले में फंसा हुआ है पिछले बार भी भागवत पटेल ने कड़े मुकाबले में अंतिम दम तक लड़ाई लड़ी लेकिन कुछ एक वोटों से भागवत पटेल पाटिल से चुनाव हार गए थे इस बार नई ऊर्जा के साथ भागवत पटेल फिर से टक्कर देते दिख रहे हैं। नगरीय निकाय चुनाव में हो रहे 15 वार्डों के पार्षदों के चुनाव में मुकाबला अब काफी रोचक होता चला जा रहा है ।इस प्रभावशाली मुकाबले में निर्दलीयों व जोगी कांग्रेस के उम्मीदवारों ने दमदार नेताओं की नींद उड़ा रखी है। वर्तमान अध्यक्ष डॉ रुपनाथ मानिकपुरी भी वार्ड नंबर 7 से कड़े मुकाबले में चुनावी लड़ाई लड़ते दिख रहे हैं।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

एनआरसी लागू हुआ तो...
उन्होंने कहा कि कैब पर ये हाल है तो एनआरसी लागू हुआ तो लोगों को अमित शाह व मोदी कहां भेजेंगे। बघेल ने कहा कि आज केंद्र की भाजपा सरकार पूरे देश के सामने बड़ी चुनौती है। इनका काम लोगों को बरगलाने का है, आग लगाने का है। देश में छात्रों पर हमले हो रहे हैं। इनकी जितनी भी योजनाएं हैं वो काटने व बांटने वाली हैं। पहले तो लोगों की जेब काटी। लोगों का पैसा बैंकों में जमा कराया, जिसे माल्या जैसे लोग लेकर विदेश भाग गए। बाद में नोटबंदी व जीएसटी लाए। अब अब नागरिकता संशोधन विधेयक बिल (कैब) लाया। इसका असर देश के कई राज्यों में हिंसा के रूप में दिख रहा है। देश जल रहा है। इसके बावजूद गृहमंत्री अमित शाह कहते हैं कि ये तो शुरुआत है। एनआरसी लागू कब करेंगे। एनआरसी लागू करेंगे तो रजिस्टर पर साइन करना होगा, तब साबित होगा कि हिंदुस्तानी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी की खेती नहीं है, कोई पढ़ा लिखा नहीं है, कोई अपना गांव-राज्य छोड़कर दूसरे राज्यों में हैं। ऐसे लोग कैसे प्रमाणित करेंगे कि वे वहां सौ साल से रह रहे हैं। यदि उन्होंने प्रमाणित नहीं किया तो अमित शाह व मोदी उन्हें कहां भेजेंगे। मैं ऐलान करता हूं कि एनआरसी लागू होगा तो मैं रजिस्टर पर दस्तखत नहीं करूंगा। देश की मूल समस्याओं से ध्यान भटकाने का काम कर रहा है। ध्रुवीकरण का काम कर लोगों को बांटा जा रहा है। भाजपा व मोदी सरकार हिंदुओं के लिए कोई काम नहीं किया,सिर्फ डरा-डराकर वोट ले रहे हैं।

25 को इंडोर स्टेडियम में भव्य कार्यक्रमः मुख्यमंत्री बघेल ने बताया कि नगरीय निकाय चुनाव की आचार संहिता खत्म होने पर 25 दिसंबर को इंडोर स्टेडियम में सरकार का एक साल पूरा होने के उपलक्ष में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रदेश के मंत्री टीएस सिंहदेव, शिव डहेरिया, गुरु रुद्र कुमार समेत अन्य मंत्री व नेता प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ मॉडल की...
की जमीन लेने का काम होता है। लेकिन पहली बार आदिवासियों की जमीन वापसी का काम छत्तीसगढ़ में हुआ। एक साल के अंदर ही 10 गांव के 4200 आदिवासियों की जमीन हमारी सरकार के एक साल के कार्यकाल में उन्हें वापस कर दी गई।

-हमारे काम में अड़ंगे डाल रही भारत सरकार

बघेल ने कहा कि आम जनता का विश्वास सरकार पर है साथ ही उम्मीद भी है। लिहाजा सरकार भी तेजी से काम कर रही है। लेकिन इसमें अड़ंगे डाले जा रहे हैं। भारत सरकार अड़ंगे डाल रही है। हमारी योजनाएं आम जनता के अनुरूप बनी हैं, इसलिए सब कार्यक्रम सफल हो रहे हैं। हमने ऋण माफी की, किसानों को 2500 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदा, तेंदूपत्ता को 4000 का भाव दिया, 58 लाख परिवारों को पीडीएस से जोड़ा। इन सभी कामों पर किसी ने उंगली नहीं उठाई। बिजली बिल आधा हो गया। सभी को विश्वास है कि सरकार ने जो वादे किए वो पूरे हो रहे हैं।

-प्रदेश भाजपा पर भी ली चुटकी, कहा -1500 गोठान बन गए, और ये पूछते हैं कि पैसा कहां गया मुख्यमंत्री ने कहा कि धान खरीदी में कांग्रेस कार्यकर्ता किसानों के साथ खड़े हुए। त्रुटियां सामने लाई तो उन्हें दूर कर दिया गया। सरकारी खजाने का पैसा जनता का पैसा है। इसलिए आपसे अपील है कि इसका सदुपयोग करें। उन्होंने प्रदेश भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि हमें पूछा जा रहा है कि ऋण माफी के लिए पैसा कहां से आया, धान को 2500 रुपए देने पैसा कहां से आया। 1500 गोठान बन गए और भाजपा वाले खोजते हैं कि इसका पैसा कहां गया। विधानसभा में पूछते हैं कि बजट का पैसा कहां गया। हम कहते हैं कि 1500 नहीं अब 3000 गोठान बनाएंगे। हमारी सरकार एक-एक पैसे का सदुपयोग कर रही है, इसलिए सब सफल हो रहा है। गोठान योजना सिर्फ शासकीय योजना नहीं है बल्कि इसका संचालन ग्रामीण कर रहे हैं।

ये बातें भी कही मुख्यमंत्री ने : -बांग्लादेश ने अपने नागरिकों की सूची मंगाई है, उन्हें भारत सरकार सूची क्यों नहीं देती।सिर्फ दंगा करा रहे हैं। हमारे भारत के लोग के भी अमेरिका, कनाडा, इंग्लैंड आदि देशों में हैं। उन्होंने भी मोदी सरकार जैसा काम किया तो क्या होगा। ये देश ही नहीं दुनिया में आग लगाने का काम कर रहे हैं।

-नोटबंदी से लोगों की जेब काटी। इसके बाद जीएसटी लागू किया। जीएसटी व नोटबंदी का असर ये हुआ कि लोगों ने अपने खाने तक में कटौती कर दी। इस संबंध की सर्वे रिपोर्ट आ चुकी है। -नोटबंदी में कितना पैसा जमा हुआ ये नहीं बताया, कालेधन की बात छोड़ दो। जीडीपी जो नीचे आ गई उसके बारे में कुछ बोलने की जरूर नहीं है।

सरकार का पहला...
कि मुख्यमंत्री खुद को किसान पुत्र कहते हैं, लेकिन उनके राज्य में किसान परेशान हैं। धान का 2500 रुपए प्रति क्विंटल दाम पाने के लिए चक्कर काट रहे हैं। किसानों को न 2500 का भाव मिल रहा है और न ही दो साल का बोनस मिला। धान खरीदी को लेकर किसान आंदोलन कर रहे हैं। कई जगहों पर आज भी चक्काजाम की स्थिति बनी है।

नौकरी से निकाला जा रहा लोगों को - डॉ. सिंह ने कहा कि इस सरकार के कार्यकाल में करीब 10 हजार लोगों को नौकरी गंवानी पड़ी। भाजपा सरकार द्वारा जनहित में लाई गई स्वास्थ्य योजना को बंद कर दिया गया। कांग्रेस की यूनिवर्सल हेल्थ स्किम का क्या हुआ कुछ पता नहीं है। इस सरकार ने प्रदेश की वित्तीय हालत को बिगाड़ दिया। एक साल में ही 15 हजार करोड़ का कर्ज ले लिया।

एनएमडीसीः छत्तीसगढ़ सरकार...
इसमें एनएमडीसी बेलाडीला प्रोजेक्ट की चार खदानों की लीज की अवधि 20 साल तक बढ़ाई गई है। इनमें बेलाडीला डिपॉजिट नंबर 5, 10, 14 व 14 एनएमजेड शामिल हैं। विज्ञप्ति में कहा गया है कि कंपनी की ओर से छत्तीसगढ़ में स्थित बेलाडीला प्रोजेक्ट की लीज के नवीनीकरण के लिए काफी पहले से ही प्रयास शुरू कर दिए गए थे। बेलाडीला सेक्टर की पांच खदानों में से चार की लीज अवधि बढ़ाई गई है। इन चार की उत्पादन क्षमता 29 मीलियन टन प्रति वर्ष है। जबकि एक खदान की लीज की अवधि वर्ष 2017 में ही बढ़ा दी गई थी।

कुल उत्पादन में छत्तीसगढ़ की ज्यादा हिस्सेदारी

गौरतलब है विगत छह दशकों से लौह अयस्क के खनन कारोबार से जुड़ी सार्वजिनक क्षेत्र की सबसे बड़ी कंपनी एनएमडीसी के देशभर में तीन लौह अयस्क कॉम्प्लेक्स है। इनमें से दो छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में ही हैं। कंपनी के कुल उत्पादन में इनकी बड़ी हिस्सेदारी है। जबकि एक अन्य कॉप्लेक्स कर्नाटक के डोनीमलाई में है।

टॉवर लगाने के नाम...
पर कार्रवाई करते हुए पुलिस काफी सजगता के साथ अलग अलग शहरों से सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं 8 आरोपी अब भी फरार हैं जिनकी तलाश की जा रही है।उक्त मामले का खुलासा करते हुए एसपी अजय यादव ने बताया कि दिल्ली के ठग गिरोह ने खुर्सीपार बुजुर्ग महिला को अपने जाल में ऐसा फंसाया कि उसने कई किस्तों में उनके बताए बैंक खातों में मुंहमांगी रकम जमा कराती रही। जबतक महिला को समझ में आया कि वह बड़ी ठगी की शिकार हो गई तो उन्होंनें अपने परिचित मीडिया कर्मी कमल शर्मा से संपर्क किया। मनोरमा जैन ने एसपी व आईजी के समक्ष शिकायत कर गुहार लगाई। शिकायत के बाद जब पुलिस ने जांच शुरू की और आरोपियों तक पहुंची। आरोपियों में अपूर्व गुप्ता नोएडा, मंजेश कुमार गाजियाबाद उत्तरप्रदेश, सैय्यद मोहम्मद जामिया नगर नईदिल्ली, ज्ञासुद्दीन अशोक नगर नई दिल्ली, कुंदन कुमार गाजियाबाद, सानू पाण्डेय गौतम बुद्ध नगर नोएडा, अर्जुन वर्मा नोएडा शामिल हैं। वहीं फरार आरोपियों में सोना उर्फस्वर्णलता चौधरी, अंकित कुमार, कृष्णकांत गौतम, आदिल परवेस, मुस्तकीन, विजय कुशवाहा व विपिन शामिल हैं। भिलाई के खुर्सीपार निवासी बुजुर्ग महिला मनोरमा जैन के मोबाइल नंबर पर दिल्ली से देवेन्द्र जैन नाम के एक व्यक्ति का फोन आया। उसने कहा कि घर की छत पर भारती और रिलायंस कंपनी का मोबाइल टावर लगवाने पर हर महीने 45 हजार रुपए किराया मिलेगा। लेकिन इसके लिए एचडीएफसी कंपनी का इश्योरेंस प्लान भी लेना होगा। पहली बार 96 हजार 890 रुपए भारती कंपनी और 88 हजार 435 रुपए रिलायंस कंपनी के नाम पर देवेंद्र ने खाते में जमा करवाया। वर्ष 2015 में ठगी का यह सिलसिला शुरू हुआ जो चार साल तक चलता रहा।

जामिया हिंसाः सुप्रीम कोर्ट...
कोर्टों में जाने को कहा है। सीधे सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल करने पर नाराजगी जाहिर हुए बेंच ने वकीलों- इंदिरा जयसिंह और निजाम पाशा से कहा कि सुप्रीम कोर्ट को ट्रायल कोर्ट की तरह नहीं ट्रीट कर सकते। बेंच ने कहा, 'हम दखल नहीं देंगे। यह कानून-व्यवस्था की समस्या है, बसें कैसे जलीं? आप हाई कोर्ट क्यों नहीं गए? हाई कोर्ट सुनवाई में सक्षम हैं।' सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी की कि पुलिस ऐक्शन से नाराज स्टूडेंट अगर संबंधित हाई कोर्टों में जाते तो बेहतर होता। इस दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सरकार का पक्ष रखते हुए कोर्ट को बताया कि किसी छात्र को गिरफ्तार नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि हिंसा के दौरान 31 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। 20 गाड़ियों को आग लगाई गई। पुलिस के बिना इजाजत जामिया कैंपस में घुसने के आरोपों पर मेहता ने दावा किया कि प्रॉक्टर ने पुलिस से गुजारिश की थी।

30 वार्डों में निर्दलियों ने बढ़ाई चिंता

- 30 वार्डों से 144 प्रत्याशियों में 49 निर्दलीय
- शहर की सरकार बनाने में निभा सकते हैं महत्वपूर्ण भूमिका

महासमुंद। इस बार नगरीय निकाय चुनाव में 49 निर्दलीय प्रत्याशी चुनावी मैदान में ताल ठोंक रहे हैं जिन्होंने भाजपा, कांग्रेस प्रत्याशियों के नाक में दम कर रखा है जिससे राष्ट्रीय पार्टियों का समीकरण बिगड़ता दिख रहा है। जानकारों की मानें तो निर्दलीय मैदान में उतरे बागी और नए चेहरे जनता का ध्यान अपनी तरफ खींचने में अब तक कामयाब होते नजर आ रहे हैं हालांकि निर्दलियों का कितना प्रभाव जनता पर पड़ेगा यह चुनाव परिणाम के बाद ही पता चलेगा पर शहर की सरकार बनाने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है।

शहर के 30 वार्डों में इस बार 144 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं जिनमें 49 प्रत्याशी निर्दलीय है जिनमें कुछ बागी तो कुछ नए चेहरे हैं। वार्ड 7 और 10 में निर्दलियों की संख्या अधिक है जहां घमासान मचा है। आरोप-प्रत्यारोप से लेकर वार्ड विकास और मूलभूत सुविधाओं की घोषणा प्रत्याशी घर-घर जाकर दस्तक दे रहे हैं। वहीं कई प्रत्याशी लोकलुभावन वादे के अलावा आने वाले दिनों में साम, दाम, दंड, भेद की रणनीति पर काम कर रहे हैं जो प्रचार के आखिरी दिनों में खासकर 20 तारीख की रात में खेला जाएगा। प्रत्याशी पिकनिक पार्टी से लेकर धनबल का भी भारी प्रयोग कर रहे हैं। शहर के वार्ड 5, 9, 13,15 ,17, 22 और 30 निर्दलीय दावेदारों से अछूते हैं यहां मुख्यतः भाजपा-कांग्रेस आमने-सामने हैं। जोगी कांग्रेस और आप के उम्मीदवार भी प्रचार-प्रसार में कम नहीं हैं।

18 वार्डों में घमासान

वैसे तो निर्दलीय प्रत्याशियों ने चुनाव को रोचक बना दिया है जहां एक तरफ 30 में से 13 वार्ड में त्रिकोणीय मुकाबला है। वहीं वार्ड 6 ,7,10, 11 ,13, 14,15 ,16 ,17,18,19 , 20, 24, 25 , 26, 28, 29, 30 में घमासान मुकाबला है। वर्तमान पार्षद अपने वार्डों को छोड़कर दूसरे वार्डों से अपनी किस्मत आजमा रहे हैं वहीं स्थानीय वार्ड के प्रत्याशी उनका बाहरी होने का मुद्दा जोर-शोर से जनता के बीच उठा रहे हैं।

पार्षद चुनकर अध्यक्ष बनने की तैयारी

पार्षद ही अध्यक्ष चुनेंगे इस निर्णय के बाद से ही यह तय हो गया था कि इस बार का नगरीय निकाय चुनाव काफी रोचक होने वाला है। महासमुंद नगर पालिका के लिए 144 दावेदारों में से 35 वर्तमान व पूर्व पार्षद चुनाव मैदान में हैं। चुनाव में जीत हासिल होने पर इनमें से ही कुछ ही अध्यक्ष पद की दावेदारी करेंगे इस प्रकार अध्यक्ष पद की दावेदारी करने वाले कुछ लोगों को दो-दो चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। पहले पार्षद के लिए जोर आजमाइश फिर अध्यक्ष के लिए जद्दोजहद अध्यक्ष पद को लक्ष्य मानकर चुनाव मैदान में दावेदारों का तो सब कुछ दांव पर है। इनमें से कई ऐसे हैं जो अध्यक्ष, उपाध्यक्ष पद पर रहकर इस बार पार्षद के लिए चुनाव मैदान में हैं। पहली बार चुनाव मैदान में उतरे उम्मीदवारों के लिए पाने के लिए बहुत कुछ है पर खोने का डर उन्हें नहीं है। वहीं, दिग्गजों की नींद हराम है।

वार्ड 7, 10 में अधिक निर्दलीय उम्मीदवार

वार्ड 7 में सबसे अधिक निर्दलीय प्रत्याशी हैं भाजपा, कांग्रेस ,जोगी कांग्रेस और आप को छोड़ कर यहां से मन्नू लाल चौहान, मोहम्मद रशीद, बबलू हरपाल, मोहम्मद इलियास, संजय पटेल, श्रीधर यादव, श्यामसुंदर चुनाव मैदान में हैं। इसी तरह वार्ड 10 में भी निर्दलीय प्रत्याशियों की संख्या अधिक है। यहां से कुमुद रानी ठाकुर, पप्पू ठाकुर, प्रभात साहू, प्रकाशचंद पटेल, प्रतिभा चंद्राकर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में हैं इसके अलावा राकांपा से श्रीमती शोभा शर्मा चुनाव मैदान में हैं। यहां से भाजपा से देवीचंद राठी, कांग्रेस के खिलावन बघेल, जोगी कांग्रेस की बोनी कुणाल रंगारी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

19 से 24 दिसंबर तक बंद रहेंगी शराब दुकानें

महासमुंद। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुनील कुमार जैन ने नगरपालिकाओं के नगरपालिका परिषद्, नगर पंचायत के पार्षद पदों के आम-उपनिर्वाचन के लिए दिसंबर हेतु निर्वाचन क्षेत्रों में एवं निर्वाचन क्षेत्र से लगे सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थित देशी एवं विदेशी मदिरा दुकानें, मद्य भाण्डागार तथा रेस्टोरेंट बार, होटल, क्लब आदि मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व अर्थात 19 दिसंबर शाम 5 बजे से 21 दिसंबर को सम्पूर्ण दिवस एवं मतगणना दिवस 24 दिसंबर को सम्पूर्ण दिवस के लिए शुष्क दिवस घोषित किया है। इस तरह विकासखण्ड महासमुंद की विदेशी मदिरा दुकान सितली नाला, विदेशी मदिरा दुकान एकता चौक, देशी मदिरा दुकान बेमचा, देशी मदिरा दुकान स्टेशन रोड, मद्य भाण्डागार महासमुन्द, एफएल-2 मधुबन रेस्टोरेंट एण्ड बार एवं एफएल-2 वीईपी बार एण्ड रेस्टोरेंट बंद रहेगा। देशी एवं विदेशी मदिरा दुकान बागबाहरा बंद रहेगी, देशी और विदेशी मदिरा दुकान सरायपाली तथा देशी मदिरा दुकान झिलमिला बंद रहेगी।

हथनीपारा में सांसद और विधायक ने ली जनसभा

भाटापारा। नगर के हथनीपारा में रायपुर लोकसभा क्षेत्र सांसद सुनील सोनी व भाटापारा विधायक शिवरतन शर्मा ने नगरपालिका पार्षद पद के भाजपा प्रत्याशी भागवत साहू, यशोदा साहू को विजयी बनाने के लिए वार्ड में सामुहिक सभा ली। सभा को संबोधित करते हुए सुनील सोनी ने कहा कि केन्द्र की सरकार देश की विकास, नीति नियम और सुरक्षा के लिए होती है, प्रदेश की सरकार प्रदेश की विकास के लिए होती है और नगरपालिका की सरकार जनता के मूलभूत सुविधाओं के लिए होती है। इन तीनों सरकार में नगर की सरकार की भुमिका महत्वपूर्ण होती है क्योंकि ये सीधा जनता की सेवा के लिए होता है, नगर सरकार का सदस्य होना बडे सौभाग्य की बात है जो जनता के सुख दुख व समस्या और समाधान से जुडा होता है।

सांसद ने बताया कि मैं भी दो बार पार्षद रहा व दो बार महापौर बनने का अवसर जनता ने दिया था। नगरपालिका का जनप्रतिनिधि सीधे जनता के संपर्क में रहता है तथा उनकी हर सुविधा व समस्या के समाधान के लिए तत्पर रहता है।

शहीद वीर नारायण सिंह को युगों युगों तक याद रखा जाएगा : नेताम

- वीर नारायण सिंह के शहादत दिवस पर विशाल रैली

मैनपुर। तहसील मुख्यालय मैनपुर से 12 किमी दूर ग्राम धवलपुर में शहीद वीर नारायण सिंह की शहादत दिवस पर आज सर्व आदिवासी विकास परिषद द्वारा विशाल रैली निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के महिला पुरूष बच्चे शामिल हुए और दुर्गा मंच प्रागंण में विशाल सभा का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि विधानसभा प्रत्याशी एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता संजय नेताम, अध्यक्षता श्रीमति लोकेश्वरी नेताम, विशिष्ट अतिथि सर्व आदिवासी समाज गरियाबंद अध्यक्ष भरत दीवान, विशेष अतिथि भुनेश्वरी देव, सेब्या ठाकुर, गुजरात कमलेश, कन्हैया लाल ठाकुर, टी.के. देव. नारद राम ध्रुव. रामलाल सोरी. निराम सिंह सोरी, धनसाय नागेश, केदार सिंह दाउ, भोलाराम सोरी, जुदेश्वर कोमर्रा, बिबेश्वरी ठाकुर, किर्ती कपिल विशेष रूप से उपस्थित थे। इस दौरान अतिथियों द्वारा कार्यक्रम के शुभारंभ में मुख्य मंच में शहीद वीर नारायण सिंह के छायाचित्र की पूजा अर्चना कर सतरंगी ध्वज फहराया गया । इस दौरान आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि वरिष्ठ कांग्रेस नेता संजय नेताम ने कहा कि अमर शहीद वीर नारायण सिंह को युगों-युगों तक याद रखा जाएगा भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में वीर नारायण सिंह के एतिहासिक योगदान और उनकी वीरतापूर्वक शहादत को देश हमेशा याद रखेगा। उन्होने कहा कि गरीबों और किसानों के जीवन में खुशहाली लाना शहीद वीर नारायण सिंह का सपना था।

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-4, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. 0771-2436320
email ID: eocghbzone4@gmail.com
आम सूचना
संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-4, रायपुर

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-5, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
email ID: eocghbzone5@gmail.com
आम सूचना
संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-5, सेजबहार रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-5
ईदगाह भाठा पानी टंकी के पास, रायपुर (छ.ग.)
ph.No. 0771-40455819 Email rmczone5@gmail.com
ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना
जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक-5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राजनांदगांव
ईश्तहार
क्र./409/प्रवा.-3/अ.वि.अ. 2019
राजनांदगांव, दिनांक 23/11/2019
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
राजनांदगांव

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राजनांदगांव
ईश्तहार
क्र./406/प्रवा.-3/अ.वि.अ. 2019
राजनांदगांव, दिनांक /11/2019
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
राजनांदगांव

न्यायालय नायब तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार
रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2019 -20
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ ...
आज दिनांक 13.12.2019 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।
नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार
रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2019 -20
आज दिनांक 05.12.2019 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।
नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2019-20
एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को ...
आज दिनांक 29.11.2019 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।
नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2019-20
आज दिनांक 26.11.2019 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र.//अ-74/वर्ष 2019-20
आज दिनांक 08.11.2019 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।
नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-II, सड्डू, रायपुर (छ.ग.)
GST No.22AAECA9783D2ZP
//आम सूचना//
सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-II, सड्डू, रायपुर

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com
आम सूचना
सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01 कबीर नगर, रायपुर

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-II, सड्डू, रायपुर (छ.ग.)
GST No.22AAECA9783D2ZP
//आम सूचना//
सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-II, सड्डू, रायपुर

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

रानी मुखर्जी की फिल्म सोमवार को भी शानदार

रानी मुखर्जी एक बार फिर अपने दमदार रोल में पर्दे पर हैं और इस बार शिवानी रॉय के शानदार किरदार की वजह से दर्शकों के दिलों पर राज कर रही हैं। 'मर्दानी 2' में रानी मुखर्जी सीरियल रेपिस्ट और किलर को धूल चटाती नजर आ रही हैं। फिल्म ने चार दिनों में करीब 21 करोड़ की कमाई कर डाली है।

रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने जहां अपनी ओपनिंग शुक्रवार को 3.75 करोड़ रुपए से की थी, वहीं इसने सोमवार को करीब 3 करोड़ की कमाई कर डाली है। वीक डेज़ के हिसाब से 'मर्दानी 2' की यह कमाई शानदार है।

बता दें कि फिल्म रिलीज़ से पहले रानी मुखर्जी ने अपनी इस फिल्म का कोई प्रमोशन नहीं किया, लेकिन यह एक स्ट्रॉन्ग सोशल मेसेज दे रही है। यह 2014 में आई 'मर्दानी' का सीक्वल है, मगर 'मर्दानी 2' में पाशविक बलात्कार और हिंसा के पीछे छिपी मानसिकता को दिखाया गया है। इस क्राइम थ्रिलर के जरिए निर्देशक गोपी पुथरान ने महिलाओं के प्रति फैली मिसोजिनिस्ट सोच को भी दर्शाया है।

कॉमेडी करना अजय के लिये बेहद मुश्किल : काजोल

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल का कहना है कि उनके पति और अभिनेता अजय देवगन के लिये कॉमेडी करना बेहद मुश्किल काम है। अजय और काजोल जल्द ही फिल्म तानाजी में साथ नजर आएंगे। काजोल ने अजय की सुपरहिट कॉमेडी सीरीज गोलमाल पर भी बातचीत की। काजोल ने इस सीरीज में अजय की कॉमेडी पर कहा, ये उनके लिए बहुत, बहुत, बहुत, बहुत, बहुत मुश्किल काम है बल्कि जब मैंने गोलमाल का पहला पार्ट पहली बार देखा तो मैं हैरान थी।

काजोल ने कहा कि मैं हैरान थी कि वह ये करने में भी कामयाब रहा है और ये वो चीज है जिसके बारे में मैं कह सकती हूं कि वो करना जो आपके स्वभाव का हिस्सा बिलकुल भी नहीं है। काजोल ने कहा, मुझे लगता है कि यदि कोई कलाकार वो कर पाए जो उसके स्वभाव का हिस्सा बिलकुल भी नहीं है तो मैं मानती हूं कि उसने कुछ हासिल किया है।

पति के कॉन्सर्ट में फैंस के बीच इंजॉय करती दिखीं प्रियंका

पॉप्युलर कपल में से एक प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस ने हाल ही में अपनी शादी की पहली सालगिरह मनाई। दोनों स्टार इस समय अलग अलग देशों में अपने काम को लेकर बिजी हैं।

वहीं, अब प्रियंका चोपड़ा भारत में अपने काम को पूरा करके न्यू यॉर्क वापसी चली गईं। यहां पर वह साल 2019 के अपने पति के आखिरी कॉन्सर्ट में शामिल हुईं।

प्रियंका चोपड़ा इस कॉन्सर्ट में जोनस ब्रदर्स और भाभी सोफी टर्नर के साथ नजर आईं। ऐक्ट्रेस यहां पर जोनस ब्रदर्स के कॉन्सर्ट में फैंस के बीच सोफी टर्नर के साथ इंजॉय करती दिखीं। इसका एक विडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। ब्लैड ड्रेस में प्रियंका चोपड़ा काफी खूबसबरत नजर आ रही हैं। इसके अलावा प्रियंका चोपड़ा अपने पति के साथ क्रिसमस सेलिब्रेशन के लिए तैयार हैं।

वर्कफ्रंट की बात करें तो वह आखिरी बार डायरेक्टर शोनाली बोस की फिल्म 'द स्काई इज पिंक' में नजर आई थी। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर चल नहीं पाई। ऐक्ट्रेस के फैंस उनके अगले प्रॉजेक्ट की घोषणा का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

QUIZ TIME

1) वर्ष 1953 में सिर्फमैक्कार्थीज्म को दिए गए प्रत्युत्तर के रूप में गांधीजी द्वारा विकसित किस राजनीतिक प्रत्युत्तर ने आइंस्टीन के समक्ष प्रस्ताव प्रस्तुत किया था?
2) मध्यप्रदेश में त्रिपुरी कांग्रेस अधिवेशन ,1939 में सुभाष चंद्र बोस ने कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव में किसे हराकर विजय प्राप्त की थी?
3) 1800 ई.पू.में सम्राट हम्मुराबी की राजधानी क्या थी?
4) संसद के किसी भी सदन का सदस्य न होने के बावजूद भारत के .... सदन के बैठक में भाग ले सकता है।
5) दर्शित चित्र किसकी कलाकृति है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) असहयोग (2) पट्टाभि सीतारमैया (3) बेबिलोन (4) आर्टानी जनरल (महान्यायवादी) (5) भारत माता, अवनींद्रनाथ टैगोर द्वारा बनाया गया

अमिताभ की सलाह नहीं मानते रजनीकांत

मुंबई (वार्ता)। दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत का कहना है कि वह अमिताभ बच्चन को अपना अपना आदर्श मानते हैं लेकिन राजनीति में एंट्री ना करने की उनकी सलाह को नहीं मानते हैं। रजनीकांत ने अमिताभ की तारीफकी है और बताया कि वह अमिताभ को अपना आदर्श मानते हैं। हाल ही में रजनीकांत ने गोवा के पणजी में आयोजित भारत के 50 वें अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल के दौरान, विशेष सम्मान मिलने पर भी यह बात कही थी। 'दरबार' के ट्रेलर लॉन्च पर जब रजनीकांत से सवाल किया गया कि सारी दुनिया आपको थलाइवा कहती है, लेकिन आपका थलाइवा कौन है, आप किस हीरो को सबसे ऊंचा स्थान देते हैं? जवाब में रजनीकांत ने अमिताभ का नाम लेते हुए बताया कि अमितजी उनके दोस्त भी हैं और हाल ही में उन्होंने उन्हें तीन महत्वपूर्ण सलाह दिए, उनके द्वारा दिए गए दो सलाह तो वह मानते हैं, लेकिन तीसरे सलाह को न मानने की वजह है, समय के साथ बन गई परिस्थितियां।

तापसी ने ट्विटर पर बताई 'थप्पड़' की रिलीज डेट

तापसी पन्नू ने ट्विटर पर फिल्म 'थप्पड़' की रिलीज डेट शेयर की है। डायरेक्टर अनुभव सिन्हा ने उनके ट्वीट का मजेदार तरीके से जवाब दिया है। तापसी पन्नू स्टारर 'थप्पड़' की चर्चा काफी समय से हो रही है। फिल्ममेकर अनुभव सिन्हा के साथ तापसी पन्नू की यह दूसरी फिल्म है। फिल्म सेट से तापसी ने कई तस्वीरें शेयर की थीं जिसके बाद फैन्स को इस फिल्म का इंतजार था। अब आखिरकार तापसी ने फिल्म की रिलीज डेट शेयर की है। इतना ही नहीं, तापसी ने जब ट्विटर पर फिल्म की रिलीज डेट बताई तो अनुभव सिन्हा ने उनकी मौज ले ली। तापसी पन्नू ने इससे पहले अनुभव सिन्हा के साथ फिल्म 'मुल्क' में काम किया था। वह एक बार फिर से उनके साथ इस फिल्म के लिए आईं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो इस फिल्म में तापसी अमृता प्रीतम का किरदार निभा रही हैं। तापसी ने ट्विटर पर बताया कि 'थप्पड़' 28 फरवरी 2020 को रिलीज होगी। इस ट्वीट के बाद अनुभव सिन्हा तापसी को ट्विटर पर ही चिढ़ाने लगे। अनुभव ने लिखा, 'अरे मुझे किसी ने बताया ही नहीं? 28 फरवरी? चल ठीक है फिर?'

देश की सबसे बढ़ी कंपनी एनएमडीसी ने जीते पांच प्रतिष्ठित पुरस्कार

- **41वीं अखिल भारतीय जन संपर्क कॉन्फ्रेंस में तेलंगाना के गृहमंत्री ने किए प्रदान**

हैदराबाद/नवप्रदेश। देश की सबसे बड़ी लौह अयस्क कंपनी एनएमडीसी ने पांच प्रतिष्ठित पुरस्कार अपने नाम किए हैं। कंपनी को ये अवार्ड हैदराबाद में आयोजित 41वीं अखिल भारतीय जन संपर्क कॉन्फ्रेंस में प्रदान किए गए। इस कॉन्फ्रेंस का आयोजन हाल ही में पब्लिक रिलेशन सोसायटी ऑफ इंडिया द्वारा किया गया था। एनएमडीसी की ओर से ये पुरस्कार निदेशक (कार्मिक) सुमित देब की ओर से प्राप्त किए गए। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए तेलंगाना के गृहमंत्री मोहम्मद अली ने ये पुरस्कार प्रदान किए।

इनके लिए मिले अवार्ड

हाउस जर्नल : हिंदी में प्रकाशित कंपनी की पत्रिका 'खनिज भारती' को प्रथम पुरस्कार मिला। एनएमडीसी कॉरपोरेट ऑफिस के आधिकारिक भाषा विभाग द्वारा यह पत्रिका पूरी तरह से हिंदी में प्रकाशित की गई है। यह पत्रिका कर्मचारियों को तकनीकी विषयों पर हिंदी में मूल आर्टिकल लिखने के लिए प्रोत्साहित करती है।

सस्टेनेबल डेवलपमेंट रिपोर्ट: एक्सपांडिंग होराइजन (क्षितिज विस्तार) शीर्षक वाली इस रिपोर्ट को द्वितीय पुरस्कार मिला है। (संधारणीयता रिपोर्ट) में सस्टेनेबिलिटी रिपोर्ट वैज्ञानिक खनन, सामाजिक जिम्मेदारी, जलवायु संरक्षण, जैव विविधता का संरक्षण और आर्थिक विकास पर फोकस किया गया है।

कार्पोरेट फिल्म (हिंदी): इसे द्वितीय पुरस्कार मिला है। इस फिल्म में एनएमडीसी की उत्पत्ति, इतिहास, गतिविधियों व उपलब्धियों को बताया गया है। इसके साथ फिल्म में एनएमडीसी की विकास योजनाएं, आर एंड डी एक्टिविटी, सीएसआर गतिविधियां, कंपनी द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए किए जा रहे उपाय व वैश्विक स्तर पर एनएमडीसी की पहचान आदि को दर्शाया गया है।

सोशल मीडिया एंड पीआर ब्रांडिंग: इस श्रेणी में द्वितीय पुरस्कार मिला है। एनएमडीसी ने अगस्त 2016 में अपनी सोशल उपस्थिति दर्ज कराई, ताकि प्रारंभिक स्तर पर ब्रांड जागरूकता विकसित की जा सके। इसके बाद इस माध्यम को पीआर (जन संपर्क) व ब्रांड विस्तार के लिए उपयोग किया जा रहा है।

कॉफी टेबल बुक: उत्कृष्टता के 60 साल शीर्षक से प्रकाशित इस बुक को तीसरा पुरस्कार मिला है। इस किताब में एनएमडीसी के 60 साल की यात्रा की कहानी है। इसमें एनएमडीसी के भव्य इतिहास से जुड़ीं तस्वीरें भी हैं। साथ ही इन 60 वर्षों में एनएमडीसी की मील की पत्थर साबित हुईं उपलब्धियां भी हैं।

इटालियन लक्ज़री ब्रांड फेरेएरा का भारतीय बाज़ार में पहुंचा

मुंबई। फैब्रिक्सएवं टैक्सटाइल्स इंडस्ट्री में फैशन के नए बेंचमार्क की स्थापना के लिए फेरेएरा ने भारतीय बाज़ार में प्रवेश किया है। पर्शियन ब्लू और गोल्ड जैसे क्लासिक रंगों के साथ, इस ब्रांड ने पेगासस को अपना प्रतीक चिह्न बनाया है और इसके आगमन के साथ ही बाज़ार में हलचल तेज़ हो गई है। इटली हमेशा से फैशन, कला और आर्किटेक्चर का केंद्र बिंदु रहा है, जिसका अनुसरण पूरी दुनिया ने किया है। यहां नवजागरण युग की कला का जन्म हुआ, और यह आज तक फैशन इंडस्ट्री के अन्य सभी ट्रेंड-सेटर के बीच पहले स्थान पर मौजूद है।

इस ब्रांड की स्थापना लक्ज़री सूटिंग तथा जैकेटिंग फैब्रिक्स के समझदार खरीदारों को ध्यान में रखते हुए की गई है। यह ब्रांड पूरी शुद्धता एवं उत्कृष्टता का प्रतिनिधित्व करता है, और यह बात इसके परिधानोंमें भी नज़र आती है। दरअसल यह लक्ज़री और एलीट फैशन के पारखी लोगों के लिए किया गया एक आविष्कार है। फेरेएरा ने अपने वस्त्रों में इटालियन संस्कृति की कलात्मकता को समाहित किया है। फेरेएरा ने अपने प्रोडक्ट डिजाइन की प्रेरणा इटली की कला और आर्किटेक्चर से प्राप्त की है- जिसमें बेहद छोटे और विस्तृत संरचनाओं, दोनों को अंगीकार किया गया है। इटली की ख़ासियत तथा विदेशी डिजाइन के गौरव के साथ, यह ब्रांड और इसकी उत्कृष्ट गुणवत्ता अतुलनीय है।

टेक्नॉलजी सेक्टर में अगले साल 1.8 लाख नई नौकरियां मिलेंगी

- **साल 2020 में टेक्नॉलजी सेक्टर में होने वाली हैं बंपर भर्तियां, 1.8 लाख नए जॉब्स**
- **एक्सपर्ट्स 177 अरब डॉलर के घरेलू IT और BPM सेक्टर में जबर्दस्त भर्तियां होने का अनुमान दे रहे हैं**

बेंगलुरु। डोमेस्टिक टेक्नॉलजी सेक्टर की हायरिंग में अगले वित्त वर्ष लगभग 10त्न बढ़ोतरी हो सकती है। इसमें ग्लोबल कंपनियों और घरेलू सॉफ्टवेयर एक्सपोर्टर्स के इन-हाउस टेक्नॉलजी सेंटर्स में हायरिंग भी शामिल है। यह बात एंट्री लेवल जॉब्स में लगातार बढ़ोतरी दर्ज करने वाले रिक्रूटमेंट प्रफेशनल्स कह रहे हैं। इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स 177 अरब डॉलर के घरेलू IT और BPM सेक्टर में इस फिस्कल कुल 1.8 लाख प्रफेशनल्स की भर्ती होने का अनुमान दे रहे हैं। उनका मानना है कि अगले फिस्कल ईयर में दो लाख ज्यादा इंजिनियर्स और ग्रैजुएट्स की भर्ती हो सकती है।

बेंगलुरु की स्टाफिंग कंपनी एक्सफेनो के को-फाउंडर कमल कारंत ने ईटी को बताया, 'एक से पांच साल का अनुभव रखने वाले प्रफेशनल्स की भर्ती से हायरिंग ग्रोथ में नियमितता बनी रह सकती है। सबसे ज्यादा भरती मल्टिनैशनल कंपनियों की इंडियन टेक्नॉलजी यूनिट्स में हो सकती है।' उन्होंने कहा कि हायरिंग को खासतौर पर ग्लोबल कंपनियों के मौजूदा और नए टेक्नॉलजी सेंटर से बढ़ावा मिल सकता है। एक्सफेनो के एस्टिमेट के मुताबिक टेक्नॉलजी सर्विसेज कंपनियों के साथ रीबैजिंग कॉन्ट्रैक्ट्स के जरिए पिछले 12 से 18 महीनों में ऐसी लगभग 30 कैप्टिव यूनिट्स इंडिया में लगी हैं।

रीबैजिंग में आईटी सर्विसेज वेंडर अपनी क्लाइंट की बिजनस यूनिट और उसके एंप्लॉयीज को अपने कंट्रोल में ले लेते हैं। एक यूरोपियन बैंक के भारत में चल रहे टेक्नॉलजी सेंटर के सीनियर एग्जिक्यूटिव ने कहा, 'इंडिया में तरह-तरह के स्किल वाले प्रफेशनल्स हैं। यह हमारी तरफ से अगले दो-तीन साल तक यहां की कैप्टिव यूनिट्स में ज्यादा भरती किए जाने की बड़ी वजहों में एक होगी। उन्होंने कहा, 'कुछ कंपनियां इंडिया जैसे इमर्जिंग मार्केट्स में अपने ऑफिस के कंसॉलिडेशन के लिए बड़े पैमाने पर भरती कर रही हैं।'

फिस्कल ईयर 2021 में घरेलू आईटी सेक्टर में होने वाली कुल भर्तियों में देश की टॉप पांच आईटी सर्विसेज कंपनियों-टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (TCS), इन्फोसिस, HCL टेक्नॉलजीज, विप्रो और टेक महिंद्रा का योगदान 40% से ज्यादा रह सकता है। इन्फोसिस के एचआर ग्रुप हेड कृष्णमूर्ति शंकर ने कहा, 'हमारा आत्मविश्वास बढ़ा हुआ है।

एचडीएफसी बैंक ने एपीआई बैंकिंग समिट का पहला संस्करण प्रस्तुत किया

बेंगलुरु। एचडीएफसी बैंक ने आज बेंगलुरु में अपनी एपीआई बैंकिंग समिट के पहले संस्करण का आयोजन किया। देश में इस अपनी तरह की पहली ईवेंट में एचडीएफसी बैंक ने पार्टनर्स को अपनी ओपन बैंकिंग एपीआई सेवाओं का उपयोग करने के लिए आमंत्रित किया, जिससे तृतीय पक्ष (थर्ड पार्टीज़) उन सेवाओं का निर्माण कर सकेंगे, जो इसकी बैंकिंग व्यवस्था से कनेक्ट हो सकें।

100 से ज्यादा एपीआई उपयोग के लिए तैयार अवस्था में होने तथा देश में सर्वश्रेष्ठ बैंकिंग सुरक्षा के साथ एचडीएफसी बैंक थर्ड पार्टीज़ जैसे फिनटेक, एग्रीगेटर्स, थर्ड पार्टी सर्विस प्रदाताओं एवं प्लेटफॉर्म्स, डायरेक्ट सेलिंग एजेंट्स एवं डेवलपर्स को अपनी ओपन बैंकिंग एपीआई सर्विसेस का उपयोग करने वाली एप्लीकेशंस एवं पोर्टल्स का निर्माण करने का सुनहरा अवसर प्रस्तुत कर रहा है। ये समाधान मुख्यतः पेमेंट, कस्टमर सर्विस एवं कस्टमर एक्विज़िशन के क्षेत्रों में होंगे।

अगले एक दिन में एक हाई-प्रोफाइल ज्यूरी 24 चयनित पार्टनर्स द्वारा सर्वश्रेष्ठ समाधानों का चयन करेगी। प्राप्त हुए 100 आवेदनों में से 24 पार्टनर चुने गए हैं। विजेताओं को एचडीएफसी बैंक के साथ काम करने का अवसर मिलेगा।

चेन्नई से 787-10 विमानों का परिचालन करेगी सिंगापुर एयरलाइंस

नयी दिल्ली (वार्ता)। सिंगापुर एयरलाइंस अगले साल 20 मई से चेन्नई और सिंगापुर के बीच बोइंग 787-10 ड्रीमलाइनर विमान का परिचालन शुरू करेगी।

कंपनी ने सोमवार को बताया कि इस मार्ग पर वर्तमान में वह एयरबस की ए330.300 विमान का परिचालन कर रही है। दोनों शहरों के बीच सप्ताह में उसकी 10 उड़ानें हैं जिसे बढ़ाकर 13 किया जायेगा। अगले साल 20 मई से इन मार्गों पर बोइंग 787-10 विमानों का परिचालन होगा। अगले साल 01 जून से इस मार्ग पर उसकी उड़ानों की संख्या 17 हो जायेगी।

टोकन मिल्क की कीमतों में पांच फीसदी की बढोतरी: मदर डेयरी

नयी दिल्ली (वार्ता)। दूध की कीमतों में तीन रुपये प्रति लीटर की बढोतरी कर चुकी मदर डेयरी ने सोमवार को कहा कि आम लोगों पर अधिक बोझ नहीं डालने की नीति के कारण ही टोकन मिल्क की कीमतों में पांच फीसदी की बढोतरी की गयी है और यह दूध अभी भी सबसे सस्ता है।

कंपनी ने यहां जारी बयान में दिल्ली एनसीआर के लोगों से टोकन मिल्क को खरीद को प्राथमिकता देने की अपील करते हुये कहा कि इससे न केवल बाजार में उपलब्ध दूध विकल्पों से सस्ता दूध प्राप्त कर सकेंगे बल्कि परोक्ष रूप से पर्यावरण सरंक्षण में भी अपना योगदान दे सकेंगे।

मदर डेयरी के बूथ या मिल्क वेंडिंग मशीनों के माध्यम से टोकन मिल्क की बिक्री की जा रही है। कीमतें बढ़ने के बाद यह दूध 42 रुपये प्रति लीटर हो गया है जबकि पहले यह 40 रुपये प्रति लीटर था। मदर डेयरी अभी दिल्ली एनसीआर में 30 लाख लीटर प्रतिदिन दूध की बिक्री करता है, जिसमें टोकन मिल्क 6 लाख लीटर शामिल है। टोकन मिल्क की बढती मांग और उपभोक्ताओं के हित को ध्यान में रखते हुए कंपनी ने पहले से ही 10 लाख लीटर टोकन मिल्क प्रोसेस और बिक्री करने की आधारभूत क्षमता का निर्माण किया है।

न्यूज गैलरी

खंभे में लाइट बदल रहा था युवक, करंट से मौत

महासमुंद। सरायपाली क्षेत्र के ग्राम बरतियाभाठा में सोमवार को करंट से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। पुलिस ने बताया कि सोमवार दोपहर साढ़े 12 बजे ग्राम कैथा निवासी रविन्द्र कुमार साहू पिता ओमप्रकाश (24) क्रेडा योजना के तहत खंभे में लगी पुरानी लाइट को बदल रहा था, उसी दौरान उसका हाथ बिजली तार के संपर्क में आ गया जिससे उसकी मौत हो गई।

67.2 क्विंटल धान बरामद

महासमुंद। धान के अवैध परिवहन और भण्डारण के 304 प्रकरण में 17 हजार 728 क्विंटल धान जब्त किया गया है। जिला खाद्य अधिकारी अजय यादव ने बताया कि सोमवार को पांच प्रकरण में 67.2 क्विंटल धान जब्त किए गए। इनमें गजानंद साव कुड़ेकेल से 12.80 क्विंटल, दामोदर साव कुड़ेकेल से 10.40 क्विंटल, शंकर ट्रेडर्स पिथौरा से 20 क्विंटल, सुखराम जांगड़े, सोनासिल्ली से 14 क्विंटल तथा शोभाराम पटेल सरगतोरा से 10 क्विंटल धान जब्त किया गया।

जहर सेवन से मौत

महासमूंद। तुमगांव क्षेत्र के कौआझर में जहर सेवन से उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती युवक ने दम तोड़ दिया। पुलिस के अनुसार निराकर पटेल (45) ने 5 दिसंबर को जहर सेवन कर लिया था।

फांसी में मिली लाश

महासमुंद। शनिवार सुबह बागबाहरा के पठारीमुड़ा निवासी राकेश कुमार (22) की कमरे में फंसी में लटकी लाश मिली। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

सर्पदंश से युवक की मौत

महासमुंद। सिंघोड़ा क्षेत्र के सागरपाली में सर्पदंश से युवक की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक केंदूढार निवासी प्रेमलाल चौहान को सागरपाली स्थित दुकान में सांप ने काट लिया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

पांच लोगों से 14 लीटर शराब बरामद

महासमुंद। अलग-अलग तीन मामले में रविवार को बागबाहरा पुलिस ने 14 से अधिक लीटर शराब बरामद की है। पुलिस ने बताया कि पिथौरा चौक पर रविवार शाम सवा 6 बजे दबिश देकर गणेशपारा निवासी मिथलेश सोनी (21)से 2.160 लीटर देशी प्लेन बरामद की। इसी तरह पौने 8 बजे मुनगासेर में जम्हर निवासी इंद्रजीत नायक (21) को दोपहिया क्रमांक सीजी 06 जीए 6819 से शराब परिवहन करते पकड़ा। जिनके कब्जे से 5.4 लीटर अंग्रेजी शराब और दो नग मोबाइल व नकदी 350 रुपए बरामद की।

युवक को दांत से काटा

महासमुंद। कोमाखान थाना क्षेत्र के टोंगोपानी में गाली-गलौज करने से मना करने पर युवक की पिटाई हो गई। प्रार्थी भुनेश्वर साहू (39)के मुताबिक रविवार रात पौने 9 बजे गांव के ही नरेंद्र ठाकुर गाली गलौज कर रहा था मना करने पर दांत से काट दिया। पुलिस ने नरेंद्र के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

बॉट से सिर पर वार

महासमुंद। पुरानी रंजिश पर युवक की पिटाई हो गई। सरायपाली थाना क्षेत्र के ग्राम दुर्गापाली निवासी चंद्रशेखर पटेल ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि रविवार शाम 6 बजे गांव के मनोज पटेल और अरूण पटेल ने पुरानी रंजिश पर गाली गलौज करते हुए लोहे के बॉट से सिर पर वार कर दिया व जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मनोज और अरूण के खिलाफ धारा 294, 323, 506/34 के तहत अपराध दर्ज किया है।

इन्द्रावती के पार पहली बार लगा मेगा हेल्थ शिविर

कलेक्टर संग बस्तर आईजी नदी पार ग्रामीणों के हाल-चाल जानने पहुँचे

नवप्रदेश संवाददाता

दन्तेवाड़ा। गीदम ब्लाक का धूर नक्सलप्रभावित इलाका इन्द्रावती नदी के पार बसे पाहुरनार, कौरगॉव, तुमड़ीगुंडा, करका के ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवा देने के लिए दन्तेवाड़ा जिला प्रशासन ने मेगा हेल्थ शिविर लगा ग्रामीणों का निशुल्क इलाज कर रोजमर्रा की जरूरत के सामान बांटे। हेल्थ कैम्प में लगभग 12 सौ ग्रामीणों ने इलाज करवाने पहुँचे थे।

स्कूली बच्चों को किताबे और चॉकलेट वितरण

बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने स्कूली बच्चों को किताबे और चॉकलेट के साथ ग्रामीण महिलाओं को कंबल दिया। इसके साथ ही बस्तर आईजी ने ग्रामीणों को कहा कि हम विकास के एजेंडे को लेकर आगे बढ़ रहे है। जनता का विश्वास जितना हमारी पहली प्राथमिकता है। आज के लगे कैम्प में सुरक्षा की पुख्ता इंतजाम किए गये थे। दन्तेवाड़ा से डीआरजी जवानों की पार्टी 1 दिन पहले से ही इन्द्रावती नदी के पार भेजकर एरिया डॉमिनेशन करवाया गया।

ग्रामीणों से मिले कलेक्टर और आईजी

दन्तेवाड़ा कलेक्टर टोपेश्वर वर्मा व बस्तर आईजी सुंदरराज पी भी छिंदनार के आगे इन्द्रावती नदी को डोंगी से पारकर ग्रामीणों से रूबरू होने पहुँचे थे। बड़े अधिकारियों को अपने बीच पाकर पहली बार धूर नक्सलप्रभावित इलाके के ग्रामीणों के चेहरों में खुशी नज़र आ रही थी। लगे स्वास्थ्य कैम्प कलेक्टर टोपेश्वर वर्मा ने ग्रामीणों को कहा कि आज छग सरकार के 1 वर्ष का कार्यकाल पूरा हो गया है। हम ग्रामीणों की मदद के लिए इन्द्रावती नदी में ब्रिज बनवाने का काम जल्द पूरा कर लेंगे। नदी पार के ग्रामीणों के लिए स्वास्थ्य और शिक्षा पहुँचाने के लिये हम हर संभव मदद करेंगे।

गायत्री परिवार ने दिया योगदान

प्रशासन की मदद के लिये इन्द्रावती नदी के पार गायत्री परिवार के सदस्यों ने दिया भरपूर योगदान। पूरे कार्यक्रम में गायत्री परिवार के सदस्यों ने ग्रामीणों को निःशुल्क में पानी पिलाना और ग्रामीणों की लगातार सेवा करते नजर आये। प्रशासन ने कैम्प में पहुँचे ग्रामीणों को भोजन व्यवस्था और निशुल्क में समान भी बांटे।

कांग्रेस ने रोके विकास कार्य, जनता देगी जवाब

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने गंडई एवं छुईखदान नगर पंचायत के कार्यकर्ताओं की वृहद बैठक लेकर नगर पंचायत चुनाव के संबंध में बैठक ली, एवं उपस्थित कार्यकर्ताओं से आव्हान किया कि इस चुनाव में छत्तीसगढ़ के विकास को अवरुद्ध करने वाली कांग्रेस को मजा चखाने का प्रत्येक कार्यकर्ता संकल्प लें। मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार कल दोपहर 2 बजे पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने गंडई एवं छुईखदान का दौरा कर जनता से भेंट की एवं नगर पंचायत चुनाव में कांग्रेस द्वारा झूठे वायदे एवं किसानों को बरगलाने का आरोप लगाते हुए चुनाव में सबक सिखाने का आह्वान किया।

अभिषेक सिंह ने कहा कि गत विधानसभा में हर वर्ग को बड़े-बड़े वायदे कर सत्ता में आई कांग्रेस ने सभी क्षेत्र में भाजपा द्वारा हो रहे विकास कार्यों को रोककर छत्तीसगढ़ की विकास गति को अवरुद्ध करने का कार्य किया है। आज जिस तेजी से भाजपा के 15 वर्षो के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ प्रगति कर रहा था, सभी और खुशहाली थी वह महज कांग्रेस के एक वर्ष के कार्यकाल में अवरुद्ध हो गई है। विकास के हर क्षेत्र में ग्रहण लगा हुआ है। रेती एवं खदानों की स्थिति से सभी परिचित हैंए हर जगह भूपेश टैक्स लग रहा है। जनता त्रस्त है और शराबबंदी की बात करने वाली कांग्रेस आज तक नीति की समीक्षा कर रही है। श्री सिंह ने कहा कि कांग्रेस की पोल खुल चुकी है और जनता भलीभांति जानती है कि सरकार में आने के लिए कांग्रेस के नेताओं ने गंगाजल लेकर बड़ी.बड़ी कसमें खाई परंतु सत्ता प्राप्त करते ही वह जनता के विरोध में कृत्य करने लगे। श्री सिंह ने कहा कि कांग्रेस के मंत्री वोट न देने पर विकास कार्य अवरुद्ध करने की सार्वजनिक रूप से धमकी भी दे रहे हैं उन्होंने कहा कि ऐसी पार्टी को प्रजातांत्रिक ढंग से सबक आ गया है।

कृषि साख समिति हटौद से 9 कट्ठा धान ले उड़े, आरोपी गिरफ्तार

नवप्रदेश संवाददाता

कसडोल। प्रार्थी गोपाल प्रसाद पटेल पिता सीताराम पटेल उम्र 56 साल प्रबंधक प्राथमिक कृषि साख समिति हटौद के द्वारा दिनांक 13 दिसंबर 2019 को धान खरीदी केंद्र हटौद में बारिश के पूर्वानुमान से धान के स्टाफको तालपत्री से ढकने के दौरान फड़ के स्टॉक से धान के कट्टे की छलनी में 9 कट्ठा धान नहीं होने की जानकारी होने पर समिति के सदस्यों द्वारा दुकानदारों को कोई व्यक्ति धान बेचने आया तो सूचना देने को कहा गया था। धान को चोरी कर ले जाने प्रार्थी की रिपोर्ट पर दिनांक 14 दिसंबर 2019 को थाना कसडोल में अपराध क्रमांक 915/19 धारा 370, 34 भादवी का कायम कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक महोदय के द्वारा क्षेत्र में चोरी की घटनाओं के रोकथाम एवं अंकुश लगाने के लिए निर्देश प्राप्त हुआ है। पुलिस अधीक्षक महोदय जिला बलौदा बाजार भाटापारा श्रीमती नीतू कमल के निर्देशन एवं जे.आर. ठाकुर निवेदिता पाल एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बलोदा बाजार राजेश जोशी, एसडीओपी बलौदाबाजार के निर्देशन एवं मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी कसडोल निरीक्षक दिनबंधु के नेतृत्व में दिनांक 17 दिसंबर 2019 को सहायक उपनिरीक्षक बी.के. वर्मा हमराह आरक्षक 358, भरत सेठ, 370 भूपेंद्र गुप्ता, 597 मिलन साहू के अपराध विवेचना दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई।

मुर्गी पालन केंद्र में फैला संक्रमण, सैकड़ों मुर्गियों व बटेर की मौत

नवप्रदेश संवाददाता

बैकुंठपुर। शासकीय कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र बैकुंठपुर में सप्ताह भर से मुर्गियों के मरने का दौर जारी है जिसमे अब तक बटेर और मुर्गी मिलाकर लगभग सैकड़ो की संख्या में मरने की बात सामने आ रही है।अचानक फैले संक्रमण से इतनी तादाद में मुर्गियों की मौत के पीछे का कारण अब तक समझ मे नही आया है और न ही रोकथाम के लिए प्रबन्धन के पास कोई ठोस इलाज है वही हेचरी प्रबंधन का कहना है कि हेचरी में मौत होना स्वाभाविक है जिस बयान को लेकर जिले में यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

वही उच्च अधिकारी मीटिंग का हवाला देकर रिकार्ड देखने के पश्चात ही कुछ भी कहने की बात कह रहे । जानकारी के अनुसार हेचरी प्रबंधन बैकुंठपुर द्वारा मुर्गियों व बटेर के मरने का वास्तविक कारण जानने जबलपुर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए भेजा गया था जिसकी रिपोर्ट भी आ चुकी लेकिन मौत का कारण स्पष्ट नही हो सका है जिसके बाद उत्तरप्रदेश के बरेली जांच के लिए भेजा गया है जहां से रिपोर्ट अभी तक नही आई है।लगातार इतनी बड़ी तादात में मुर्गियों के मरने से विभाग में हड़कंप मचा हुआ है वही मरी हुई मुर्गियों व बटेर को हेचरी के पीछे मिट्टी खोद कर दफ्नाने से आसपास भी संक्रमण फैलने का भय बना हुआ है।

कहीं कुक्कुट आहार तो नही बना मुर्गियों के मौत का कारण

शहर के मध्य स्थित मुर्गी पालन केंद्र में अचानक फैले संक्रमण से सैकड़ो मुर्गियों व बटेर की मौत को लेकर आमजन में तरह तरह की चर्चाए हो रही है आपको बता दे कि कुछ माह पहले लोकल फ़र्म से विभाग को कुक्कट आहार की सप्लाई की गई थी,जिसको वापस करने विभाग ने फर्म को पत्र जारी दिया पर अभी तक आधे से ज्यादा कुक्कुट आहार इनके गोदाम में ही मौजूद है,इससे यह आशंका जताई जा रही है कि हेचरी प्रबंधन कही उस कुक्कुट आहार को खपाने के जुगाड़ में तो नही था वही क्या कारण है कि अब तक इस मामले में उच्च अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं वही किस आधार पर बिना रेपर व मार्का के सादे बोरे के पैकिंग में यहाँ सामग्री मंगा कर रखा गया है जो कि किसके आदेश से यहाँ रखा गया है यह जांच का विषय है जो कि जांच के पश्चात ही स्पष्ट हो पायेगा।

इनका कहना है

कुछ मुर्गी व बटेर की मौत हुई हैं जिसका पीएम रिपोर्ट आने के पश्चात ही मौत की स्तिथि स्पष्ट हो पायेगा कुक्कट आहार से मौत नही हुई है कुछ लोगो द्वारा गलत अफ्वाह फैलाया जा रहा।

महेन्द्र बहादुर सिंह, प्रभारी शासकीय हेचरी बैकुंठपुर

कांग्रेस प्रत्याशियों ने झोकी ताकत, मतदान करने अपील

भाटापारा। प्रदेश कांग्रेस सचिव सुशील शर्मा आज नगरीय निकाय चुनाव में वार्ड क्रमांक 1 से लेकर 7 वार्डो का सघन दौरा कर कांग्रेस प्रत्याशियों के साथ घर घर सतत जन सम्पर्क कर कांग्रेस को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की आवाज पर जिताने की अपील कर उनके गड़बो नवा छत्तीसगढ़ के सुनहरे भविष्य को पूरा करने बात ब्लॉक अध्यक्ष विनोद अग्रवाल,प्रदेश प्रतिनिधि सतीश अग्रवाल, पूर्व न पा अध्यक्ष बसंत भृगु,जिला सचिव,सचिन शर्मा,प्रभारी महामंत्री प्रशांत गांधी, पूर्व पार्षद गोविंद सोनी ,संतोष सोनी, नारायण साहू, वैभव केसरवानी, अशोक धुरुव ने कही, जनप्रिय नेता सुशील शर्मा ने कहा कि आपने इस राज्य की बागडोर एक किसान पुत्र के हाथों में देकर छत्तीसगढ़ को नया छत्तीसगढ़ बनाने की जिम्मेदारी दी हैं, आज आप सभी छत्तीसगढ़िया एक साथ मिलकर छत्तीसगढ़िया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के हाथों को मजबूत करें मैं आपको विस्वाश दिलाता हूं कि पूरे 4 साथ के अंदर आपका भाटापारा विधान सभा सहित नगर भी एक नया स्वरूप में आपको नजर आयेगा क्योंकि मेरा मानना है की भूपेश हैं तो विस्वाश है।

नगर को विगत 15 सालो से दीमक की तरह चूसने वाले,लगातार भरस्टाचार कर अवैध धन सम्पति कमाने वाले,नगर पालिका को नरक पालिका बनाने वालों को अब सबक सिखाने का समय आ चुका है,जागो मेरे छत्तीसगढ़िया भाइयो और बहनों अपनी आवाज को पूरे नगर सहित देश मे पहुचाने के लिये भूपेश बघेल की आवाज में अपनी आवाज मिलाकर एक नवा छत्तीसगढ़ बनाने के लिये आगे आये और कांग्रेस के प्रत्याशियों को पंजा छाप में मोहर लगाकर विजयी बनाये। जन सम्पर्क में आज श्यामा प्रसाद मुखर्जी,हथनी पारा, सुभाष ,ईष्वरी प्रसाद,शक्ति,के के वार्डो में निरंतर जन संपर्क सभी वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने किया।

अज्ञात दिव्यांग बालक बरामद

महासमुंद । जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने बताया कि 10 दिसम्बर 2019 रेल्वे स्टेशन बागबाहरा जिला महासमुन्द (छ.ग.) से अज्ञात दिव्यांग बालक रेसक्यू किया गया है, उसका नाम अज्ञात है, उसकी उम्र लगभग 10 वर्ष, पिता-माता का नाम अज्ञात है की बरामदगी की गई है। वर्तमान में उक्त बालक को शासकीय बहु विकलांग गृह माना कैम्प रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.) में रखा गया है। किसी भी सज्जन को इस बालक के बारे में कोई भी जानकारी हो तो जिला बाल संरक्षण अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग जिला महासमुन्द तथा कार्यालय बाल कल्याण समिति जिला महासमुन्द पुराना तहसील परिसर रोजगार कार्यालय के सामने महासमुन्द में संपर्क कर सकते है। संपर्क के लिए 9425374498, 9039185071, 9926944445 मोबाईल नम्बर नियत है।

किराना व अंडा दुकान से नकदी चोरी

महासमुंद। पिथौरा थाना क्षेत्र में चोर सक्रिय है। एक बार फिर अज्ञात चोरों ने पिथौरा के शारदा चौक स्थित किराना दुकान और लाखागढ़ अंडा दुकान से करीब 15 सौ रूपए की चोरी की है। घटना सोमवार-मंगलवार रात की है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक रावणभाठा स्थित शारदा चौक के निषाद किराना दुकान से करीब पांच सौ रूपए के सिक्के और दो पैकेट सिगरेट जबकि लाखागढ़ स्थित अंडा दुकान से कुल 1 हजार रूपए नकदी चोरी की है।

नवोदय परीक्षा के लिए प्री टेस्ट का आयोजन

साजा। ब्लाक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केहका में 15 दिसंबर को जवाहर नवोदय विद्यालय हेतु प्री टेस्ट परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास व अंचल से जिला बेमेतरा, कवर्धा, राजनांदगांव के देवरबीजा, खाती, कारेसरा, छुईखदान, खैरागढ़ के लगभग 300 बच्चे उत्साह पूर्वक भाग लिए। परीक्षा का आयोजन प्रातः 11 से 1 बजे के बीच रखा गया था। इस आयोजन में मुख्य रूप से सहयोग रामदास साहू, डोगेंद्र वर्मा, मुकेश वर्मा, देवराम साहू, लोकेश साहू, भीषण वर्मा, दिनेश वर्मा, धनेश रजक, झुलुराम रजक, विशेषण नेताम, चन्द्रविजय, भागवत जंघेल, कोमल सिन्हा, बिशेषवर साहू, भूपेंद्र सिन्हा, मूलचंद का विशेष सहयोग रहा। विशेष बात यह रहा की लक्ष्य संयोजक छत्तीसगढ़ लोधी समाज के चैनदास जंघेल एवं वीरेंद्र वर्मा का आगमन हुआ।

एवं बच्चों को सामान्य ज्ञान की पुस्तक एवं अन्य भेंट प्रदान किया और बच्चों को शुभकामनाएं दी। आयोजक की तरफ से शासकीय उत्तर माध्यमिक विद्यालय केहका के प्रिंसिपल कमलेशश गायकवाड को सहयोग प्रदान के लिए सादर धन्यवाद एवं परीक्षा में सम्मिलित बच्चे को बहुत बहुत बधाई दिया।

न्यूज गैलरी

आर्थिक तंगी: आयरलैंड ने रद्द की अफगानिस्तान से टी20 सीरीज

डबलिन ए.। पैसे की कमी से जूझ रहे आयरलैंड क्रिकेट बोर्ड ने 2020 के भविष्य दौरा कार्यक्रम (एफ्टीपी) में बदलाव करते हुए अफ्गानिस्तान के खिलाफ पांच मैचों की घरेलू टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज को रद्द कर दिया है जबकि बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट मैच को टी20 अंतरराष्ट्रीय में बदल दिया। आयरलैंड को अफ्गानिस्तान के साथ जून 2017 में टेस्ट खेलने का अधिकार मिला था। क्रिकेट आयरलैंड के मुख्य कार्यकारी वारेन डेट्रोम ने कहा कि बोर्ड की वित्तीय स्थिति में उतना सुधार नहीं हुआ है, जितना कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के पूर्ण सदस्य बनने के बाद उम्मीद थी। डेट्रोम ने कहा, 'हम टेस्ट क्रिकेट के लिए अपने दृष्टिकोण में बहुत सावधानी बरत रहे हैं और यह समझते हैं कि यह खेल के लंबे फॉर्मेट में एक प्रतिस्पर्धी टीम बनाने के लिए दीर्घकालिक योजना चाहिए। हमें नियमित रूप से टेस्ट खेलने से पहले खुद को आर्थिक रूप से निर्भर बनाने के लिए बुनियादी ढांचे में महत्वपूर्ण निवेश की जरूरत है।

डि विलियर्स को टीम में वापस चाहते हैं प्लेसिस

पार्ल ए.। स्टार बल्लेबाज एबी डि विलियर्स फिर से साउथ अफ्रीकी टीम के लिए खेलते नजर आ सकते है। अक्टूबर 2020 से टी20 वर्ल्ड कप शुरू होनेवाला है। इससे पहले साउथ अफ्रीका का टीम मैनेजमेंट डि विलियर्स को वापस लाने की कोशिशों में जुट गया है। टीम के कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने खुद इसकी जानकारी दी। बता दें कि डि विलियर्स इंटरनैशनल क्रिकेट से रिटायरमेंट ले चुके हैं।

टीम इंडिया को सीरीज बचाने की चुनौती

सीरीज का दूसरा मैच आज, भारतीय गेंदबाज़ों को दिखाना होगा दम, टीम इंडिया का टॉप ऑर्डर पहली मैच में था फ्लॉप

विशाखापत्तनम, (वार्ता)। विराट कोहली की कप्तानी वाली भारतीय क्रिकेट टीम को वेस्टइंडीज़ के खिलाफ अपनी वनडे सीरीज़ बचाने के लिये बुधवार को यहां दूसरे मुकाबले में अपने गेंदबाज़ी संयोजन में व्यापक सुधार करने होंगे।

भारत को चेन्नई में खेले गये पहले वनडे में विंडीज़ के हाथों आठ विकेट से करारी शिकस्त मिली थी। भारतीय टीम ने मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुये 287 रन का मजबूत स्कोर बनाया था लेकिन भारतीय गेंदबाज़ इस स्कोर का बचाव नहीं कर सके थे और विंडीज़ ने 13 गेंदें शेष रहते ही 291 रन बनाकर मैच जीत लिया। विंडीज़ टीम के लिये 22 साल के शिमरोन हेत्माएर जैसे युवा बल्लेबाज़ ने अनुभवी भारतीय गेंदबाज़ों को हर दिशा में शॉट्स खेलकर परेशान किया और 139 रन की शतकीय पारी खेली जिसमें 11 चौके और 7 छक्के शामिल थे। वहीं शाई होप ने नाबाद 102 रन की पारी खेली। दूसरी ओर भारतीय गेंदबाज़ों ने काफी निराश किया और महंगे साबित हुये। शिवम दुबे ने 7.5 ओवर में 68 रन की सबसे महंगी गेंदबाजी की और कोई विकेट नहीं निकाल सके। लेफ्ट आर्म स्पिनर रवींद्र जडेजा 10 ओवर में 58 रन देकर कोई विकेट नहीं ले सके तथा चाइनामैन कुलदीप यादव को भी 45 रन पर कोई विकेट नहीं मिला। भारतीय क्रिकेट टीम को ट्वंटी 20 सीरीज़ में भी वेस्टइंडीज़ से काफी चुनौती मिली थी, वहीं वनडे सीरीज़ में भी मेहमान टीम ने शानदार शुरूआत की है और 1-0 से बढ़त बना चुकी है। खुद कप्तान विराट ने भी पहले वनडे के बाद विंडीज़ के बल्लेबाज़ों की तारीफ की थी और माना था कि गेंदबाज़ों को उन्होंने हर क्षेत्र में हिट किया। चेन्नई की पिच जहां धीमी थी वहीं एसीए-वीडीसीए स्टेडियम में बड़े स्कोर का अनुमान है जहां बल्लेबाज़ों के लिये यह अधिक मददगार रह सकता है, ऐसे में भारतीय गेंदबाजी विभाग में पांचवें विशेषज्ञ गेंदबाजी विकल्प को जगह दी जा सकती है। कैरेबियाई बल्लेबाज़ आमतौर पर भारतीय मैदानों पर आक्रामकता के साथ खेलने में सक्षम रहते हैं इसलिये गेंदबाज़ों के प्रदर्शन पर काफी कुछ निर्भर करेगा। वेस्टइंडीज़ के शतकधारी होप और हेत्माएर ने पिछले मैच में तेज़ गेंदबाज़ों को भी सहजता के साथ खेला था। भारत यदि विशाखापत्तनम में पांचवां विशेषज्ञ गेंदबाज़ उतारता है तो तेज़ गेंदबाज़ शार्दुल ठाकुर या लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल को मौका मिल सकता है।

बुमराह ने पुराने ऐक्शन में बोलिंग की, पृथ्वी ने ट्रेनर के साथ की प्रैक्टिस

जसप्रीत बुमराह ने भारतीय टीम के वैकल्पिक अभ्यास सत्र में पुराने ऐक्शन के साथ गेंदबाजी की, जबकि पृथ्वी साव ने ट्रेनर निक वेब के साथ अभ्यास किया। लेकिन वह पूरी तरह फिट नजर नहीं आए। बुमराह स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण बाहर हैं लेकिन अगले साल न्यू जीलैंड दौरे के लिए उनके फिट होने की उम्मीद है। वहीं साव डोपिंग के कारण 8 महीने का प्रतिबंध झेलने के बाद घरेलू क्रिकेट में मुंबई के लिए शानदार वापसी कर चुके हैं। भारतीय टीम प्रबंधन उनके फिटनेस स्तर की समीक्षा से पहले दोनों से बात करेगा। बुमराह को अभ्यास के दौरान भारतीय टीम की जर्सी दी गई। उन्होंने करीब एक घंटे तक ऋषभ पंत, मनीष पांडे और मयंक अग्रवाल को गेंदबाजी की। अभ्यास के दौरान विराट कोहली, रोहित शर्मा और केएल राहुल नजर नहीं आए। कोच रवि शास्त्री और राष्ट्रीय चयनकर्ता देवांग गांधी की निगरानी में हुए अभ्यास सत्र में बुमराह बिल्कुल सहज नजर आए। दूसरी ओर सादी टीशर्ट पहनकर खेल रहे साव ने ट्रेनर वेब से लंबी बातचीत की।

आईपीएल नीलामी पर ध्यान नहीं : शाई होप

रोहित-कोहली को पछाड़ना है लक्ष्य

विशाखापत्तनम ए.। वेस्ट इंडीज के सलामी बल्लेबाज शाई होप को यकीन है कि भारत के खिलाफ बुधवार को दूसरे वनडे के दौरान उनके कुछ साथी खिलाड़ियों की नजरें आईपीएल नीलामी पर हैं लेकिन उनका लक्ष्य कुछ और ही है। होप ने मंगलवार को कहा कि उनका लक्ष्य 2019 में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में विराट कोहली और रोहित शर्मा को पछाड़ना है। होप से आईपीएल नीलामी पर भी सवाल पूछा गया जिसका जवाब उन्होंने ना में दिया। आईपीएल-2020 के लिए खिलाड़ियों की नीलामी गुरुवार को होगी। सीरीज के पहले वनडे के शतकवीर होप ने कहा, 'मुझे यकीन है कि कुछ खिलाड़ियों का ध्यान आईपीएल नीलामी पर होगा लेकिन मेरे लिए यह गौण है। हम यहां भारत के खिलाफ सीरीज खेलने आए हैं और वही प्राथमिकता है। होप इस साल वनडे क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वालों की सूची में विराट कोहली (1292) और रोहित शर्मा (1268) के बाद तीसरे स्थान पर हैं। होप के नाम 1225 रन हैं।

भारत दौरा: लाबुशाने टीम में शामिल

मेलबर्न ए.। फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज मार्नस लाबुशाने को भारत दौरे के लिए ऑस्ट्रेलियाई एकदिवसीय टीम में शामिल किया गया है। लाबुशाने ने पिछले साल टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करके 58.05 की औसत से रन बनाए। उन्होंने अपने पिछले तीन मैचों में शतक जड़ा। हरफनमौला सीन एबोट की पांच साल बाद टीम में वापसी हुई है। तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड और स्पिनर एश्टन एगर भी टीम में लौटे हैं। ग्लेन मैक्सवेल, उस्मान ख्वाजा, शॉन मार्श और नाथन लॉयन टीम में नहीं है। ऑस्ट्रेलियाई स्टार जोड़ी स्टीव स्मिथ और डेविड वॉर्नर टीम में हैं। पहला वनडे मुंबई में 14 जनवरी को, दूसरा राजकोट में 17 जनवरी और तीसरा बेंगलुरू में 19 जनवरी को खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य चयनकर्ता ट्रेवर होंस ने कहा, 'हमें यकीन है कि मार्नस लाबुशाने भारत में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। हमारी वनडे टीम का प्रदर्शन अच्छा रहा है और टी20 विश्व कप की तैयारी के लिए यह सीरीज अहम है।' मुख्य कोच जस्टिन लैंगर भारत नहीं जाएंगे।

मंधाना आईसीसी की वनडे, टी-20 टीम ऑफद ईयर में शामिल

नयी दिल्ली, (वार्ता)। भारतीय महिला टीम की ओपनर स्मृति मंधाना को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को घोषित अपनी वर्ष की सर्वश्रेष्ठ वनडे और ट्वंटी 20 टीम में शामिल किया है।

मंधाना के अलावा भारतीय महिला टीम की अन्य खिलाड़ियों में झूलन गोस्वामी, पूनम यादव और शिखा पांडे को भी आईसीसी की वर्ष की सर्वश्रेष्ठ टीम में जगह मिली है। वहीं सर्वश्रेष्ठ ट्वंटी 20 अंतरराष्ट्रीय टीम में ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने जगह बनाई है। मंधाना को उनके वर्ष के शानदार प्रदर्शन की बदौलत वनडे और टी-20 दोनों टीमों में जगह मिली है। 23 साल की मंधाना ने भारतीय टीम की ओर से 51 वनडे, 66 ट्वंटी 20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के अलावा कुछ टेस्ट मैचों में भी हिस्सा लिया है। उनके नाम वनडे और टी-20 दोनों प्रारूपों में 3476 रन दर्ज हैं।

आस्ट्रेलिया की एलिसा हिली को आईसीसी ने वर्ष की सर्वश्रेष्ठ ट्वंटी 20 क्रिकेटर चुना है, जिन्होंने इस वर्ष श्रीलंका के खिलाफ अपनी रिकार्डतोड़ 148 रन की शतकीय पारी खेली थी।

वर्ष की सर्वश्रेष्ठ वनडे क्रिकेटर का सम्मान भी आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी को मिला है, जो एलिसे पेरी ने अपने नाम किया है। इस वर्ष पेरी ने 73.50 के औसत से 441 रन बनाये और 13.52 के औसत से 21 विकेट निकाले। पेरी को साथ ही सभी प्रारूपों की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी होने के नाते रेचेल हेहोए फ्लिंट अवार्ड से भी नवाज़ा गया। इसके अलावा आस्ट्रेलिया की ही मेग लैनिंग को आईसीसी ने वनडे और टी-20 दोनों प्रारूपों में अपना कप्तान चुना है। वर्ष की सर्वश्रेष्ठ उभरती हुई खिलाड़ी का अवार्ड थाईलैंड की चानिंडा सुथिरूआंग को मिला। 26 साल की तेज़ गेंदबाज़ ने आईसीसी महिला टी-20 विश्वकप क्वालिफायर में 12 विकेट निकाले थे।

दीपक बने 'जूनियर फ्रीस्टाइल रेसलर ऑफद ईयर'

नयी दिल्ली, (वार्ता)। विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता भारतीय पुरुष पहलवान दीपक पुनिया ने अपने नाम एक और उपलब्धि जोड़ ली है। यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) ने दीपक को 'जूनियर फ्रीस्टाइल रेसलर ऑफद ईयर' चुना है। जूनियर से सीनियर वर्ग में शिफ्ट हुए पुनिया ने जूनियर विश्व चैंपियनशिप में 86 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर भारत के 18 वर्षों के सूखे को समाप्त किया था। इसके अलावा उन्होंने इस साल सीनियर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में भी अपने पदार्पण में 86 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता था और देश को टोक्यो ओलम्पिक का कोटा दिलाया था। पुनिया ने इस सम्मान पर कहा, मैं बहुत खुशी महसूस कर रहा हूं। दुनिया भर के पहलवानों के बीच से चुना जाना मेरे लिए यह बहुत सम्मान की बात है। अपने प्रदर्शन में सुधार करने और अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए यह मेरे लिए प्रेरणा का बड़ा स्रोत है।

कोलंबिया मैच रद्द होने के बाद काफी परेशान था

बोगोता, (वार्ता)। दिग्गज टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर ने कहा है कि गत माह कोलंबिया में एलेक्सांद्र ज्वेरेव के खिलाफप्रदर्शनी मैच रद्द होने के बाद वह मानसिक रूप से काफी परेशान थे। फेडरर और जर्मन खिलाड़ी ज्वेरेव के बीच बोगोता के मोवीस्टार एरेना में आयोजित प्रदर्शनी मैच शुरू होने से चंद मिनट पहले ही हिंसा के मद्देनज़र रद्द कर दिया गया था। इससे पहले ही शहर के मेयर एनरिक पेनालोसा ने दंगे और सरकार विरोधी प्रदर्शनों को रोकने के लिये कर्फ्यू में ढील दे दी थी। फेडरर ने कहा,卐 हम अभ्यास करने गये थे और कोर्ट पर मज़ा कर रहे थे, लेकिन फिर अचानक सब बदल गया। मैं सोच रहा था कि क्या यह स्थिति ठीक है, क्योंकि लोगों को अपने अपने घर लौटना होगा और सच कहूं तो जब मुझे यह पता चला कि हमें नहीं खेलना है तो मैं काफी दबाव में था। स्विस खिलाड़ी ने कहा,卐 मैं काफी परेशान हो गया था। जैसा मैने सोचा था यह वह मैच नहीं था। मैं जब लॉकर रूम वापिस आया तो मैं काफी भावुक हो गया था।卐 20 बार के ग्रैंड स्लेम चैंपियन ने कोलंबिया में केवल एक ही मैच खेला है। वर्ष 2012 में उन्होंने बोगोता में जो विलफ्रेड सोंगा से एक प्रदर्शनी मैच खेला था।

2020 तोक्यो ओलंपिक भारतीय पुरुष हॉकी टीम 25 जुलाई को न्यूजीलैंड के खिलाफअपने अभियान की शुरुआत करेगी

न्यूजीलैंड, हॉलैंड के खिलाफ खाता खोलेंगी भारतीय टीमें

लुसाने, (वार्ता)। जापान में अगले वर्ष होने वाले टोक्यो ओलंपिक-2020 में भारतीय पुरूष हॉकी टीम न्यूजीलैंड तथा महिला टीम हॉलैंड के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेंगी।

स्विटजरलैंड के लुसाने में मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ(एफआईएच) के कार्यकारी बोर्ड सदस्य तथा अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ओलंपिक सद्भावना आयोग के सदस्य तैयब इकरम, टोक्यो 2020 खेल निदेशक कोजी मुरोफुशी, जापान महिला हॉकी राष्ट्रीय टीम की खिलाड़ी शिहोरी ओइकावा तथा पुरूष हॉकी टीम के खिलाड़ी सेरेन तनाका की उपस्थिति में हॉकी मैचों के कार्यक्रम की घोषणा की गयी।

टोक्यो ओलंपिक में पुरूष प्रारूप में मेज़बान जापान और एफआईएच रैंकिंग में नंबर वन आस्ट्रेलिया की टीमें उद्घाटन मैच खेलने उतरेंगी। महिला प्रारूप में पहला मुकाबला नंबर वन टीम हॉलैंड और भारत के बीच होगा। महिला और पुरूष टीमों के गोल्ड मेडल मैच 6 और 7 अगस्त को खेले जाएंगे। हॉकी के सभी मुकाबले जापान की राजधानी टोक्यो के नवनिर्मित ओई हॉकी स्टेडियम में खेले जाएंगे। टूर्नामेंट में भारतीय पुरूष हॉकी टीम पहले दिन 25 जुलाई को न्यूजीलैंड, 26 जुलाई को आस्ट्रेलिया, 28 जुलाई को स्पेन, 30 जुलाई को अर्जेंटीना, 31 जुलाई को जापान से मुकाबले खेलने उतरेगी। पुरूष वर्ग के क्वार्टरफाइनल मुकाबले 2 अगस्त तथा सेमीफाइनल 4 अगस्त को खेले जाएंगे। 6 अगस्त को कांस्य और स्वर्ण पदक मुकाबले खेले जाएंगे।

महिला वर्ग में भारतीय टीम 25 जुलाई को हॉलैंड से अभियान की शुरूआत करेगी जो उनके वर्ग का उद्घाटन मैच भी होगा। इसके बाद 27 जुलाई को जर्मनी, 29 जुलाई को ब्रिटेन, 30 जुलाई को आयरलैंड, 1 अगस्त को दक्षिण अफ्रीका से मुकाबले खेलेगी। महिलाओं के क्वार्टरफाइनल मुकाबले 3 अगस्त और सेमीफाइनल 5 अगस्त को खेले जाएंगे। उनका कांस्य और स्वर्ण पदक मुकाबला 7 अगस्त को होगा।

सफा में पहुंचने वाली पहली टीम बनी बॉम्बे बुलेट्स

नयी दिल्ली, (वार्ता)। बॉम्बे बुलेट्स बिग बाउट इंडियन बॉक्सिंग लीग के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई है। बुलेट्स ने ओडिशा वॉरियर्स के खिलाफसोमावार रात1-3 से पिछड़ने के बावजूद शानदार वापसी की और 4-3 की जीत के साथ अंतिम-4 में स्थान सुरक्षित कर लिया। इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम काम्पलेक्स के केडी जाधव हाल में हासिल इस जीत के साथ बॉम्बे बेलुट्स टीम कुल 18 अंकों के साथ सेमीफाइनल में पहुंच गई है। बिग बाउट में पदार्पण कर रहे रोहित ने बुलेट्स के लिए दिन का पहला अंक बनाया।

रोहित ने प्रमोद कुमार को हराया जबकि कविंदर सिंह बिष्ट (57 किग्रा), कप्तान इनग्रिट लोरेना वालेंसिया (51 किग्रा) और नवीन बूरा (69 किग्रा) ने बाकी के मैच जीतते हुए न सिर्फ अपनी टीम की शानदार वापसी कराई बल्कि उसे सेमीफाइनल का टिकट भी दिला दिया। दिन की शुरुआत ओडिशा वॉरियर्स की जीत के साथ हुई। इस टीम ने जैसमीन पर भरोसा किया और जैसमीन ने उसे विजयी शुरुआत दिलाई।

जैसमीन ने बुलेट्स की प्रिया कुश्वाहा को 5-0 से हराया। जैसमीन ने अपने हिस्से के सभी तीन मुकाबले जीते हैं। जैसमीन की प्रतिभा को देखते हुए गुजरात जाएंट्स और नार्थईस्ट राइनोज ने जैसमीन को ब्लाक कर दिया था।

गुरुघासीदास बाबा जयंती के पावन अवसर
(गुरू पर्व) पर समस्त प्रदेशवासियों को गाड़ा-गाड़ा बधाई...
जीवेत शरदः शतम्
18 दिसम्बर
सतनामी समाज के आन,बान,शान
एवं प्रदेश के नगरीय निकाय
मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया (मामा) जी
के 18 दिसम्बर को जन्मदिन के अवसर पर
गाड़ा-गाड़ा बधाई...
तमन्ना करते हो आप जिन खुशियों की,
वह खुशियां आपके कदमों मे हो,
ईश्वर आपको वह सब हकीकत में दे,
जो सोचा आपने सपनों मे हो...
मा. डॉ. शिवकुमार डहरिया
नगरीय निकाय मंत्री
गौरव चन्द्राकर
अध्यक्ष
जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर, ग्रामीण अन्य पिछड़ा वर्ग विभाग
उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण
सुनील बांदे
प्रदेश संयोजक छ.ग.
कांग्रेस कमेटी